चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 13 अप्रैल 2024
वर्ष 34, अंक 76, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सैनिक के कटे हाथ को जोड़ने में मिली सफलता 16

भोजपुरी फिल्म 'डंस' की शूटिंग मुम्बई में जारी 15

लखनऊ : दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज शाई होप और ट्रिस्टन स्टब्स जीत के बाद खुश नजर आए। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में हुए आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को छह विकेट से हराया। अमृत विचार

18 को आ सकता है परीक्षा परिणाम

अमृत विचार, लखनऊः यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का परीक्षाफल 18 अप्रैल को जारी हो सकता है। इस संबंध में शुक्रवार को भारती न्यास के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में परिषद समिति की बैठक हुई। जितेन्द्र ने बताया कि परीक्षा फल 18 अप्रैल 2024 को शासन व चुनाव आयोग की अनुमति के बाद घोषित करने का निर्णय हुआ है। अब 20 अंकों तक क्रमांक दिया जाएगा। निदेशक धर्मेंद्र देव, सचिव शिवलाल, प्राचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद शर्मा, उप निदेशक सीएल चौरसिया, संस्कृत पाठशाला के उप निरीक्षक लोकेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

के. कविता 15 तक सीबीआई की हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शुक्रवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले के मामले में 15 अप्रैल तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सीबीआई और कविता के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश जारी किया। सीबीआई ने कविता (46) को तिहाड़ जेल में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था, जहां उन्हें कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में

आबकारी घोटाला

ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद रखा गया है। सीबीआई ने कविता को आईपीसी की धारा 120-बी के साथ धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (लोक सेवक को रिश्वत देने के आरोप में) के तहत गिरफ्तार किया।

इजराइल और ईरान न जाएं भारतीय

नई दिल्ली/तेल अवीव, एजेंसी

- सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव पर केंद्र सरकार ने दी सलाह

सीरिया में 11 दिन पहले ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से ईरान और इजराइल की यात्रा नहीं करने को कहा।

अब और भारतीयों को काम के लिए इजराइल जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इससे पहले 64 भारतीय श्रमिकों का जत्था महीने की शुरुआत में इजराइल रवाना हुआ था और भारत से 6,000 से अधिक श्रमिकों को अप्रैल और मई में इजराइल जाना था। दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और तेल अवीव से इस तरह की खबरें हैं कि इजराइली बल किसी अप्रिय स्थिति से निपटने की तैयारी कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक परामर्श में ईरान और इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सलाह दी है कि अपनी सुरक्षा के बारे में सतर्कता बरतें। उसने कहा कि मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भारतीयों को सलाह दी जाती है कि अगले नोटिस तक ईरान या इजराइल की यात्रा नहीं करें। जो ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और पंजीकरण कराएं। कुछ देर बाद इजराइल में भारतीय दूतावास ने भारतीयों से कहा कि अनावश्यक यात्रा से बचें। साथ ही अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है। उसने कहा कि दूतावास इजराइल के अधिकारियों के साथ संपर्क में है ताकि हमारे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दूतावास ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराने वाले अपने नागरिकों से दिए गए लिंक पर इस प्रक्रिया को पूरी करने को कहा है।

एक नजर

नामांकन को मनमाने तरीके से रद करने पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को रद करने में निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) द्वारा विवेकाधिकार के मनमाने प्रयोग पर रोक लगाने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 36 में चुनाव के दौरान आरओ द्वारा नामांकन पत्रों की जांच किए जाने का प्रावधान है और इस अधिनियम की उपधारा चार में कहा गया है कि आरओ किसी नामांकन पत्र को किसी ऐसी त्रुटि के आधार पर रद नहीं करेगा जो गंभीर प्रकृति का नहीं हो। बिहार की बांका सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र आरओ द्वारा खारिज किये जाने के बाद जवाहर कुमार झा ने शीर्ष अदालत का रुख किया और नामांकन पत्र को खारिज किये जाने को चुनौती दी।

शिक्षक भर्ती घोटालों में 365 की संपत्ति कुर्क : ईडी

नई दिल्ली। ईडी ने कहा कि उसने पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं से जुड़ी दो अलग-अलग धनशोधन जांच के तहत अब तक 365 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने कहा कि उसने राज्य में सहायक शिक्षक भर्ती 'घोटाले' के सिलसिले में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के एक पूर्व सलाहकार और एक कथित बिचौलिए की 230 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त करने के लिए धन शोधन रोधी कानून के तहत एक नवीनतम आदेश जारी किया है।

15 को जेल में केजरीवाल से मिलेंगे मुख्यमंत्री मान

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 15 अप्रैल को तिहाड़ जेल में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे। जेल अधिकारियों ने बताया कि दोपहर बाद कड़ी सुरक्षा में 'मुलाकात जंगला' में यह मुलाकात होगी, क्योंकि मान को जेड प्लस सुरक्षा मिली है। गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल से सुनीता और उनके पूर्व निजी सचिव बिभव कुमार ने तीन बार मुलाकात की है। तिहाड़ में केजरीवाल के साथ मान की संभावित मुलाकात के दौरान सुरक्षा को लेकर जेल, दिल्ली एवं पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को चर्चा की।

मोदी बोले-आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते

भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर किया पलटवार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के संविधान को केंद्र सरकार के लिए गीता, रामायण, महाभारत एवं कुरान करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब आंबेडकर खुद आ जाएं तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते। मोदी ने भाजपा पर संविधान को नष्ट करने के विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा, सब कुछ हमारे लिए हमारा संविधान ही है। वह सीमावर्ती बाड़मेर में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश-विरोधी ताकतों के साथ खड़ी है। उन्होंने देश को कमजोर करने की कोशिश के लिए विपक्षी ''इंडिया'' गठबंधन पर हमला बोला। रैली का आयोजन बाड़मेर लोकसभा सीट पर पार्टी के उम्मीदवार और केंद्रीय राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में किया गया था। मोदी ने कहा, एससी, एसटी, ओबीसी भाइयों के

- बाड़मेर की चुनावी रैली में कहा- देश को कमजोर कर रही है कांग्रेस

साथ दशकों तक भेदभाव करने वाली कांग्रेस आजकल एक पुरानी रेकार्ड बजा रही है। जब भी चुनाव आता है संविधान के नाम पर झूठ बोलना ''इंडी एलायंस'' के सभी साथियों का फैशन बन गया है। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने बाबा साहब के जीते जी उन्हें चुनाव हरवाया, जिसने बाबासाहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया... जिस कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान को खत्म करने की कोशिश की, आज वही कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठ की आड़ ले रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी है जिसने देश में पहली बार संविधान दिवस मनाना शुरू किया है। इन कांग्रेस वालों ने संविधान दिवस मनाने का विरोध किया था। संसद में उनका भाषण है। क्या यह बाबा साहब और संविधान का अपमान है या नहीं? इतना ही नहीं यह मोदी ही है जिसने बाबा साहब से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया। उन्होंने कहा,'' इसलिए बाबा साहब और संविधान का अपमान करने वाले कांग्रेस एवं इंडी अलायंस के झूठों से, उनकी गप्पबाजी से सावधान रहने की जरूरत है। ...और कांग्रेस वाले सुन लें कि ये 400 सीट की बात जनता ने इसलिए की है क्योंकि आपने दस साल संसद में मुझे अच्छे काम करने से रोकने की लगातार कोशिश की। इसलिए देश आपको सजा देना चाहता है। और उसने साफ कर देने का मन बना लिया है।

राम मंदिर कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी होगा :मोदी

उधमपुर (जम्मू एवं कश्मीर)। अयोध्या में राम मंदिर को भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बताने को लेकर विपक्षी खेमे पर तीखा हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह देश के लोगों के लिए आस्था का विषय है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों की मानसिकता की तुलना मुगलों से की और कहा कि उन्हें मंदिरों में तोड़फोड़ करके मजा आता था। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने वोट बैंकों को मजबूत करने के लिए सावन के महीने के दौरान मांस पकाने के वीडियो दिखाकर विपक्षी नेता बहुसंख्यक समुदाय को चिढ़ाने का काम करते हैं। उनका कहना है कि राम मंदिर भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा है। यह कभी चुनावी मुद्दा न था और न कभी चुनावी मुद्दा होगा। मोदी ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन तब शुरू हुआ था जब भाजपा का जन्म ही नहीं हुआ था। उन्होंने कहा, ''यह उस समय का मुद्दा था जब अंग्रेज आने वाले थे। यह 500 साल पुराना मामला है जब चुनाव के बारे में कोई विचार ही नहीं था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर सहिष्णुता की जीत है। उन्होंने कहा, ''यह 500 साल के लंबे इंतजार के बाद मिली जीत है।

अखिलेश ने किया भाजपा पर सियासी हमला

किसानों पर थार चढ़ाने वालों को दिया जा रहा सम्मान

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

अमृत विचारः समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग किसानों के पक्ष में थे, नौजवानों की बात उठा रहे थे और किसान की आवाज में अपनी आवाज को जोड़ रहे थे, उन्हें तो भाजपा ने पीछे कर दिया। सुनने में आया है कि उन्हें तो मंच पर भी जगह नहीं मिल रही। जो किसानों पर थार चला रहे थे उन्हें सम्मान दे दिया गया। भाजपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि जो 14 में आए थे, अब 24 में चले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के लोग अगर स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे।

पूरनपुर में शुक्रवार को हुई चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि पीलीभीत सीट पर गठबंधन प्रत्याशी भगवतसरन गंगवार से भाजपा के नेता घबराए हुए हैं। बड़े नेताओं से लेकर लखनऊ तक के नेता पीलीभीत के चक्कर काट रहे हैं। पीलीभीत का नाम सुनते ही घबराहट के चलते उनके चेहरे पीले पड़ जाते हैं। उन्होंने रोजगार, स्वास्थ्य और किसानों की समस्याओं को भी उठाया। भाजपा को अपनी हार नजर आने लगी है। भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद

- पूरनपुर की जनसभा में कहा- यूपी के लोग स्वागत अच्छा करते हैं तो विदाई भी धूमधाम से करेंगे

को लेकर कहा कि कोई नया आया है प्रत्याशी, जो कह रहा है कि हमें अगर पहले पता होता कि चुनाव लड़ना है तो हम मुंबई बना देते पीलीभीत को। ये कौन सी बात है भाई? हम उनसे कहते हैं कि इसको मुंबई मत बनाओ। मुंबई का जो काम होता है थोड़ा वही करके दिखा दो यहां पर। बोले- ये कई दल घूम आए हैं। इन्हें सड़क मंत्री बना दिया गया है। पीलीभीत की सब सड़कें गड्ढा मुक्त हो गईं क्या? चुनाव बाद पता नहीं कहां चले जाएंगे ये। जो मंत्री होता है उसका सांसद बनकर दिल नहीं लगता है। अखिलश ने कहा कि इन्होंने कोरोना में थाली और ताली बजवाई थी। इसी तरह से बीजेपी की गारंटी नहीं ये घंटी है।

थाने में दरोगा ने गोली मारकर की आत्महत्या

संवाददाता, सीतापुर

- सुसाइड नोट में थानाध्यक्ष पर विवेचनाओं पर रुपये मांगने के लगाए आरोप

अमृत विचार : मछरेहटा थाने में तैनात दरोगा ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दरोगा ने आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट लिखकर थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मछरेहटा थाने पर छह महीनों से तैनात दरोगा मनोज कुमार (54) निवासी ग्राम जलाला थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर ने शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सरकारी आवास से निकलकर थाना परिसर में सर्विस रिवाल्वर से गोली मार ली। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने दरोगा को मृत घोषित कर दिया। दरोगा की मौत के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट वायरल हो रहा है, जिसमें दरोगा ने आरोप लगाया था कि सभी विवेचनाओं में थानाध्यक्ष रुपये की मांग करते हैं। मांग पूरी नहीं होने पर अभद्र टिप्पणी और अपमानित करते हैं। सीओ मिश्रिख राजेश यादव ने बताया की सुसाइड नोट की जांच कराई जा रही है। सुसाइड नोट में वर्कलोड सहित अन्य चीजों का जिक्र किया गया है।

एनआईए ने कोलकाता से दो आरोपियों को दबोचा

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता समेत दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा के कोलकाता स्थित एक ठिकाने पर होने की जानकारी के बाद टीम ने उन्हें दबोचा। शाजिब ने कैफे में विस्फोटक रखा था और ताहा विस्फोट की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का मुख्य साजिशकर्ता है।

कोलकाता की अदालत ने बेंगलुरू कैफे विस्फोट मामले के दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया और एनआईए

रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

एनआईए की गिरफ्त में आरोपी।

- पहचान बदल कर कोलकाता में रह रहे थे दोनों आरोपी

को उन्हें पूछताछ के लिए कर्नाटक ले जाने की अनुमति दे दी।

अधिकारी ने बताया कि 12 अप्रैल की सुबह एनआईए ने कोलकाता के पास आरोपियों के होने का पता लगाने में सफलता हासिल की। आरोपी वहां पहचान बदल कर रह रहे थे। एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, कर्नाटक तथा केरल की राज्य पुलिस एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई और सहयोग से इस काम को अंजाम दिया गया। एनआईए ने पिछले महीने इन दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में मददगार साबित होने वाली सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड के आईटीपीएल रोड पर स्थित कैफे में एक मार्च को विस्फोट हुआ था और तीन मार्च को एनआईए ने इस मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया था।

खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स का संचालक दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस के राज्य विशेष ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने जर्मनी स्थित खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के संचालक प्रभप्रीत सिंह जर्मनी को दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर आतंकवादी भर्ती, धन उपलब्ध कराने और सहायता मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पंजाब के डीजीपी ने कहा कि केजेडएफ आतंकवादी जगदीश सिंह भूरा पंजाब में हाई-प्रोफाइल लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना बना रहा है और अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता प्रदान की है। प्रभप्रीत सिंह जर्मनी में रहता था इसलिए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करवाया। बुधवार को, दिल्ली आईजीआई हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने प्रभप्रीत सिंह को हिरासत में लेने की सूचना दी, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। अतिरिक्त महानिरीक्षक एसएसओसी, अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने बताया कि आरोपी प्रभप्रीत 2017 में वैध वीजा पर पोलैंड गया था, और 2020 में सड़क मार्ग से जर्मनी चला गया। जर्मनी में स्थायी निवास प्राप्त करने के लिये, उसने राजनीतिक शरण के लिये आवेदन किया था।

- आतंकवादियों ने अपने सहयोगियों को हथियार और वित्तीय सहायता कराई थी मुहैया

खुदरा महंगाई घटकर पांच महीनों के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आने से मार्च के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में 5.09 प्रतिशत और मार्च 2023 में 5.66 प्रतिशत रही थी। मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीनों के निचले स्तर पर रही है। इसके पहले अक्टूबर, 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में

- अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में कमी

खाद्य उत्पादों की महंगाई दर 8.52 प्रतिशत रही जबकि एक महीने पहले फरवरी में यह 8.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के मुताबिक, अंडे, मसालों और दालों समेत अन्य खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में फरवरी की तुलना में गिरावट आई है। हालांकि फलों और सब्जियों की कीमतें मार्च में एक महीना पहले की तुलना में बढ़ गईं। वहीं, ईंधन और प्रकाश खंड में भी खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में घटी है। सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत (दो प्रतिशत कम या अधिक) पर सीमित रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीतिगत दरों पर फैसला करते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों को ही ध्यान में रखती है। केंद्रीय बैंक ने इस साल सामान्य मानसून की उम्मीद जताते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने अप्रैल-जून तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत और सितंबर तिमाही में 3.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

सोना पहली बार 73 हजार के पार

नई दिल्ली। सोने की कीमत पहली बार 73 हजार रुपये प्रति दस ग्राम से ज्यादा हो गई है। शुक्रवार (12 अप्रैल) को इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार को 10 ग्राम सोना 1,351 रुपये महंगा होकर 73,174 रुपये का हो गया है। चांदी भी अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। एक किलो चांदी का भाव 1,476 रुपये बढ़कर 83,819 रुपए हो गया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में इनके दामों में और तेजी देखने को मिल सकती है। साल 2024 में अब तक सोने के दाम 9,872 रुपये बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपये पर था। वहीं, चांदी भी 73,395 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16%) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर है, कॉमेक्स पर सोना 2,412 डॉलर प्रति आउंस के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गया है।

सपा ने दो तो बसपा ने नौ और प्रत्याशी उतारे

लखनऊ। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को उप्र. की दो जबकि बसपा ने 9 और सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। कौशांबी से पुष्पेंद्र सरोज को और कुशीनगर से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को प्रत्याशी बनाया गया है। पुष्पेंद्र इंद्रजीत सरोज के पुत्र हैं। वहीं, बसपा ने आजमगढ़ से भीम राजभर, घोसी से बालकृष्ण चौहान, एटा से मो. इरफान, धौरहरा से श्याम किशोर अवस्थी, फैजाबाद (अयोध्या) से सच्चिदानंद पांडे, बस्ती से दयाशंकर मिश्र, गोरखपुर से जावेद सिमनानी, चंदौली से सत्येंद्र मौर्य, रॉबर्ट्सगंज से धनेश्वर गौतम को उतारा है।

सुबह 5 से रात 12 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

- रामनवमी पर रामलला धारण करेंगे पीले वस्त्र, धनिया की पंजीरी व मीठे पान का लगेगा भोग

अमृत विचार : रामनवमी पर श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए सुबह पांच से रात्रि 12 तक का समय तय किया गया है। साथ ही रामनवमी के दिन रामलला को पीले वस्त्र पहनाए जाएंगे।

सिंघाड़े का आटा, धनिया की पंजीरी, मौसमी फल, मिठाई, मीठा पान का विशेष भोग अर्पित होगा। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का कहना है कि इस बार के जन्मोत्सव में त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव के दौरान रामलला को सुबह 3.30 मिनट मंगला आरती से जगाया जाएगा। उनके अभिषेक के बाद सुबह 4:45 पर श्रृंगार आरती होगी। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर को खोल दिया जाएगा। दोपहर 12 बजे रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाना है, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11:45 से 12:05 के बीच भगवान के भोग और आरती को संपन्न कराया जाएगा। ट्रस्ट के द्वारा मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है।

एक नजर

मायावती की हरिद्वार में चुनावी सभा आज

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में 13 अप्रैल शनिवार को मायावती उत्तराखंड के हरिद्वार के मंगलौर क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी।

परिवार सुरक्षा के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव : आशुतोष

अमृत विचार, लखनऊ : मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल (मर्द) के राष्ट्रीय महासचिव आशुतोष कुमार पाण्डेय ने कहा कि पुरुष सम्मान एवं परिवार सुरक्षा के मुद्दे पर पार्टी इस चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। खासतौर से लिव-इन जैसी गैर सामाजिक व्यवस्थाओं को मान्यता दिये जाने का विरोध किया जायेगा। पार्टी का घोषणा पत्र व प्रत्याशियों की प्रथम सूची सार्वजनिक करने के लिए शनिवार को यूपी प्रेस क्लब में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक एक प्रेस-वार्ता आयोजित की गई है।

अचल संपत्ति खरीदने की नई गाइडलाइन जारी

मुख्य सचिव ने भूमि की रजिस्ट्री, दान व लीज विलेख तैयार करने का तय किया खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को भेजा गया शासनादेश

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से रजिस्ट्री, दान लेने और लीज पर भूमि प्राप्त करने को लेकर नई गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें सरकार के पक्ष में भूमि खरीद, दान और लीज के रूप में कैसे भूमि विलेख तैयार होगा, इसका पूरा प्रारूप तय किया गया है। अब इसी आधार पर राज्यपाल की ओर से तय अधिकारी और प्राधिकृत अधिकारी अचल संपत्ति का दस्तावेज तैयार कराकर सरकार के पक्ष में रजिस्ट्री कराएंगे।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा गया है कि वर्तमान परिदृश्य में प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं के लिए राज्य द्वारा विलेखों के माध्यम से भूमि/अचल संपत्ति प्राप्त की जा रही है। शासकीय परियोजनाओं के लिए यथा संभव सहमति के आधार पर भूमि सीधे क्रय किया जा रहा है। साथ ही शासन की विभिन्न पहलों से प्रेरित हो कर जनसामान्य के बहुत से निजी पक्षकार भी शासकीय परियोजनाओं व सुविधाओं की स्थापना के लिए शासन के पक्ष में निःशुल्क दान कर रहे हैं। ऐसे में शासन के पक्ष में तैयार होने वाले विलेखों की संख्या बढ़ी है।

इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने राज्य सरकार के पक्ष में भूमि को प्राप्त करने के लिए सरलीकरण की व्यवस्था तमाम नियमों और पिछले शासनादेशों के परीक्षण और विधीक्षण करवाने के बाद विलेखों के लिए एक मानक प्रपत्र जारी करने की आवश्यकता बताते हुए पूर्व में 2001 व 2016 में जारी शासनादेशों में बदलाव करते हुए नई व्यवस्था जारी की है। इसके मुताबिक राज्यपाल के पक्ष में निष्पादित होने वाले समस्त हस्तांतरण, दान एवं पट्टा विलेख अब नये प्रारूप पर ही निष्पादित किए जाएंगे। यह प्रारूप न्याय विभाग की ओर से भी अनुमोदित है। मानक प्रारूप के प्रयोग के लिए रिक्त स्थानों पर मात्र सूचना (पक्षकारों एवं संपत्ति से संबंधित व अन्य अनुषंगिक सूचना) भरी जाएगी। किसी भी शर्त को बढ़ाया या घटाया नहीं जाएगा।

राज्यपाल की ओर से रजिस्ट्री का मिला अधिकार

मुख्य सचिव ने जारी गाइडलाइन में निर्देश दिया है कि मानक विलेख की सूचना स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन को भी दे दें, जिससे प्रदेश के निबंधन कार्यालय ऐसे मानक प्रारूप से भिज्ञ हो सके। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया है कि प्रशासनिक विभाग के सचिव, प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव अथवा उनके द्वारा नियमानुसार प्राधिकृत अधिकारी क्रेता/दानग्रहिता के रूप में राज्यपाल की ओर से एवं पद के अधिकार से, विलेख पर हस्ताक्षर करेंगे। प्रशासकीय विभाग द्वारा किसी एक अधिकारी को संबंधित विलेख उपनिबंधक के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अधिकृत किया जाएगा। साथ ही उपनिबंधक के नाम इस आशय का एक पत्र भेजा जाएगा कि संबंधित विलेख पर राज्यपाल की ओर से एवं पद के अधिकार से हस्ताक्षर किए गए हैं। इसमें निष्पादन अधिकारी के रजिस्ट्री कार्यालय में उपस्थिति से मुक्त करने और लेखपत्र रजिस्ट्री के लिए स्वीकार करने का भी आग्रह होगा।

दृष्टि दिव्यांगों को मतदान के लिए दी जाएगी डमी बैलेट शीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ ब्रेल लिपि न जानने वाले मतदाताओं को मिलेगी सहायक को साथ ले जाने की सुविधा

अमृत विचार : दृष्टि दिव्यांगों को मतदान के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट की सुविधा दी जाएगी, जबकि ब्रेल लिपि न जानने वाले मतदाताओं को सहायक को साथ ले जाने की सुविधा मिलेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि दृष्टिबाधित मतदाताओं को ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। यह शीट प्रत्येक पोलिंग बूथ पर उपलब्ध होगी। ईवीएम में अभ्यर्थियों के ब्रेल में क्रमांक नीले बटन के दाहिनी ओर उकेरे गए हैं। प्रत्याशियों की सूची तैयार होने के बाद यह सूची ब्रेल लिपि में तैयार की जा रही है। ब्रेल लिपि वाली डमी बैलेट शीट में सबसे पहले बैलेट यूनिट का नम्बर, फिर प्रत्याशी का क्रमांक, प्रत्याशी का नाम व दल का नाम मुद्रित किया गया है। 15 से अधिक प्रत्याशियों की संख्या होने पर बैलेट यूनिट-1 व बैलेट यूनिट-2 तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि पोलिंग बूथ पर दृष्टिबाधित मतदाता की मांग पर ब्रेल लिपि में डमी बैलेट शीट उपलब्ध कराई जाएगी। मतदान के बाद डमी बैलेट शीट पीठासीन अधिकारी के जरिये वापस ले ली जाएगी। पीठासीन अधिकारी को ऐसे मतदाताओं का, जिन्होंने इस सुविधा का उपयोग किया होगा, का रिकार्ड रखना होगा।

अखिलेश से मिले आप सांसद संजय सिंह

सुनीता केजरीवाल से अखिलेश की कराई फोन पर बात, किया समर्थन का वादा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार शाम को समाजवादी पार्टी प्रमुख मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। पिछले दिनों लगभग छह महीने जेल में रहने के बाद बाहर आए संजय सिंह की अखिलेश यादव से यह मुलाकात सपा के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में हुई। इससे पहले अखिलेश यादव के पीलीभीत में चुनावी जनसभा और सीतापुर में एक कार्यक्रम के बाद सीधे लखनऊ लौटे थे। इस दौरान संजय सिंह के साथ उनकी पत्नी अनीता सिंह भी थी।

मुलाकात के बीच ही अखिलेश यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से फोन पर बात की और उनका हालचाल भी जाना। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में उप्र. में होने वाली इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों में सुनीता केजरीवाल भी मंच पर होंगी।

पार्टी से साझा की जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरीके से केजरीवाल और अन्य नेताओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है और उन्हें तिहाड़ जेल में रखा गया है, यह उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश है, जिसमें भाजपा को सफलता मिलने वाली नहीं है।

वहीं, संजय सिंह ने अपने शब्दों में भरोसा दिलाया कि उप्र. में आप, सपा और इंडिया गठबंधन को लोकतंत्र बचाने और तानाशाही खत्म करने के लिए अपना पूरा समर्थन और सहयोग देगी। अखिलेश ने इस समर्थन के लिए 'आप' को धन्यवाद दिया है।



सपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात के दौरान आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह।

यूपी में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए करेंगे प्रचार : संजय

अमृत विचार, लखनऊ : अखिलेश यादव और संजय सिंह ने मुलाकात के बाद शुक्रवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित भी किया। यहां, भाजपा पर निशाना साधते हुए संजय सिंह कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री का इस्तीफा नहीं चाहिए लेकिन अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा चाहिए। नैतिकता की बात तो भाजपा को नहीं करनी चाहिए। चुन-चुन कर देश के बड़े भ्रष्टाचारियों को अपने पार्टी में ले रहे हैं। आप सांसद के मुताबिक, हम उप्र. का चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन हमारे कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के जिताने के लिए काम करेंगे। वहीं, अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि देश-दुनिया की नजर लोकसभा चुनाव 2024 पर है। चुने हुए राज्य प्रमुख के साथ अन्याय हो रहा है। संस्थाएं कमजोर की जा रही हैं। झूठे मुकदमे लगाकर नेता जेल भेजे जा रहे हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री को जेल में रखा गया है। पुलिस डराकर भाजपा में शामिल करा रही है।

इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताएं कार्यकर्ता

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में जुट जायं। उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता आपसी समन्वय बनाए रखें। प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में चुनावी दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को यह निर्देश दिये।

उन्होंने सुबह से शाम तक गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अमरोहा, बिजनौर व सहारनपुर पहुंचकर लोकसभा क्षेत्रों में सम्बन्धित लोकसभा मीडिया कोऑर्डिनेटर, जिला व शहर अध्यक्षों, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन में शामिल दलों के बीच जो समझौता हुआ है, उसका असर कार्यकर्ताओं तक दिखना जरूरी है। सभी मिल-जुलकर इस निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुटता के साथ कार्य करें।

500 करोड़ हुई अधिवक्ता कल्याण निधि, आदेश जारी

अधिवक्ता की मौत पर आश्रितों को अब मिलेंगे 5 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अनुदान अब बचत खाते के बजाय एसडीएल में होगा निवेश 8 फीसदी मिलेगा ब्याज

▸▸ प्रदेश सरकार की ओर से बजट में की गई घोषणा को मूर्तरूप देने का शासनादेश जारी

अमृत विचार : शासन ने अधिवक्ता कल्याण निधि (कार्पस फंड) को बढ़ाकर 500 करोड़ के जाने का आदेश जारी कर दिया। प्रदेश सरकार ने इसकी घोषणा बजट सत्र में की थी। अब अधिवक्ता की मौत पर आश्रितों को मिलेगा 5 लाख रुपये आर्थिक सहायता मिलेगी, पहले यह मात्र 1.5 लाख रुपये था।

शासन ने अनुदान राशि को बैंक के बचत खाते के बजाय एसडीएल में जमा करने का भी आदेश जारी किया है, ताकि इस पर आठ फीसदी तक ब्याज भी मिलता रहे।

प्रमुख सचिव न्याय एवं विधि परामर्शी विनोद सिंह रावत की ओर से जारी शासनादेश के मुताबिक, प्रदेश के अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए उप्र. अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम 1974 के तहत फंड के लिए स्थापित अधिवक्ता कल्याण निधि कोविड काल में भी अपडेट हुई थी। इसी क्रम में अधिवक्ताओं की मृत्यु की दशा में उनके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि की आयु सीमा 70 वर्ष कर दिया गया। साथ ही मृतक आश्रितों को प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि 1.50 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दी गई। इसके बाद न्यासी समिति के प्रस्ताव पर शासन ने अधिवक्ता कल्याण निधि को बढ़ाकर 500 करोड़ करने का निर्णय हुआ है। सरकार इसमें 100 करोड़ की सीमा तक शासकीय अनुदान तब तक देगी, जबतक निधि 500 करोड़ न हो जाए। शासन ने निर्देश दिया है कि निधि की धनराशि नियमानुसार ही भुगतान होगी।

भाजपा ने निर्वाचन आयोग से की कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की शिकायत

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी ने सहारनपुर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से शिकायत की है, साथ ही सहारनपुर में निष्पक्ष चुनाव के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। भाजपा के प्रदेश सह संयोजक चुनाव आयोग संपर्क विभाग नितिन माथुर एडवोकेट व प्रखर मिश्र की ओर से की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इमरान मसूद ने जनसभा में वर्ग विशेष को संबोधित कर भड़काने का कार्य किया। कहा गया है कि डर का माहौल बनाकर अन्य वर्गों से लड़वाने व संघर्ष के लिए उत्तेजित कर मतदान को हिंसा के जरिये प्रभावित करने का प्रयास किया गया। यह आचार संहिता व अन्य कानूनों का घोर उल्लंघन है।

राजभर की मां का निधन, मेदांता पर आरोप

इलाज में लापरवाही के अलावा वसूली की भी की शिकायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर की मां के निधन पर जताया शोक

अमृत विचार : सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की मां जितना देवी (79) का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को निधन के बाद वाराणसी मणिकर्णिका घाट पर शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। पंचायत राज मंत्री ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल पर वसूली का आरोप लगाते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से अस्पताल में चार लाख जमा करा कराने के बाद भी मां की हालत में सुधार न होने की शिकायत की। मुख्यमंत्री योगी ने कैबिनेट मंत्री की मां के निधन पर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की थी।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बताया कि बिहार में चुनाव प्रचार को गए थे, मां की तबीयत बिगड़ने पर बीते 8 मार्च को पुत्र अरविंद व

अरूण द्वारा मेरी मां को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर पहुंचकर वह अर्ध बेहोशी की हालत में पहुंच गईं, सुधार न होने पर केजीएमयू के पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में भर्ती कराया गया था। जहां सुधार हो गया था, बातचीत और खाने-पीने भी लगी थीं, मगर बीते एक सप्ताह से हालत ज्यादा गंभीर हो गई थी, गुरुवार को अंतिम सांस ली। मेदांता हास्पिटल में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम मंत्रियों के साथ इस तरह व्यवहार किया जा रहा है तो आमजन का क्या होता होगा।

वहीं मेदांता हॉस्पिटल ने बताया कि 8 मार्च को जितना देवी को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था, आठ दिन बाद ठीक होने की दशा में उन्हें 15 मार्च की शाम 7.40 बजे डिस्चार्ज किया गया है। डिस्चार्ज किये जाने के पहले ही परिवारीजन अन्य अस्पताल में इलाज कराने की बात कर रहे थे।

मालूम हो कि कैबिनेट मंत्री की मां, मधुमेह, सांस लेने में दिक्कत, फेफड़ों में निमोनिया, कम ऑक्सीजन व बुखार के साथ हाई बीपी आदि कई समस्याएं थीं। केजीएमयू में करीब 25 दिन के इलाज के बाद गुरुवार को निधन हुआ, जिसके बाद परिजनों द्वारा पार्थिव शरीर को वाराणसी स्थित पैतृक गांव फत्तेहपुर खौदा गांव ले जाया गया था।

काजल निषाद को भी सता रहा टिकट कटने का भय पहुंचीं सपा मुख्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के टिकट पर गोरखपुर से लोकसभा चुनाव लड़ रहीं काजल निषाद को भी टिकट कटने का भय सता रहा है। दरअसल, काजल पिछले दिनों गोरखपुर में प्रचार करने के दौरान बेहोश हो गईं थीं। उन्हें पहले वहीं के एक निजी अस्पताल में और बाद में लखनऊ लाकर मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। लेकिन, चर्चा यह भी कि सपा में चल रहे टिकटों के बदलाव की शिकार वह भी हो सकती हैं।

ऐसे में शुक्रवार को काजल निषाद मेदांता अस्पताल से सीधे समाजवादी पार्टी मुख्यालय पहुंची। जहां उनकी सपा प्रमुख से मुलाकात तो नहीं हुई लेकिन यहां उन्होंने पार्टीजनों को भी अपने स्वस्थ होने पर और मजबूती से चुनाव लड़ने के प्रति आश्वस्त कराया।

सोशल मीडिया के जरिए मतदाताओं को करेंगे जागरूक

50 से अधिक सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों को बनाया गया युवा साथी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 14 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेला जाएगा लखनऊ वोटर कप क्रिकेट मैच

▸▸ जिनके नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके लिए 23 को अंतिम अवसर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में 20 मई को अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए 50 से अधिक सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों को युवा साथी बनाया गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने आरजे आलोक, एकत्व वेलफेयर फाउंडेशन और सोशल मीडिया के प्रभावशाली 50 से अधिक लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल 2024 को जिसकी आयु 18 वर्ष हो गई है, वह मतदान कर सकता है। मतदाता सूची में नाम देखने के लिए https://electoralsearch.eci.gov.in पर जा कर अपना नाम देख सकते हैं। जिनके नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं हैं, उनके लिए 23 अप्रैल अंतिम अवसर है। चुनाव आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन एप पर जाकर फार्म छह के तहत आवेदन कर सकते हैं। साथ ही फार्म-8 भरकर पता परिवर्तित करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन जिले के समस्त विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उक्त के साथ ही लखनऊ वोटर कप क्रिकेट मैच 14 अप्रैल को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मैच जिला प्रशासन और सोशल मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच खेला जाएगा। जल्द ही मतदाता जागरूकता रैली भी आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में सीडीओ अजय जैन, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, श्रीआयुष एकत्व वेल्फेयर फाउंडेशन और अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

आज से लगेगी चुनावी पाठशाला

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 20 मई को होने वाले मतदान में मत प्रतिशत बढ़वाने के लिए शनिवार से चुनावी पाठशाला का आयोजन विभिन्न विद्यालयों में किया जाएगा। लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट के साथ ही पूर्वी विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए ही सेल्फी प्वाइंट बनवाए गए हैं। सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया जाएगा। ऐशबाग, राजेंद्र नगर, यहियागंज, राजाबाजार, तिलक नगर, लेबर कालोनी, मालवीय नगर, चंद्रभानु गुप्त मोतीनगर, अंबेडकर नगर, राजाजीपुरम और कुवर ज्योति प्रसाद वार्ड के अलग-अलग विद्यालयों में चुनावी पाठशाला होगी। विवेक खंड, विराम खंड, विपुल खंड, विक्रांत खंड आदि स्थानों पर आयोजन होगा। पाठशाला के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा 20, 27 अप्रैल और फिर 4 व 11 मई को पाठशाला आयोजित की जाएंगी।

नई राहें

बृजलाल को मिली सफलता, सुलखान सिंह और विजय कुमार अभी सफर में

राजनीति में दांव आजमाने की जुगत में कई पूर्व डीजीपी

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : हर आईपीएस का सपना पुलिस मुखिया बनने का होता है, लेकिन पूरा किसी भाग्यशाली का ही होता है। इस पद और प्रतिष्ठा को पाने के बाद कुछ पुलिस मुखिया सन्नाटे में चले गए, लेकिन कुछ ने नई राहें बनानी शुरू कर दी। शायद कुछ और करने की इच्छाशक्ति उनमें अभी बाकी थी। इसीलिए कई पूर्व पुलिस महानिदेशकों ने राजनीति में भी भाग्य आजमाना शुरू कर दिया।

इस नई राह में कई सफल हो गए तो कई अभी संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह है कि किसको सफलता मिलती है, किसको निराशा। विगत छह वर्षों में डीजीपी पद पर तैनात रहे तीन पूर्व महानिदेशकों ने सक्रिय राजनीति शुरू की है। लेकिन कुछ पूर्व डीजीपी ऐसे हैं, जो समय-समय पर टेलीविजन पर प्रवक्ता के रूप में दिखते हैं। ऐसे में अफसरों द्वारा यह कयास भी लगाया जाता है कि कहीं वह किसी पार्टी में शामिल होने तो नहीं जा रहे हैं। हालांकि वह अब भी किसी पार्टी के अधिकृत प्रवक्ता नहीं हैं।

बृजलाल : बृजलाल वर्तमान में उप्र से राज्यसभा के सांसद हैं। वह उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग के अध्यक्ष भी हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के शासनकाल में वह प्रदेश के डीजीपी बने। 2015 में वह दूसरी पारी शुरू करते हुए राजनीति में कूद गए। बसपा में उल्लेखनीय सफलता न मिलने पर वह भाजपा में शामिल हुए। वह दूसरी पारी में भी भाग्यशाली निकले। भाजपा ने उन्हें उच्च सदन पहुंचा दिया। आज वह भाजपा के मौलिक नेताओं की तरह फ्रंटफुट पर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि वह चुनाव प्रचार में इस तरह शामिल हैं कि उन्हें फुरसत नहीं है। माफियाओं को लेकर वह लगातार सपा को घेरते हैं और मजबूती से भाजपा सरकार का पक्ष रखते हैं। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वह जी जान से जुट गए हैं। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।

विजय कुमार : 1988 बैच के आइपीएस विजय कुमार इस वर्ष 31 जनवरी को ही डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह अधिक समय तक डीजीपी तो नहीं रहे, लेकिन उन भाग्यशाली अफसरों में एक थे, जिन्हें यह पद मिला। हाल ही में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामकर नई यात्रा शुरू की है। कहते हैं कि भाजपा की सदस्यता मिलते ही उन्हें पार्टी पदाधिकारियों की ओर से जिम्मेदारी भी दे दी गई है। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वह जी जान से जुट गए हैं। चुनाव के बाद संभव है कि उन्हें बड़ा पदभार भी दिया जाए।

सुलखान सिंह : 31 सितंबर 2017 को सेवानिवृत्त हुए पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बाकी अफसरों से इतर अलग राह चुनी। उन्होंने किसी पार्टी में न जाकर स्वयं की पार्टी बना डाली। जिस मुद्दे को लेकर उन्होंने नई पारी शुरू की, वह भी देश-काल-परिस्थिति को देखते हुए समीचीन प्रतीत हो रहा है। बुंदेलखंड के हालात को देखते हुए उन्होंने अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन को ही मुद्दा बनाया और उसी को लेकर आगे बढ़े। वह जिस अलग राज्य की मांग कर रहे हैं उससे सिर्फ उप्र. ही नहीं बल्कि मप्र. भी प्रभावित हो रहा है। मप्र. के सात जिले भी उसी एजेंडे में शामिल हैं। संभवत: 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी इसी मुद्दे को लेकर मैदान में उतरे।

भिक्षावृत्ति से जुड़ीं महिलाओं के लिए आजीविका सृजन कार्यक्रम की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में भिक्षावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के लिए शुक्रवार को कौशल सह आजीविका सृजन कार्यक्रम शुरू हुआ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से इन महिलाओं के लिए ब्यूटी एंड वेलनेस प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं ने भिक्षावृत्ति की सोच छोड़ दी है और इनमें बच्चों और परिवार को आगे बढ़ाने की सोच विकसित हुई है। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, सूडा के निदेशक अनिल पाठक, सिडबी के महाप्रबंधक मनीष सिन्हा, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, लघु उद्योग भारती के चेयरमैन अरुण भाटिया, उषा अवस्थी, उम्मीद संस्था के संस्थापक बलबीर सिंह मान, संस्था की संयुक्त सचिव आराधना सिंह, क्राइस्ट चर्च स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश क्षत्रिय, बच्चे व महिलाएं उपस्थित रहे।

दो सीटों पर असमंजस बरकरार

कैसरगंज व रायबरेली को लेकर पत्ते नहीं खोल रहे एनडीए और इंडिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उप्र. की दो ऐसी सीटें हैं, जिन पर एनडीए और इंडिया दोनों ही गठबंधन ने अभी अपने-अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इसमें एक कांग्रेस का गढ़ रही रायबरेली और दूसरी मौजूदा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के कारण चर्चित कैसरगंज सीट शामिल है।

बुधवार को ही यह संभावना जताई जा रही थी कि भाजपा अपनी सूची में रायबरेली और कैसरगंज सीट पर भी उम्मीदवार की घोषणा कर देगी, क्योंकि एनडीए गठबंधन में ये दोनों ही सीटें भाजपा के कोटे की हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने अब तक इन दोनों सीट को मिलाकर कुल पांच सीट छोड़ रखी हैं, जबकि, बाकी सभी सीट पर उम्मीदवार की घोषणा कर दी गई है। वहीं इंडिया गठबंधन से रायबरेली सीट पर कांग्रेस और कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी को प्रत्याशी उतारना है।

▸▸ उम्मीदवार की घोषणा न होने के कारण हाईप्रोफाइल बन चुकी हैं दोनों सीटें

इन सीटों के लिए अभी इंडिया गठबंधन की ओर से भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं हो पाई है। इसके पीछे कहीं न कहीं पहले सामने वाले दल से आने वाले प्रत्याशी का इंतजार भी है। दोनों ही गठबंधन एक दूसरे के प्रत्याशी का इंतजार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, अभी तक बसपा ने भी दोनों ही सीट पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। रायबरेली और कैसरगंज सीट पर उम्मीदवार की घोषणा न होने के कारण दोनों ही हाईप्रोफाइल होने के साथ सीट हॉट सीट भी बन चुकी हैं। राजनीतिक दलों के साथ साथ आम जनता की नजर भी इन्हीं दोनों सीट पर है। रायबरेली सीट से कांग्रेस प्रियंका गांधी को उम्मीदवार बनाने की चर्चा है। ऐसी मांग कांग्रेस नेताओं की ओर से की गई है।

वहीं भाजपा से अपर्णा यादव या अदिति सिंह के नाम चर्चा में हैं। अपर्णा यादव ने प्रियंका गांधी को उन्हीं के गढ़ में हराने का दावा तक कर डाला है। वहीं, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण शरण सिंह का राजनीतिक भविष्य भी सवालों के घेरे में है। सच तो यह है कि भाजपा में अपने मौजूदा सांसद बृज भूषण शरण सिंह को टिकट देने पर असमंजस की स्थिति है। इसी वजह से सपा ने भी अभी तक यहां से प्रत्याशी नहीं उतारा है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

पंचम स्कंदमाता

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

प्राणि उद्यान के पास से हटेगा अतिक्रमण

नोटिस देकर दुकानदारों का होगा चालान, वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नवाब वाजिद अली साहब प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) के गेट नंबर एक और दो के आसपास अतिक्रमण करने वालों का चालान होगा। अव्यवस्थित दुकानदारों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा। ये निर्देश शुक्रवार को हुई बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने दिए।

- गेट पर बने कूड़ाघर का ढांचा भी बदला जाएगा
- चिड़ियाघर का पुराना नाला स्लैब से ढका जाएगा

मंडलायुक्त ने शुक्रवार को प्राणी उद्यान की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अधिकारियों ने बताया कि मुख्य प्रवेश द्वार और डाली बाग स्थित प्रवेश द्वार पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

मंडलायुक्त ने कहा कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर चालान करें और अव्यवस्थित दुकानदारों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट करें। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य प्रवेश द्वार के सामने कूड़ा घर है। वहां जमा कूड़े से दुर्गंध आती है। आवारा जानवर कूड़ा स्थल पर एकत्र रहते हैं। मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि, कूड़ा घर के ढांचे में बदलाव करें और समय से कूड़ा उठावाएं ताकि वहां जमा न हो।

प्राणि उद्यान के अधिकारियों ने बताया कि परिसर के अंदर बहुत पुराना नाला है। हैदर कैनाल में निर्माण कार्य के कारण नाले का प्रभाव अवरुद्ध है। इससे प्राणि उद्यान में गंदा पानी जमा हो जाता है। उससे दुर्गंध फैलने के साथ पार्किंग में अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है।

मंडलायुक्त ने आरसीसी स्लैब से नाले को ढकने के निर्देश दिए। बैठक में प्राणी उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

लखनऊ-कानपुर हाइवे का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

यातायात बाधित करने वाले वाहनों का करें चालान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ-कानपुर हाइवे पर बेतरतीब खड़े वाहनों की अब खैर नहीं होगी। यातायात अवरुद्ध करने वाले वाहनों का चालान किया जाएगा। बंथरा चौराहे का चौड़ीकरण भी होगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपरिगामी एक्सप्रेसवे के नीचे संचालित लखनऊ-कानपुर हाइवे पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। स्कूटर इंडिया चौराहा, गौरी बाजार और बंथरा चौराहों का निरीक्षण किया। बंथरा चौराहे पर ब्लैकटॉप करते हुए चौड़ीकरण करने और पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। पिछले सप्ताह नगर आयुक्त को गौरी और बंथरा के साप्ताहिक बाजार को शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे। आज निरीक्षण के दौरान निदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा बीडी पाल्शन आदि मौजूद रहे।

जाम लग रहा, बसों का नया रूट प्लान बनाएं

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग में लग रहे जाम को लेकर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई है। उन्होंने परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर बसों के लिए नया रूट प्लान बनाकर अतिशीघ्र देने के आदेश दिए हैं। कैसरबाग बस अड्डे से विभिन्न जिलों के लिए बसें जाती हैं। राजस्व परिषद, जिलाधिकारी कार्यालय, न्यायालय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने जाम न लगे इसके लिए बसों को परिवर्तन चौक और रेजीडेंस मार्ग से संचालित किया जा रहा था। कैसरबाग बस अड्डे को मिली नई बसें निर्धारित रूट की बजाए दूसरे रूटों से जा रही हैं। इससे जाम की समस्या बढ़ गई है। कैसरबाग बस स्टेशन से कानपुर, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली समेत अन्य जिलों के लिए जाने वाली बसों का आवागमन संबंधित जिलों की दिशा में पड़ने वाले शहर के बाहर स्थित डिपो तक सीमित रखा जाए। बसों के आवागमन के लिए बीच के बस स्टेशनों को चिह्नित करते हुए नया रूट प्लान जल्द बनाया जाए।

कम मतदान वाले 40 बूथ चिह्नित, करेंगे जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं में जागरूकता लाई जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप अजय जैन ने नगर व ग्रामीण इलाकों में ऐसे 20-20 बूथ चिह्नित किए हैं, जहां 2019 में कम मतदान हुआ था। यहां मतदान फीसद बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम होंगे। इसकी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है, जो बीएलओ व ईआरओ समन्वय बनाकर सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत मतदान फीसद बढ़ाने में योगदान करेंगे और हर शनिवार को कार्यक्रम की रिपोर्ट देंगे।

शहर के ये बूथ चिह्नित, इतने फीसद पड़े थे वोट : बूथ संख्या 334 पर 3.77 फीसद मतदान, 330ए पर 10.66, 332ए पर 12.77, 336 पर 13.31, 432 पर 15.91, 316 पर 20.30, 181 पर 26.83, 260 पर 33.97, 187 पर 34.48, 21 पर 35.68, 162 पर 36.11, 278 पर 36.64, 251 पर 37.08, 242 पर 37.74, 49 पर 38.76, 375 पर 38.91, 249 पर 39.42, 392 पर 39.68, 105 पर 39.94 व बूथ संख्या 355 पर 40.65 फीसद मतदान हुआ था।

शहर में आज

- राज्य ललित कला अकादमी में नटराज संगीत कला केंद्र द्वारा पांच दिवसीय कला उत्सव कलावंतु का आयोजन - 11:00 बजे।
- अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कैंसर के इलाज के लिए रिवोल्यूशनरी प्रोटॉन थेरेपी (ओपीडी) की शुरुआत- 2:00 बजे।
- निशातगंज पेपर मिल कालोनी में बंगाली वेल्फेयर सोसाइटी और बंगाली अड्डा की ओर से चित्रकला, नृत्य व शंख वादन प्रतियोगिता - 3:00 बजे।
- उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में केपी सक्सेना स्मारक समिति के तत्वावधान में व्यंग्यकार अशोक चक्रधर को पद्मश्री केपी सक्सेना सम्मान - 5:30 बजे।

लखनऊ मेट्रो ने आयोजित किया छात्रों के लिए एजुकेशनल टूर

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ मेट्रो ने शुक्रवार को एसआर ग्रुप ऑफ इंस्ट्रीट्यूशंस के बीटेक छात्रों के लिए एक गाइडेड एजुकेशनल टूर आयोजित किया। इस टूर में 100 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, जहां उन्हें स्टेशन के कामकाज और ट्रेन संचालन पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। शैक्षिक ब्रीफिंग के बाद छात्रों ने मुंशीपुलिया और सीसीएस एयरपोर्ट के बीच फन मेट्रो राइड का आनंद लिया। कॉलेज और स्कूल इस तरह के शैक्षिक दौरों के आयोजन के लिए लखनऊ मेट्रो टीम से पर संपर्क कर सकते हैं।

बिजली विभाग ने कब्जा की एलडीए की जमीन, नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गौतमबुद्ध मार्ग की जमीन बाउंड्रीवाल कराकर घेरी
- जमीन खाली न की तो प्राधिकरण ध्वस्त करेगा कब्जा

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की गौतमबुद्ध मार्ग की जमीन पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बाउंड्रीवाल कराकर कब्जा कर लिया। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जमीन खाली करने के लिए मुख्य अभियंता को नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी, यदि विभाग ने जमीन खाली नहीं की तो प्राधिकरण ध्वस्त करेगा।

गौतमबुद्ध मार्ग की जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण की है। जहां पहले आरटीओ कार्यालय था। प्राधिकरण ने कुछ जमीन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को दे दी लेकिन खाली पड़ी करीब 22 हजार वर्ग फुट जमीन मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने बाउंड्रीवाल कर घेर ली। कुछ हिस्से में निर्माण भी कर लिया। प्राधिकरण की जमीन पर कब्जे की जानकारी पर उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मुख्य अभियंता को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने को कहा है। यदि विभाग ने खुद से जमीन खाली न की तो प्राधिकरण कब्जा ध्वस्त करेगा। इस जमीन पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की स्वीकृति पर सामुदायिक केंद्र बनना है। उपाध्यक्ष ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

तालाब के जीर्णोद्धार पर दो बार भुगतान

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में एक तालाब का जीर्णोद्धार कराने के नाम पर दो बार भुगतान किया गया। सोशल ऑडिट में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया तो कार्रवाई के लिए लिखा गया है। मामला सरोजनी नगर ब्लॉक के सराय शहजादी ग्राम पंचायत का है। यहां के पिपरहा तालाब का जीर्णोद्धार 2020 में कराकर मनरेगा से भुगतान किया गया। इसके बाद दोबारा जीर्णोद्धार के नाम से करीब 18 हजार रुपये भुगतान किया गया। जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह ने वसूली के निर्देश दिए हैं।

मशीन से कटा कर्मचारी का पैर उन्नाव के जंगल में फेंका, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बंथरा इलाके में पीएनसी कंपनी की मशीन में फंसकर एरीज एग्रो कंपनी के कर्मचारी का दाहिना पैर कट गया। हादसा छिपाने के लिए पीएनसी कंपनी कर्मी मरणासन्न हालत में उसे उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के जंगल में फेंक आये।

- पीएनसी व एरीज कंपनी के मालिकों व कर्मियों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज

जंगल में मिले अज्ञात शव का पुलिस ने 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार कर दिया। थाने में फोटो और कपड़ों से पत्नी ने शिनाख्त की। इसके बाद पत्नी ने तीन नामजद कर्मियों, पीएनसी, एरीज एग्रो के मालिकों और अज्ञात कर्मियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व साक्ष्य मिटाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रायबरेली जिले के हरचंदपुर स्थित हजियापुर निवासी सरस्वती ने बताया पति देशराज (50) पिछले 5 वर्ष से बंथरा इलाके में रहकर एरीज एग्रो लिमिटेड कंपनी में काम करते थे। तीन अप्रैल को रात करीब 11 बजे पति से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

अगले दिन भी नंबर बंद बताता रहा। 5 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे कंपनी के कर्मचारी दीपक ने सरस्वती को फोन पर बताया कि देशराज ऑफिस नहीं आए हैं। इसके बाद परिजन ने देशराज की खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चला।

8 अप्रैल को बेटी शालिनी ने बंथरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर अनहोनी की आशंका जताई। 9 अप्रैल को परिजन को पता चला कि उन्नाव जिले के सोहरामऊ इलाके में अज्ञात अधेड़ का शव मिला था। परिजन सोहरामऊ थाने पहुंचे।

वहां बताया गया कि बरामदगी के 72 घंटे बाद भी पहचान न होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव का अंतिम संस्कार करा दिया है। सरस्वती ने फोटो और कपड़ों से देशराज की पहचान की। इसके बाद सरस्वती ने तहरीर दी।

एडीसीपी दक्षिण टीएस सिंह ने बताया कि पत्नी ने 11 अप्रैल को पुनः बंथरा थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पीएनसी कंपनी के अज्ञात मालिक, डीजीएस साहू, गोपाल पात्रा, मृत्युंजय और एरीज एग्रो कंपनी के मालिक व कर्मचारी के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वाहन भी बरामद कर लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये तीन टीमें लगाई गई हैं।

3 को लापता हुआ, 8 को मिली मौत की सूचना

सोहरामऊ थानाध्यक्ष ने देशराज के परिजन को बताया शव 4 अप्रैल को क्षेत्र के कुशहरी गांव स्थित भल्ला फार्म के पास जंगल में पड़ा मिला था। आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की थी, लेकिन नहीं हो सकी थी। 3 दिन मोर्च्युरी में भी शव रखा रहा। 3 अप्रैल की रात से लापता देशराज की मौत की खबर परिजन को 8 अप्रैल को हुई। इसके बाद पूरी घटना सामने आई।

पीएनसी कंपनी की मशीन में फंसकर कटा था पैर

पुलिस जांच में सामने आया कि देशराज बंथरा स्थित एरिज एग्रो कंपनी में काम करते थे। वहीं पर कबाड़ का काम करने वाले रवि पांडेय के संग झोपड़ी में रहते थे। 3 अप्रैल की रात देशराज खाना खाने के बाद मोबाइल पर बात करते हुये झोपड़ी से निकले थे। समीप ही पीएनसी कंपनी का काम चल रहा था। पीएनसी कंपनी के कर्मी की लापरवाही से देशराज का दाहिना पैर मशीन में फंस कर कट गया। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई थी।

हादसा छुपाने देशराज को जंगल में फेंक आये थे आरोपी

एडीसीपी के अनुसार पीएनसी कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने देशराज के घायल होने की न तो किसी को सूचना नहीं दी और न ही अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को छिपाने के लिये चार पहिया वाहन से उसे सोहरामऊ स्थित जंगल में फेंक आये। 4 अप्रैल को पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवाया और 7 को पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार करा दिया। 8 अप्रैल को परिजन ने बंथरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

राजधानी में पड़ रही गर्मी व तेज धूप से लोगों का बुरा हाल है, लोग अलग-अलग तरीकों से बचने के उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में पाइप से पानी पीकर प्यास बुझाती युवती। अमृत विचार

पेयजल योजनाओं के हैंडओवर में मनमानी

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन के तहत तैयार पेयजल योजनाएं हैंडओवर में आनाकानी हो रही है। मानकों का पालन भी नहीं हो रहा है। निदेशक पंचायती राज ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को योजना का स्थलीय निरीक्षण कर 15 दिनों के अंदर हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। संज्ञान में आया कि योजनाओं में इंजीनियर द्वारा किसी तरह की कमी नहीं है। इसके बाद भी सहायक विकास अधिकारी द्वारा परियोजना हैंडओवर नहीं ले रहे हैं। जबकि प्रधान द्वारा दी गई सूचना के आधार पर हैंडओवर ले लेते हैं। यदि ऐसा है तो नियमों का पालन नहीं हो रहा है। हैंडओवर के लिए ग्रामीण जलापूर्ति प्रकोष्ठ के इंजीनियर, सचिव, प्रधान, सहायक विकास अधिकारी व जल निगम के अधिकारियों द्वारा योजना का संयुक्त निरीक्षण किया जाता है।

मुंशी पुलिया व हुसैनगंज में आज प्रभावित रहेगी बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मुंशीपुलिया और हुसैनगंज इलाकों में बिजली के जर्जर पोल बदलने के साथ नई एबीसी लाइन खींचने का काम शनिवार को किया जाना है। ऐसे में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कई इलाकों के उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा।

विद्युत नगरीय वितरण खंड मुंशीपुलिया के अधिशासी अभियंता ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत मुंशीपुलिया खंड के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र अमराई गांव रामदुलारे नगर पोषक के विनय पार्क, जगदीश्वरम विहार, जेपी नगर, संस्कृत इनकलेवेनस परिवर्तक के क्षेत्र आरडीएसएस योजना में पोल लगाने, एसएमसी बॉक्स व एबीसी केबल डालने का कार्य किया जाना है। ऐसे में सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक इन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। 11 केवी रामदुलारे नगर फीडर का शटडाउन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। दूसरी ओर 33/11 केवी एवॉट रोड से पोषित 11 केवी पोषक सिंचाई विभाग से पोषित परिवर्तक की एक सर्किट का एबी केबल बदलने के लिए शटडाउन सुबह 9 से शाम 5 बजे तक लिया जाएगा। इस वजह से हुसैनगंज समेत सिंचाई विभाग कालोनी की आपूर्ति बाधित रहेगी।

एक नजर

जिलाधिकारी की अनुमति के बाद ही मिलेंगे अवकाश

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम स्थित रानीलक्ष्मी बाई संयुक्त चिकित्सालय में डॉक्टर समेत समस्त कर्मचारियों को चुनाव तक अवकाश के लिए जिलाधिकारी से अनुमति लेनी होगी। यह निर्देश अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने शुक्रवार को जारी किये हैं।, उन्होंने आदेश में स्पष्ट किया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने की वजह से अवकाश स्वीकृत नहीं किये जाएंगे, अवकाश के पूर्व जिलाधिकारी से स्वीकृति लेनी होगी।

गबन में पूर्व डाक सहायक को तीन वर्ष की सजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पद का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी कर खातों से धन निकालने के मामले में पूर्व डाक सहायक श्याम बाबू को तीन साल की जेल और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोन कार्यालय की ओर से दायर मुकदमे में विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार-निरोधक) सीबीआई गाजियाबाद ने सुनाई।

- 15 दिनों में 32,98,966 रुपये का किया था गबन

ईडी ने सीबीआई की ओर से दो एफआईआर के आधार पर पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की थी।

आरोपी श्याम बाबू को विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निरोधक-सीबीआई) गाजियाबाद ने 30 मार्च 2024 को भी दोषी ठहराया था। तत्कालीन डाक सहायक श्याम बाबू ने 24 मार्च 2008 से सात अप्रैल 2008 के दौरान अपने पद का दुरुपयोग करके 32,98,966 रुपये का गबन किया था। उसने किसान विकास पत्र व राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की धनराशि को फर्जी व्यक्तियों के नाम पर डाकघर और एचडीएफसी बैंक अलीगढ़ में खोले गए खातों के माध्यम से निकाल लिया था।

ईडी ने जब्त की थी डाक सहायक की अचल संपत्ति

इससे पहले ईडी ने आरोपी डाक सहायक की 9.32 लाख रुपये की अचल संपत्ति को जब्त किया था। इसे बाद में निर्णय प्राधिकारी नई दिल्ली ने 28 नवंबर 2019 को अपने फैसले में सही ठहराया था। ईडी ने पीएमएलए 2002 की धारा के तहत एक अभियोजन शिकायत विशेष न्यायालय (पीएमएलए) लखनऊ के समक्ष 26 नवंबर 2020 को दायर की गई थी, जो बाद में विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निरोधक सीबीआई गाजियाबाद में स्थानांतरित कर दी गई थी। कोर्ट ने आरोपी डाक सहायक को मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध का दोषी ठहराया। न्यायालय ने अलीगढ़ की शिवलोक कॉलोनी में स्थित आरोपी के मकान को भी जब्त कर लिया। साथ ही तीन साल की जेल तथा 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

ऐशबाग हाइट्स में कमियां ठेकेदार को नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के ऐशबाग हाइट्स अपार्टमेंट में कमियां सामने आने लगी हैं। आवंटियों की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर सुधार के लिए कहा है। यदि कमियां दूर न हुईं तो कार्रवाई की चेतावनी दी है। ऐशबाग हाइट्स अपार्टमेंट में आवंटियों को रहते साल भर नहीं बीता कि तमाम कमियों से परेशान हैं। कहीं फ्लैट के गेट पर ग्लास लगे तो कहीं नहीं लगाए गए हैं। रंगा-पुताई में भी खानापूरी की गई। जल निकासी की व्यवस्था नहीं है। इससे फ्लैट में सीलन आने लगी है। बिल्डिंग में आग बुझाने के उपकरण हैं, लेकिन चलाने का प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। आवंटियों की इन शिकायतों पर जोन-6 के अधिशासी अभियंता ने संबंधित ठेकेदार को कमियां सुधारने के लिए नोटिस जारी किया है।

गडबड़ी | ई-खसरा पड़ताल में तकनीकी समस्या से क्रॉप सर्वे करने में आ रही दिक्कत

एक गांव में दिख रहे दूसरे गांवों के सैकड़ों गाटे

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- मलिहाबाद तहसील में प्रदर्शित हो रहे सरोजनी नगर के रहीमाबाद के 256 गाटे

अमृत विचार : गाटों की गलत मैपिंग से रबी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे यानी फसल सर्वेक्षण कार्य राजस्व, कृषि और पंचायती राज विभाग के लिए मुश्किल हो गया है। ई-खसरा में एक तहसील के गांव दूसरी तहसील में दिख रहे हैं।

सरोजनी नगर तहसील के ग्राम रहीमाबाद के 256 गाटे मलिहाबाद तहसील में प्रदर्शित हो रहे हैं। बीकेटी तहसील के पर्वतपुर गांव का गाटा संख्या 210 एयरफोर्स बाउंड्री के अंदर रनवे में दिख रहा है। बीकेटी के दुग्गौर गांव के 33 गाटों का सर्वे नदियों की कटान व गलत नक्शा के कारण संभव नहीं है। रबी फसलों की कटाई भी पूरी होने वाली है। इस तरह की समस्या से सदर, सरोजनी नगर, बीकेटी, मलिहाबाद व मोहनलालगंज तहसील के कुल 3997 गाटे प्रभावित हैं। इसमें सुधार के जिला प्रशासन ने राजस्व परिषद को जियो रिफेसिंग नक्शा (भू-चित्र) में संशोधन के लिए लिखा है।

कहीं रकबा शून्य तो कहीं क्षेत्रफल दो बार : सदर तहसील के ग्राम सुगामऊ में सर्वे के दौरान 180 गाटों का रकबा शून्य प्रदर्शित हो रहा है तो सरोजनी नगर के ग्राम धावांपुर के एक गाटे का क्षेत्रफल दो बार दिख रहा है। वैसे संबंधित तहसीलों में ज्यादातर गाटे दूसरे गांव में प्रदर्शित होने की समस्या है। इसके अलावा सर्वे के दौरान फोटो अपलोड न होना, मैपिंग में गलती, गाटा संख्या अपलोड न होना इस तरह की खामियां हैं।

ऐसे तय होती है उपज

डिजिटल क्रॉप सर्वे का खरीफ में परीक्षण कर रबी में प्रदेश में लागू हुआ था। इसमें पारदर्शिता से फसलों का आच्छादन और उत्पादन तय होता है। कर्मियों द्वारा मौके पर जाकर गांव, लोकेशन, फसल की फोटो आदि लेकर फीड करना है। इससे मौके की वास्तविक स्थिति यानी कौन सी फसल है या नहीं यह सब पता चलता है। जो अब तक मैनुअली घर या कार्यालय से आंकड़ेबाजी करते थे। इसके सर्वे से फसल नुकसान की सही जानकारी और आकलन होता है। आगे के लिए बीज-खाद की मात्रा का भी अनुमान लग जाता है। अनुदान समेत अन्य योजनाओं में भी पारदर्शिता आएगी।

इन तहसीलों के इतने गाटे प्रभावित

- सरोजनी नगर - 6 गांव, 320 गाटे
- बीकेटी - 10 गांव, 396 गाटे
- मलिहाबाद - 2 गांव, 317 गाटे
- सदर - 8 गांव, 1290 गाटे
- मोहनलालगंज - 3 गांव, 1674 गाटे

एक नजर

डॉ. अमित भारद्वाज फिर बने निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. अमित भारद्वाज को फिर से उच्च शिक्षा निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई को समाप्त करते हुए दोबारा तैनाती दी गई है। इस संबंध में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल ने शुक्रवार को आदेश जारी किया है। दरअसल बीते साल 14 फरवरी 2023 को उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए थे।

प्रो. नागेन्द्र बने पुनर्वास विवि के प्रवेश निदेशक

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो. नागेन्द्र यादव को प्रवेश निदेशक बनाया गया है। जबकि श्रवणबाधितार्थ की विभागाध्यक्ष डॉ. कौशल शर्मा को व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का सह निदेशक और गैर व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए डॉ. ममता यादव को सह निदेशक बनाया गया है। इस संबंध में कुलसचिव रोहित सिंह ने आदेश जारी कर दिया है।

नवाचार और वैज्ञानिक सोच में बेटियां निकलीं आगे

सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में वैज्ञानिक व नवाचार की प्रतिभा देखने को मिल रही है। बीते 14 मार्च को निशातगंज स्थित डायट पर आयोजित हुई जिला स्तरीय अविष्कार अभियान प्रदर्शनी 2024 का परिणाम जारी हुआ है। इस प्रदर्शनी में वैज्ञानिक सोच व नवाचारों का प्रदर्शन करने वाले बच्चों में सबसे अधिक बेटियां रही हैं। टॉप 10 सूची में छह छात्राएं हैं और चार छात्रों का नाम शामिल है।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण अवधेश शुक्ला ने बताया कि इन सभी बच्चों को बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया। बीएसए ने पहले स्थान पर रही काकोरी ब्लॉक के महिपत मऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 7 की छात्रा नंदनी को 10 हजार रुपये की नकद सहायता राशि देकर सम्मानित किया है। इस राशि से नंदिनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकेगी। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के अभिभावक व शिक्षक भी मौजूद रहें। अभिभावक अपने बच्चों की प्रतिभा को देखकर खुश हुए।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन कर सम्मानित होने वाले बच्चे, साथ में शिक्षा विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ पहले स्थान पर रही कक्षा 7 की छात्रा नंदिनी को मिले 10 हजार रुपये

ये बच्चे भी सम्मानित

दूसरे स्थान पर रहे उच्च प्राथमिक विद्यायल गोसाईगंज कक्षा 8 के छात्र कुसाग्र और उच्च प्राथमिक विद्यालय शीतलपुरवा बीकेटी में पढ़ने वाले कक्षा 8 के छात्र सत्यम को सम्मान के रूप में 6,250 रुपये नकद दिए गये। इसी तरह से उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदौर पुर कक्षा 8 की छात्रा माही राजपूत, बेसिक विद्यालय पहाड़पुर कक्षा 6 की छात्रा अवतिका सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय मामपुर कक्षा 7 की छात्रा उर्वशी, बेसिक विद्यायल अल्लू नगर कक्षा 8 के छात्र नवीन, उच्च प्राथमिक विद्यालय मामपुर बाना कक्षा 8 के छात्र शिवांश, बेसिक विद्यालय छावनी मड़ियांव कक्षा 8 की छात्रा आयशा, उच्च प्राथमिक विद्यालय की बीबीपुर कक्षा 7 की छात्रा कनिष्क साहित सात बच्चों को 2,500 रुपये नकद राशि के साथ सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

> प्रदर्शनी में जिस तरह से बच्चों ने अपनी नवाचारी व वैज्ञानिक सोच से तैयार मॉडल प्रस्तुत किए वह नाम मात्र की लागत से बने थे। ये बड़ी बात थी बच्चों ने इसमें घर में बेकार पड़े कई तरह की चीजों का प्रयोग किया। जब मॉडलों का अवलोकन किया गया तो सभी लोग बच्चों की प्रतिभा देखकर हैरान थे।
>
> –राम प्रवेश, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

ऑर्गेनिक खाद बनाने का छात्र-छात्राओं ने सीखा हुनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नेशनल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

अमृत विचार : नेशनल पीजी कॉलेज में बीएससी के अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं ने चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जाकर मधुमक्खी पालन, ऑर्गेनिक खाद बनाना, फूड प्रिजर्वेशन अदरक और फूलों का एक्सट्रैक्ट बनाने तथा फलों की जैम- जेली बनाने तथा औषधीय वनस्पतियों को उगाने का तरीका सीखा।

इन सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अभिजीत चैटर्जी और जंतु विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। इसके साथ ही कोऑर्डिनेटर डा. सत्येंद्र कुमार सिंह ने मधुमक्खी पालन, डॉ. एचएन तिवारी ने वर्मी कंपोस्ट बनानाकी विस्तृत जानकारी दी। शैक्षिक भ्रमण में जंतु विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अर्चना सिंह तथा अनुज सिंह ने भी सहभागिता की शैक्षिक भ्रमण में लगभग 63 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया।

शिक्षक बोले, स्कूलों में घटेगी बच्चों की संख्या

निदेशक के आदेश पर शिक्षकों ने जाहिर की नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक में प्रवेश के लिए एक अप्रैल को बच्चा 6 साल का होना अनिवार्य है। इससे नीचे है तो उसका प्रवेश आंगनबाड़ी या फिर प्री-नर्सरी स्कूलों में लिया जायेगा।

इस बारे में आदेश आने के बाद शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की है। शिक्षकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में प्री नर्सरी कक्षाओं का संचालन नहीं होता है। ऐसे में ये बच्चे अगर प्राइवेट स्कूल में प्री नर्सरी में प्रवेश लेकर पढ़ने जाते हैं तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह लौटकर उनके यहां कक्षा-एक में प्रवेश लेंगे। इसके बाद सरकारी सरकारी स्कूलों में नामांकन संख्या तेजी से घटेगी और इसका असर शैक्षिक सत्र 2024-25 में पंजीकृत होने वाले बच्चों का यू डायस पर डाटा फीडिंग के बाद दिखाई पड़ेगा। हालांकि, शिक्षक 2023 में जारी शासनादेश क भी हवाला दे रहे हैं। वहीं विभाग भी अपने निर्णय पर कायम है।

शिक्षकों का कहना है कि 1 अप्रैल की जगह 31 जुलाई तक 6 साल पूरा करने वाले बच्चे को कक्षा-एक में प्रवेश लेने की अनुमति दी जानी चाहिए नहीं तो नामांकन संख्या स्कूलों में घटेगी। शिक्षक कहते हैं कि निदेशक के आदेश के मुताबिक, यदि कोई बच्चा जुलाई मई माह में भी 6 साल पूरा करता है तो नये आदेश के मुताबिक, उसके कक्षा-एक में प्रवेश लेने के लिए पूरे एक साल का इंतजार करना होगा।

बाल वाटिका भेजे जाएंगे 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चे

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

▸▸ सरकारी स्कूलों में कक्षा-एक में प्रवेश के लिए बच्चे का 6 वर्ष का होना अनिवार्य

> 2 अप्रैल को जन्मा हुआ बच्चा पूरे 364 दिन कक्षा-एक में प्रवेश के लिए वंचित नहीं किया जा सकता है। शिक्षा का अधिकार में कभी भी बच्चे का प्रवेश लिया जा सकता है तो उस आधार पर 30 सितंबर तक छूट होनी चाहिए। 1 अप्रैल को साढ़े पांच साल का बच्चा हो रहा है तो उसे प्रवेश देना चाहिए, यह बच्चे का अधिकार है।
>
> –आशुतोष मिश्रा, शिक्षक व प्रदेश महामंत्री प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन

> ये जो 1 अप्रैल को 6 वर्ष पूरा करने वाले बच्चे के एडमिशन का नियम है वो बेसिक के विद्यालयों के लिए घातक सिद्ध होगा। एक तरफ निजी स्कूल 4 वर्ष में ही बच्चे का एडमिशन प्ले ग्रुप में कर ले रहे है तो हमे 6 वर्ष का बच्चा कहां से मिलेगा? विभाग को विचार करना चाहिए।
>
> –महेश मिश्रा मंडल शिक्षक व अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

> अगर यह नियम लागू होना ही है तो निजी विद्यालयों पर भी लागू हो या फिर प्ले ग्रुप विभाग में भी शुरू हो। प्ले ग्रुप के नाम पर मात्र 20% स्कूलों में आंगनबाड़ी है। उसमे से भी 90% चलते ही नहीं है। जब 4 वर्ष का बच्चा निजी विद्यालय में नामांकित हो जायेगा तो 6 वर्ष का होने के बाद क्या बेसिक के विद्यालय में बच्चा वापस आएगा?
>
> –सुलोचना मौर्या शिक्षिका प्रदेश अध्यक्ष महिला शिक्षक संघ

स्कूलों की पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन में लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में इस्तेमाल होने वाली सभी प्रकार की पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा है।

इस संबंध में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी ब्लाक संसाधन केन्द्र (बीआरसी) पर खंड शिक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में प्रशिक्षण भी कराया जा रहा है। लेकिन इस प्रशिक्षण में सरोजनी नगर ब्लाक में बिना किसी सूचना के 15 स्कूलों की शिक्षिकायें नहीं शामिल हुई। इस पर सभी अनुपस्थित शिक्षिकाओं के नाम बीएसए कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से भेजे गये। जिस पर बीएसए राम प्रवेश ने नाराजगी जाहिर करते हुए सभी नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही 15 अप्रैल को कारण सहित उपस्थित होने के निर्देश भी दिए हैं।

▸▸ प्रशिक्षण कार्यशाला से बिना सूचना के गायब हुई 15 शिक्षिकाओं को नोटिस जारी

इन स्कूलों की शिक्षिकाओं को जारी हुआ नोटिस

प्राथमिक विद्यालय पलहेंदा से मनोज कुमार, कन्नीखेड़ा से रश्मि शुक्ला, सोहावा से किरन द्विवेदी, भागूखेड़ा से संगीता कुमारी, रतौली से पूनम लता, घुसवल कला से नीरजा मिश्रा, कालूवीर खेड़ा से अनीता सिंह, चन्द्रावल से चन्द्रप्रभा, रसूलपुर से अर्चना देवी, नटकुर से रीता सिंह, मुल्लाहीखेड़ा से पूनम यादव, शिवदत्तखेड़ा से तनुजा खरे, शाहपुर मझिगवां से याशमीन हाशमी, मकदूमपुर कैथी से गीता देवी, किशनपुर कौड़िया से कंचन कुमारी को नोटिस जारी किया गया है।

अंबेडकर जयंती पर आज से बीबीएयू में होंगे कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ सुबह 9 से शाम 4 बजे तक स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का किया जायेगा आयोजन

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 13 व 14 अप्रैल को यूपी संस्कृति विभाग के सहयोग से अम्बेडकर जयंती एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ रचना गंगवार ने बताया कि 13 अप्रैल को स्लोगन लेखन, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी, आशु भाषण, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक सभी विश्वविद्यालय परिवार के लिए स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। वहीं 14 अप्रैल को प्रात: विश्वविद्यालय परिसर में ही भीम वॉक का आयोजन किया जायेगा। साथ ही गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय में किताबों की प्रदर्शनी आयोजित होगी। इसके साथ ही अटल बिहारी बाजपेयी ऑडिटोरियम में उद्घाटन सत्र का आयोजन होगा। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह द्वारा की जायेगी।मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएयू के पूर्व कुलपति आचार्य जी. ननचरैया मौजूद रहेंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के तौर पर पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम एवं नीति आयोग, नई दिल्ली के सदस्य प्रो. रमेश चन्द्र उपस्थित रहेंगे।

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप

एच0सी0जे0 नं0 33 भाग 7
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय स्थान जिला बाराबंकी
ता0पेशी–24.04.2024
वाद संख्या– सन् 2024 ई0
लक्ष्मी जायसवाल– वादी
बनाम
ग्राम सभा –प्रतिवादी

बृजलाल पुत्र राम खेलावन नि0–बाल बिहार कालोनी जिला व शहर लखनऊ
चूंकि उपरिनामांकित वादी मुकदमा ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि कागज दुरस्तीवाद है अतएव आपका एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हैं और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आप 2024 के 04 के 10 दिवस को निकासी गयी।

न्यायालय की मोहर

कार्यालय ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।
इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत बैरिपुर रामनाथ कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।
नोट:– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — अर्चना, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बैरीपुर रामनाथ, विकास खण्ड– मनकापुर गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत मछली गांव लौकहा विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मछलीगांव लौकहा विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।
इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत मछलीगांव लौकहा कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्रामप्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।
नोट:– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — शिव पूजन पांडेय, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मछली गांव लौकहा विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

कार्यालय ग्राम पंचायत पण्डितपुर विकास खण्ड मनकापुर गोंडा

पत्रांक–मेमो/गौ आश्रय केन्द्र /2024–25
निविदा सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत पण्डितपुर विकास खण्ड –मनकापुर वर्ष 2024–25, गौ आश्रय केन्द्र के अन्तर्गत भूसा, दाना, हराभारा, साइलेज आदि कार्य हेतु आपूर्ति हेतु।
इच्छुक रजिस्टर्ड पंजीकृत फर्मो /कृषक निविदा दिनाँक 15/04/2024 को समय 11 बजे ग्राम पंचायत पण्डितपुर कार्यालय के सील्ड बाक्स में आमंत्रित की जाती है। उसी दिन 3 बजे अपराहन में निविदा खोली जाएगी निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण सनसूचित नही किया जाएगा।
नोट:– निविदा शुक्ल प्रतिभाग करें। 500 रुपये जमा करके प्रतिभाग करें।

राम अजोर, सचिव — किरन देवी, ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पण्डितपुर, विकास खण्ड– मनकापुर, गोंडा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

I, Anil Kumar Elhence Resi- B1/202, Shrinathji Vihar, Sitapur Road, Lucknow changed my name Anil Kumar for all future Purposes.

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्री का नाम गुनगुन उर्फ अक्षिता सिंह है अत: इसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। इसका सही जन्मतिथि 01/04/2009 है। – **सत्येन्द्र सिंह, निवासी– सोनपुर, तुलसीपुर जि.बलरामपुर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम वास्तव में **सावित्री पत्नी रामकुमार, निवासी– ग्राम जाजनपुर, पोस्ट बेहटा, थाना व तहसील बीघापुर, जनपद उन्नाव** निवासी हूं। लेकिन त्रुटिवश मेरा नाम सरोजनी अंकित हो गया है। मुझे सावित्री पत्नी रामकुमार पता उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76201700075852 में पिता का नाम त्रुटिवस राकेश अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिता का नाम मास्टर है इसे ही सही माना जाए। – **देवेंद्र सिंह पुत्र मास्टर, निवासी– बरई सराय ,फर्रूखाबाद**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **लाल मोहम्मद पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम बिकई थाना व तहसील ऊंचाहार जनपद रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जावेद पुत्र लाल मोहम्मद व बहू सना बानो पत्नी मोहम्मद जावेद को उसके ग़लत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने समस्त प्रकार के कार्यो व कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपना नाम Subham Modi (शुभम मोदी) से बदलकर Shubham Modi (शुभम मोदी) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। – **शुभम मोदी पुत्र परमानंद मोदी ग्राम मेन रोड गांधीनगर, पोस्ट गांधीनगर, थाना कोतवाली, जिला बस्ती।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा आईसीएसई बोर्ड 2019 का हाईस्कूल का अंक पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 1196301/064 है, तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 का पास प्रमाण पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 2213941/051 है, कहीं खो गया है। – **अभिराज सचान पुत्र राकेश कुमार सचान, निवासी– बी.08 स्वप्निल संगम सोसाइटी थाना बिजनौर लखनऊ**

सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे आधार पर मेरा नाम प्रेम लिखा है। जबकि मेरा पूरा नाम प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू है। लोग मुझे दोनों नाम से जानते व पहचानते हैं। मेरे एलआईसी बांड में भी मेरा नाम प्रेम नारायन साहू दर्ज है। – **प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू, ग्राम पंचायत सिंगाही, पोस्ट–रैपुरा, थाना– फखरपुर बहराइच**

सूचना

सूचित हो कि मैं मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह से काफी परेशान रहता हूं। उसके चाल–चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से उसका कोई लेना देना नहीं है। – **मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह, निवासी–मो0 चिक्कीपुरा, निकट–काली मंदिर, थाना– कोतवाली नगर बहराइच**

सूचना

सूचित हो कि मैं **दिलीप कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल, निवासी– ग्राम राजापुर इन्दौरा, परगना महोना, थाना व तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ,** मेरा छोटा पुत्र है जिसकी आयु लगभग 24 वर्ष गलत संगत का शिकार हो गया है तथा कई लोगों को गुमराह करके मेरे नाम से कर्ज ले चुका है।
वह घर परिवार में गाली– गलौज तथा मारपीट करता है इसलिए अपने पुत्र अरूण कुमार के कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि वह कोई अनुचित कार्य करता है। तो मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचना

सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं– 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेज कैसरबाग लखनऊ**

सूचना

कुछ कागजातों में मेरा नाम अमित कुमार वर्मा दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अभिसेक वर्मा शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों में है। अत: मेरा यही नाम लिखा व पढ़ा जाये। **निवासी– गौरिया, लश्करपुर बिसवा जिला– सीतापुर।**

सार-संक्षेप

हिन्दी ओलम्पियाड में छात्रा को मिला स्वर्ण पदक

काव्या भूषण तिवारी

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के कक्षा-6 की मेधावी छात्रा काव्या भूषण तिवारी ने हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल किया है। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है।

मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड होगा कर्मचारियों का ब्योरा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों व अधिकारियों की तरह अब लखनऊ विश्वविद्यालय के भी कर्मचारियों का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड होगा। इस संबंध में विश्वविद्याल के कुलसचिव डॉ विनोद कुमार ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। कुलसचिव ने कहा कि आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। सभी कर्मचारियों को ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अनिवार्य है। ऐसे में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में कार्यरत सभी कर्मचारियों पर ये आदेश लागू होगा। इसके लिए अंतिम तिथि 15 अप्रैल तय की गई है। कुलसचिव ने उन्होंने बताया कि डीटीपी अनुभाग को सभी डाटा उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। शासन के निर्देश पर सभी कर्मचारियों का डाटा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करना है। जिन कर्मचारियों का डाटा अपलोड नहीं होगा उनका वेतन भी रुक सकता है। उन्होंने कहा कि डाटा अपलोड कराने में कर्मचारियों को भी सहयोग करना होगा।

राम हनुमत महोत्सव का आयोजन आज से

अमृत विचार, लखनऊ : हनुमत सेवा समिति की ओर से 13 व 14 अप्रैल को अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डेन में राम हनुमत महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। इसमें महाआरती, सुंदरकांड पाठ, भजन एवं विख्यात हनुमत संग्रहालय के दर्शन होंगे। इसके साथ सम्मान समारोह और हनुमत क्विज का आयोजन भी होगा। संयोजक विवेक पाण्डेय ने बताया कि लिम्का एवं गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में 40 हजार से अधिक हनुमान की तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेन्टिंग और पुस्तकें रहेंगी। शनिवार 13 अप्रैल को शाम 4:30 बजे मंगलाचरण के बाद 4:45 बजे सुंदरकाण्ड गायक गोपाल मिश्र प्रस्तुत करेंगे। शाम 7:30 बजे हनुमत कृपा सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। शाम 7:45 बजे स्थानीय लेटे हुए हनुमान मंदिर के सेवक डॉ. विवेक तांगड़ी द्वारा और देवता चित न धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई, संकटमोचन हनुमान पर व्याख्यान दिया जाएगा। रात 8:40 बजे प्रयागराज के प्रख्यात हनुमत स्वरूप जितेन्द्र बजरंगी हनुमत भजनों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करेंगे।

नवोदित वकीलों के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिता जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लविवि से संबद्ध विधि महाविद्यालयों सहित 32 टीमें हो रहीं शामिल

अमृत विचार : किसी भी विधि शिक्षण संस्थान में मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन होना अनिवार्य है क्योंकि ये देश के वकीलों के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। इससे विधि छात्रों को अपने सार्वजनिक बोलने के कौशल को सुधारने, प्रेरक तर्क विकसित करने और अपने पैरों पर खड़े होकर सोचने व सीखने की क्षमता को विकसित करता है।

ये बात लखनऊ विश्वविद्यायल के द्वितीय परिसर में शुक्रवार को शुरू हुई अंतर महाविद्यालय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान विधि संकाय के अधिष्ठाता व प्रोफेसर बंशीधर सिंह ने कही। इस प्रतियोगिता में लविवि से संबद्ध महाविद्यालयों की 32 टीमें भाग ले रही हैं। प्रोफेसर बंशीधर ने कहा मूट कोर्ट का उद्देश्य नवोदित वकीलों की कानूनी कुशाग्रता को तेज करना और उन्हें पेशे के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना है।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि छात्र जटिल कानूनी मुद्दों का विश्लेषण कर सके इसमें मूट कोर्ट प्रतियोगिता काफी सहायक होती है। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि कानून सबसे उत्तम व्यवसायों में से एक है और इसका अभ्यास समाजसेवा के उद्देश्य से करना चाहिए, न कि केवल धन के लिए। अंत में, मुख्य अतिथि अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह राजावत ने 1870 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय से शुरू होने के बाद से मूट कोर्ट के इतिहास पर प्रकाश डाला। मूट कोर्ट की शुरुआत भारत में बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा 1981 में की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे मेमोरियल का मसौदा तैयार किया जाए और अदालतों में मामलों की पैरवी की जाए।

मूट कोर्ट प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्रा व उपस्थित अतिथि।

प्रवेश प्रारम्भ — प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

हर्षोल्लास से मनी ईद, मांगी देश की खुशहाली की दुआ

शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में अदा की गई ईद की नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। फितरा निकालने के बाद लोगों ने विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। राजधानी में एतिहासिक आसिफी मस्जिद, ऐशबाग ईदगाह और टीले वाली मस्जिद में सबसे ज्यादा नमाजियों ने नमाज अदा की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ऐशबाग ईदगाह और आसिफी मस्जिद में नमाजियों को ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे। ऐशबाग ईदगाह में पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी पहुंचे थे। ईदगाह में ब्रजेश पाठक के पहुंचने के फ़ौरन बाद अखिलेश यादव का काफिला भी पहुंचा। अचानक से दोनों नेता आमने-सामने आ गए तो भारतीय लोकतंत्र की ख़ूबसूरती का नमूना देखने को मिला। दोनों नेताओं ने आगे बढ़कर गर्मजोशी से एक दूसरे से हाथ मिलाया। शायद यह पहला मौका रहा हो कि ईदगाह के इमाम खालिद रशीद फिरंगी महली के साथ अखिलेश और ब्रजेश पाठक ने एक साथ नमाजियों का अभिवादन स्वीकार किया और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं।

ब्रजेश पाठक के साथ अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और अखिलेश यादव के साथ विधायक रविदास मेहरोत्रा भी थे।

आसिफी मस्जिद में नमाज के फ़ौरन बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पहुंचकर मौलाना कल्बे जवाद से मुलाकात की और उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। टीले वाली मस्जिद में मौलाना फजले मन्नान वायजी नदवी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क की खुशहाली और विकास के लिए दुआ कराई। ईद-उल-फितर 30 रोजों के बाद आने वाला त्योहार है। इस त्योहार की मुख्य डिश सिवईं होती है। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से मिलने उनके घरों पर गए और मुंह मीठा किया।

बड़े इमामबाड़े में ईद की नमाज के दौरान दुआ मांगते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

भाजपा नेताओं ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को दी ईद की मुबारकबाद

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा नेताओं ने गुरुवार को ईद के अवसर पर मुस्लिम धर्म गुरुओं से मुलाकात की और उनको मुबारकबाद दी। भाजपा नेता नीरज सिंह और एमएलसी मुकेश शर्मा ने मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना कल्बे जवाद नकवी, मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली और मौलाना हमीदुल हसन से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान अम्बर फाउंडेशन के अध्यक्ष वफा अब्बास, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शमसी आदि मौजूद रहे।

बड़े इमामबाड़े में ईद की नमाज के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई देते बच्चे।

कल्बे जव्वाद को ईद की बधाई देते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में मंत्री दानिश अली आजाद।

एक नजर

होली और ईद मिलन कार्यक्रम आज

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ द्वारा होली एवं ईद मिलन समारोह उप्र कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शाम 4 बजे से होगा। श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि होली और ईद सौहार्द का त्योहार है। और हम सभी भाई को इसको मिलकर मनाना चाहिए। कांग्रेस हमेशा से अनेकता में एकता पर विश्वास करती हैं। इस मिलन समारोह का उद्देश्य है कि लोगों में आपसी भाईचारा बना रहे।

बलरामपुर में क्यूआर से भुगतान की सुविधा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर चिकित्सालय में शुक्रवार से क्यूआर कोड से शुल्क जमा करने की सुविधा शुरू करा दी गई है। अस्पताल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति खाते का क्यूआर कोड सक्रिय हो चुका है। मरीज अपने मोबाइल के माध्यम से क्यूआर कोड को स्कैन करके गूगल-पे, फोन-पे तथा पे-टीएम से शुल्क जमा कर सकते हैं।

भंडारा व रक्तदान शिविर आज

अमृत विचार, लखनऊ : संत परंपरा में संत कंवर राम साहिब सिंधी समाज के संतों में से एक थे। समाज के वंचित, दिव्यांग, गरीबों के लिए उनके सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। संत का 139वां जन्मोत्सव शनिवार को संत कंवर राम चौराहा आलमबाग में मनाया जायेगा। संत मोहन लाल शिव शांति संत असुदा राम आश्रम आलमबाग की ओर से सुबह 9:00 बजे चौराहा स्थित संत की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। इसके बाद भंडरा और 11.30 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। गुरु माता दयाली देवी सेवा मंडल के सदस्य प्रीतम वालेचा ने बताया कि 15 वर्षो से भंडारा व रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है। लगभग 30 हजार लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। संस्था के सदस्य विनय, हंसराज, मोहन, कमल, हैपी, संतोष, अजीत, सुनील, संदीप, तेज नारायण, दीप, श्याम, अनूप, विकी, राजेश, भरत आदि पूरे दिवस सेवा संचालन करते हैं।

ईद पर साढ़े आठ हजार लोगों ने की प्राणि उद्यान की सैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ईद के अवसर पर चिड़ियाघर में उमड़ी भीड़
- तेज धूप के बाद भी प्रवेश द्वारों पर दिखी लंबी कतार

अमृत विचार : शेर पूंछ बंदर बाड़े के बाद टाइगर हाउस पर दर्शकों की खासी भीड़ रही। पेड़ की छांव में जमीन से तकरीबन तीन फुट ऊंचे मचान पर बैठे टाइगर को देख दर्शकों में उसकी तस्वीर खींचने में होड़ मच गई। पार्क में लगे झूले में बच्चे ही नहीं बड़े भी अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। यह नजारा बीते गुरुवार का नवाब वाजिदअली शाह प्राणि उद्यान में दिखा।

ईद के मुबारक मौके पर यहां पर सुबह से दर्शक पहुंचने शुरू हो गए। नरही की तरफ बने मुख्य द्वार और डॉलीबाग की तरफ बने प्रवेश द्वार पर लंबी लाइन लगी रही। चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार ईद वाले दिन यहां आठ हजार से अधिक लोगों ने यहां की सैर की। भीड़ को देखते हुए प्राणि उद्यान में नरही की चार और डॉलीबाग की तरफ दो अतिरिक्त टिकट काउंटर की व्यवस्था की गई थी। दर्शकों ने यहां पर डियरलाइन के बार टाइगर हाउस देखा।

शेर पूंछ बंदर दर्शकों में आकर्षण का केंद्र रहा। चंद्र पुरी स्टेशन पर भी भीड़ रही। यहां पर बाल ट्रेन में सफर करने को लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ा। सफर के दौरान उत्साहित बच्चे खूब शोर मचाते दिखे। मुख्य द्वार की ओर जिराफ, भालू, गैंडा, जेब्रा, बब्बर शेर के साथ ही अन्य जानवरों के मॉडल के साथ ही भी लोगों ने खूब फोटो खिंचवाई और सेल्फी ली।

चिड़ियाघर निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि ईद वाले दिन 8540 दर्शक चिड़ियाघर घूमने पहुंचे। दर्शकों के लिए पर्याप्त पानी और अन्य व्यवस्था की गई थी। 10 वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई थी।

लखनऊ प्राणि उद्यान में ईद के अवसर पर लगी दर्शकों की भीड़। अमृत विचार

छह से आठ हमलावर, 30 सेकेंड में चलाई चार गोलियां

पूर्व ब्लॉक प्रमुख जयकरन को गिरता देख युवती ने मचाया शोर, गांव छावनी में तब्दील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई वर्षों से दोनों पक्षों में चल रहा है जमीन का विवाद
- एक मामले में मुख्य आरोपी के भाई को हुई थी जेल

अमृत विचार : असलहों से लैस होकर पैदल पहुंचे हमलावरों ने महज 30 सेकेंड में हत्याकांड को अंजाम दे दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छह से आठ की संख्या पहुंचे हमलावर सामना होते ही फायरिंग कर भाग निकले। घटना की पीछे की वजह को लेकर ग्रामीण तमाम तरह की अटकलें लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

तेजकिशन खेड़ा गांव में हुए हत्याकांड के बाद गांव छावनी में तब्दील हो गया। घटना जयकरन के घर के समीप नीम के पेड़ के पास की है। प्रत्यक्षदर्शी जयकरन यादव के घर की महिला सोनी यादव का कहना है कि वह घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनंतराम यादव व जयकरन आते दिखे। इसी बीच छह से आठ की संख्या में असलहों से लैस हमलावर पहुंचे और बिना बोले ही गोलियां बरसाते हुए भाग निकले। सोनी के अनुसार, आधा मिनट में ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। पूर्व ब्लॉक प्रमुख व जयकरन को जमीन पर गिरते देख शोर मचाकर मदद के लिए परिजन को बुलाया। कुछ लोगों ने पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। हत्याकांड को लेकर गांव के कुछ लोगों का कहना है कि दोनों परिवारों के बीच सड़क किनारे एक जमीन के टुकड़े को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा है। पूर्व में भी दोनों के बीच मारपीट हुई थी। तब भी मामला थाने तक पहुंचा था।

सूत्रों की मानें तो इस हमले के पीछे जमीन की रंजिश के अलावा एक माह पहले एक अन्य मामला भी जुड़ गया था। जिससे दोनों पक्षों के बीच रंजिश और बढ़ गई थी। सूत्रों का कहना है कि एक माह पूर्व मुख्य आरोपी का भाई महिला अपराध में जेल भेजा गया था। इस वजह से ही यह हत्याकांड अंजाम दिया गया। सूत्रों का कहना है कि मुख्य आरोपी एक बड़े दल के नेता का रिश्ते में मुंहबोला भांजा है। वहीं अनंतराम का छोटा भाई ग्राम प्रधान है। जबकि पूर्व ब्लॉक प्रमुख भी राजनीतिक पहुंच रखते हैं और काकोरी थाने के हिस्ट्रीशीटरों की सूची में शामिल रहे हैं। इसके चलते राजनीतिक रंजिश में भी घटना अंजाम देने की चर्चा है।

मृतक अनंतराम यादव

घायल जयकरन

पुलिस ने शुरू की जांच

काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, मृतक अनंतराम यादव किसानी करते थे। वह छह भाइयों में दूसरे नंबर के थे। सबसे छोटा भाई रामपाल वर्तमान में प्रधान है। परिवार में पत्नी दयावती, बेटा रंजीत (32), फूलचंद (20), रामबाबू (25) और तीन बेटियां राधा, रानी व कोमल सभी की शादी हो चुकी है। इंस्पेक्टर ने बताया, परिजन ने तहरीर दी है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सुविधा | लोहिया संस्थान में शुरू हुआ सुपर स्पेशलिटी आईसीयू

किडनी के मरीजों को मिलेगा संपूर्ण इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में किडनी के गंभीर मरीजों को अब एक ही छत के नीचे पूरा इलाज मिलेगा। इसके लिए नेफ्रोलॉजी विभाग में सुपर स्पेशलिटी आईसीयू शुरू हो गया है। चार बेड के आईसीयू का शुक्रवार को लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ.सीएम सिंह ने उद्घाटन किया। नेफ्रोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. अभिलाष चंद्रा ने बताया कि किडनी के गंभीर मरीजों को वेंटीलेटर और डायलिसिस की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलेगी।

मरीजों की मानिटरिंग करना भी आसान होगा। आईसीयू की यह सुविधा किडनी रोगियों के लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इलाज के दौरान उन्हें आईसीयू की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है। उत्तर प्रदेश में यह दूसरा संस्थान है जिसमें सरकारी सेटअप में नेफ्रोलॉजी आईसीयू में डायलिसिस और आईसीयू सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। उद्घाटन के समय प्रो. एके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो. विक्रम सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अभिलाष चन्द्रा, विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी, डॉ. नम्रता राव, एडीशनल प्रोफेसर, डॉ. मजीबुल्लाह अंसारी असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संकाय सदस्य और कर्मचारी उपस्थित रहे।

फीता काटकर आईसीयू का उद्घाटन करते संस्थान के निदेशक डॉ.सीएम सिंह।

न्यू उपकार हॉस्पिटल पर जुर्माना लगाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईजीआरएस पर शिकायत के बाद कराई थी अस्पताल की जांच
- बिना पंजीकरण संचालन पर सीएचसी प्रभारी ने करा दिया था बंद

अमृत विचार : बिना पंजीकरण संचालित हो रहे मोहनलालगंज स्थित न्यू उपकार हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग जुर्माना लगाएगा। आईजीआरएस पर की गई शिकायत पर सीएचसी की टीम ने बीते दिनों जांच कर अस्पताल में ताला जड़ दिया था।

सिपाही शरद की पत्नी का बीते साल उपकार अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन किया गया था। इसमें बच्चे की मौत हो गई थी। सिपाही ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाकर सीएमओ से शिकायत की थी। सीएमओ ऑफिस ने मामले की जांच कराई। अस्पताल में जिस डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन करने का दावा किया गया था, फाइल पर उसका नाम ही दर्ज नहीं था। दूसरी गाइनकोलॉजिस्ट का नाम व मुहर लगी थी लेकिन उस महिला डॉक्टर ने अस्पताल में ऑपरेशन नहीं किया था। इसके बावजूद मामले में लीपापोती कर दी गई।

इसके बाद अस्पताल न्यू उपकार हॉस्पिटल नाम से शुरू कर दिया गया। कुछ दिन बाद आईजीआरएस पर फिर अस्पताल की शिकायत कर दी गई। जांच में न्यू उपकार हॉस्पिटल भी बिना पंजीकरण संचालित मिला। मोहनलालगंज सीएचसी प्रभारी ने अस्पताल में ताला लगाकर संचालन रोक दिया था। अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर ली है। सीएमओ डॉ. मनोज ने बताया कि बिना पंजीकरण संचालित मिले अस्पताल पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

लखनऊ नगर निगम

लखनऊ लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
ई-मेलः nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरांत नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी-2) के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित संबंधित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

जोन-2

क्र. स.	भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम	दर्ज भवन स्वामी का नाम	प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम	आधार
1	283/412 गढी कनौरा	श्रीमती अफसरी	श्रीमती सदफ खातून पत्नी उजैर अली	विक्रय विलेख
2	एफ एफ 222 विधायक निवास	श्री संजय गर्ग	श्रीमती प्रेमलता सिंह	रजिस्ट्री
3	269/145/1 विरहाना	श्रीमती श्यामा देवी	श्री विकास वर्मा व नितिन वर्मा व संचिन वर्मा	रजिस्ट्री, पारिवारिक
4	289/020 मोतीनगर	श्री रंजीत सिंह, इन्द्रजीत कौर, श्री गुरुजीत सिंह	श्री तमन्ना अरोरा	रजिस्ट्री
5	276/009क (GIS) राजेन्द्र नगर	श्री सुख सागर व सी.ए. शाह	श्री सुख सागर	रजिस्ट्री
6	सी-1885/001 राजाजीपुरम	बी.एस.वर्मा	अजय कुमार	मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र (पारिवारिक)
7	सी-2833 राजाजीपुरम	भुइयादीन	राजेश कुमार कन्नौजिया	दान विलेख
8	255क/055 (GIS) खजुहा	मीरा सिंह	श्रीमती श्यामा सिंह	पंजीकृत दान विलेख, शपथ पत्र
9	268/046/141क खजुहा	नजमा परवीन	श्रीमती पिंकी पत्नी विकास हिलौलिया व विकास हिलौलिया	पंजीकृत बैनामा, शपथ-पत्र
10	283/302/ 01 गढ़ी कनौरा	इन्दुकली देवी	श्रीमती पूनम सिंह पत्नी संजीव सिंह	मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री
11	283/711 गढ़ी कनौरा	लाल मुन्नी देवी	अनिल कुमार सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह	दान विलेख
12	278 न्यू/075 ऐशबाग रोड मालवीय नगर	श्रीमती सावित्री देवी पत्नी गुरुशरण गुप्ता	श्री आशुतोष कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रभात कुमार	रजिस्टर्ड, दान विलेख
13	एल एम/012 मोतीझील कॉलोनी	दुर्गा प्रसाद शुक्ला	श्री विकास गुप्त शुक्ला श्री चन्द्र गुप्त शुक्ला	मृत्यु प्रमाण पत्र/अपंजीकृत वसीयत
14	290/306 पाण्डेय तालाब	बृजबिहारी	श्रीमती निर्मला देवी पत्नी स्व0 बृज बिहारी	मृत्यु प्रमाण पत्र
15	285/171 (237) करेहटा	श्री सेवा राम	श्रीमती रिंकी सिंह पत्नी अखिला नन्द सिंह	रजिस्ट्री
16	207/010 चौधरी गढैया यहियागंज	मो0 सिराज	श्रीमती सायरा बानो पत्नी स्व0 मो0 सिराज	मृत्यु प्रमाण पत्र
17	227/042 अस्तबल यहियागंज	चन्द्रिका प्रसाद	श्रीमती शान्ती देवी पत्नी श्री चन्द्रिका प्रसाद	मृत्यु प्रमाण पत्र
18	351/052 दरियापुर	सतगुरू सक्सेना	जगदीश मोहन वैश्य	रजिस्ट्री
19	MIG 042 ऐशबाग रोड ऐशबाग	दिलबाग राय	जीत कुमार ढीगरा	गिफ्ट डीड, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र
20	सी-3590 राजाजीपुरम	श्रीमती विटान देवी शुक्ला	संजय शुक्ला व आनन्द शुक्ला पुत्र सन्तोष शुक्ला	पारिवारिक मृत्यु प्रमाण पत्र
21	सी-1185 राजाजीपुरम	मनोज कुमार	श्रीमती सुमन देवी पत्नी स्व0 मनोज कुमार	पारिवारिक मृत्यु प्रमाण पत्र
22	डी-98 राजाजीपुरम	मुक्तेश्वरी देवी श्रीवास्तव	श्रीमती सुधा श्रीवास्तव पत्नी स्व0 रमेश चन्द्र श्रीवास्तव	पारिवारिक मृत्यु प्रमाण पत्र
23	डी-018 राजाजीपुरम	डॉ0 अमित चौधरी पुत्र बसन्त कुमार चौधरी व डॉ0 सविता चौधरी	श्रीमती प्रमिला साहू पत्नी राधेश्याम साहू	रजिस्ट्री
24	एफ-3350, राजाजीपुरम कुंअर ज्योति प्रसाद	तेज बहादुर श्रीवास्तव	श्री अजय कुमार श्रीवास्तव	दान विलेख
25	ई-4103 राजाजीपुरम कुंअर ज्योति प्रसाद	श्री राजेन्द्र कौर	श्री कमल मखीजा	दान विलेख
26	255/096/9 कुण्डरी रकाबगंज	श्रीमती मीना गुप्ता	शुभम गुप्ता	शपथ पत्र, दानपत्र विलेख

जोन-5

क्र. स.	भवन संख्या व मोहल्ला	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम दर्ज होना है	नामान्तरण का आधार
1	एसबीएन/066-बी/018 शिवम नगर	श्रीमती बताशा देवी	श्रीमती इन्द्रावती यादव	रजिस्ट्री
2	561/279 सिन्धु नगर	श्री भारत भूषण त्रिपाठी	श्रीमती शाशि त्रिपाठी व अनुभव त्रिपाठी व कृष्ण भूषण	परिवारिक
3	553/113/1 आदर्श नगर	श्री बी0सी0 शर्मा	श्री राजीव शर्मा	रजिस्ट्री
4	एएनएस/007 अली नगर सुनहरा	श्री महिपाल	श्री बाबू सिंह सेंगर	रजिस्ट्री
5	एएनएस/केएन-988 अली नगर सुनहरा	श्री आशीष मिश्रा	श्री मनीष मिश्रा	रजिस्ट्री
6	582/1446/01 बदाली खेडा	श्री चन्दन	श्री मुकेश कुमार द्विवेदी व वेद प्रकाश यादव	रजिस्ट्री
7	केएन-3365-3571,3576, 3574(पीएन-18)गिन्दन खेडा	श्रीमती सुनीता	श्रीमती रीना गुप्ता	रजिस्ट्री
8	एपीयू/60 नारायणपुरी	श्री सियाराम कुरील	श्री सुरेश कुमार सिंह	दान विलेख
9	566/546 जयप्रकाश नगर	श्री हरीष कुमार रायजादा	श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव	परिवारिक
10	552/039/1 चन्दर नगर आंशिक	श्री रनधीर सिंह सेठी	श्री शेख अब्बास व जहीर अब्बास	रजिस्ट्री
11	568/252/2 अहमदपुर	श्री भगोले प्रसाद	श्री अर्जुन कुमार	परिवारिक
12	554/914 छोटा बरहा	सरदार त्रिलोचन सिंह	श्री परमजीत सिंह	परिवारिक
13	568/507 अहमदपुर	श्रीमती निर्मला	श्रीमती लज्जावती	परिवारिक
14	568/520/01 अहमदपुर	श्री अनाथ बन्धु	श्री कपिल मोहन बाजपेई व वन्दना बाजपेई	रजिस्ट्री
15	551क/ओ-564 ओम नगर	श्री गरीबे कोरी	श्री शीतला प्रसाद	परिवारिक
16	554/1417 पवनपुरी	श्री अरविन्द सिंह	श्री रूपम सिंह	परिवारिक
17	554/1262 पवनपुरी	स्व0 बृजमोहन मिश्रा	श्री विजय कुमार मिश्रा	कोर्ट आदेश
18	551क/ओएम-352 ओम नगर	श्रीमती किरन माथुर	श्री प्रखर माथुर व कृष्णगोपाल माथुर	दान विलेख
19	554/1201 छोटा बरहा	श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह	श्रीमती सीमा सिह	दान विलेख
20	554/360/01 छोटा बरहा	श्री सुनील कुमार	श्री गौतम	रजिस्ट्री
21	557/344 ओम नगर	श्री राकेश कुमार	श्रीमती माधवी सिंह चौहान	रजिस्ट्री
22	556/038/01 सुजानपुरा	श्री निसार खान	मो0 कैफ खान	दान विलेख
23	549/021/1 बडा बरहा	श्रीमती सरस्वती	श्रीमती वन्दना वर्मा	रजिस्ट्री
24	555ग/165/1 जाफर खेडा	श्रीमती रामदेई	श्रीमती मीना प्रजापति	वसीयत
25	एएनआर/128 आशुतोष नगर	श्री भुवनलाल साह जगाती	श्रीमती दया जगाती	परिवारिक
26	एएनआर/453 आशुतोष नगर	श्रीमती सीमा देवी रजवानी व ज्योति रजवानी	श्री संजीव द्विवेदी	रजिस्ट्री
27	568ख/103 गीतापल्ली	श्रीमती जगरानी	श्री गंगा प्रसाद कुरील	परिवारिक
28	570-एस/139 सैनिक नगर	श्रीमती माधुरी देवी	श्री श्याम मोहन	परिवारिक
29	केएन-3623 मिन गिन्दन खेडा	श्रीमती तुलिका अग्रवाल	श्रीमती रीना गुप्ता	रजिस्ट्री
30	पीएन-314 बेहटवा	श्री संकटा प्रसाद	श्रीमती अनन्या प्रकाश व नयत वेद व दुति वेद	रजिस्ट्री
31	केएन-3688/6 अमौसी	श्री सर्वजीत सिंह	श्री मिथलेश कुमार शुक्ला व सविता शुक्ला	रजिस्ट्री
32	578/291 गौरी	श्री सुधीर सिंह	श्री चन्द्र कान्त पाल	रजिस्ट्री
33	एएनसी/002 आजाद नगर चिल्लावाँ	श्री मुन्नी लाल पासी	श्री राजपाल सिंह	रजिस्ट्री
34	568ख/197 गीतापल्ली	श्री राम सेवक	श्रीमती माधुरी देवी व प्रियांशी वर्मा	वसीयत
35	552/093 चन्दर नगर आंशिक	श्री हरचरन सिंह	श्री अमरपाल सिंह ओबेराय	परिवारिक
36	551घ/229 नटखेडा	श्रीमती माया देवी	श्री अश्वनी कुमार यादव	परिवारिक
37	565क/159/01 पूरन नगर	श्री राजेन्द्र सिंह	श्री प्रदीप कुमार व हिमांशु	रजिस्ट्री
38	568 ख/ 175 गीतापल्ली	श्री अंजनी	श्री बलेन्द्र सिंह	रजिस्ट्री
39	551क/जी-721/1 भिलॉवा	श्री राजेन्द्र प्रसाद रावत	श्रीमती प्रियंका गोयल	रजिस्ट्री
40	568 क / 022 कृष्णापल्ली	श्रीमती सुधा बाजपेई	श्री संन्तोष सिंह	रजिस्ट्री
41	568ख/634 गीतापल्ली	श्री गीताराम पन्त	श्रीमती अनुराधा पाल व कुलदीप सिंह पाल	रजिस्ट्री
42	570/496/1 पकरी	श्रीमती शिवकुमारी पाण्डेय	श्री सन्दीप राज पाण्डेय	दान विलेख
43	570/1332एफ पकरी	श्रीमती सरोजनी देवी	श्री अनिल गुप्ता	दान विलेख
44	570/ए-139 सैनिक नगर	श्रीमती माधुरी देवी	श्री श्याम मोहन	परिवारिक
45	567/167/2 आनन्द नगर	श्री ओम प्रकाश वर्मा	श्री मो0 युसूफ	रजिस्ट्री
46	553/127 आदर्श नगर	श्री अरूण कुमार, विजय भूषण, अन्जना गोयल, श्रीमती सुषमा ग्रोवर	श्रीमती सुशीला देवी अग्रवाल	रजिस्ट्री
47	560/346/एबी/1 कृष्णानगर	श्री चन्द्रभूषण शर्मा	श्री प्रज्जवल शर्मा	दान विलेख
48	560/346-एबी	श्री चन्द्रभूषण शर्मा	श्री प्रभाशकान्त शर्मा	दान विलेख
49	568ख / 199ए गीतापल्ली	श्रीमती फूलकली	श्री मनोज कुमार पाल	रजिस्ट्री
50	554क/260/01 अर्जुन नगर	श्री केशवदास	श्री प्रेम गुलाटी	वसीयत
51	554क / 260 अर्जुन नगर	श्री केशवदास	श्रीमती सुषमा गुलाटी व अशोक कुमार गुलाटी	वसीयत
52	केएन-310 गौरी	श्रीमती शशी सिंह	श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव	रजिस्ट्री
53	PN-18 (KN-1042) गौरी	प्रभाग आनन्द जैन	श्रीमती शशी बाला	रजिस्ट्री

जोनल अधिकारी
नगर निगम लखनऊ

एक नजर

मूंगफली मंडी के पास स्कूटी में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज कोतवाली अंतर्गत मूंगफली मंडी में शुक्रवार सुबह एक स्कूटी में आग लग गई। जिसके बाद राहगीरों ने घटना के बारे में फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद चौक फायर स्टेशन से घटनास्थल पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। एफएसओ चौक ने बताया कि सआदतगंज कोतवाली अंतर्गत दरगाह रोड गोल दरवाजा निवासी अब्दुल मलिक स्कूटी के मालिक है। हालांकि, आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका है।

मारपीट पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा थाने में पुलिस ने मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज की है। खटोला गांव निवासी विकास रावत ने बताया गुरुवार के पड़ोसी राजकरन नशे की हालत में उसकी दुकान के सामने गालियां रहे थे। उसने विरोध किया तो डंडे से पीट दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इनामी लुटेरा गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : महिगवां पुलिस ने गुरुवार को 25 हजार का इनामिया लुटेरा दौलतपुर निवासी अंकुल को इलाके से दबोच लिया। डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया कि आरोपित पर बाराबंकी समेत कई थानों में लूट समेत अन्य धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित को जेल भेजा गया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म के आरोप में उन्नाव के औरास निवासी प्रशांत शुक्ला को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी को जेल भेजा।

बैसाखी पर लंगर का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : भोला खेड़ा में जोयफुल हैप्पी अवर्स स्कूल परिसर में बैसाखी के उपलक्ष्य में लंगर का आयोजन हुआ। बच्चों संग स्कूल की प्रधानाचार्या श्वेता अरोरा, शिक्षक व शिक्षिकाओं ने लंगर छका। प्रधानाचार्या ने पर्व के महत्व के बारे में बताया।

सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, पांच घायल

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए हादसे, शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम हाउस भेजा शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मोहनलालगंज, काकोरी और ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं

अमृत विचार: मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत हरीकंश गढ़ी पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार पवन कुमार (38) की मौत हो गई। वहीं काकोरी मे मोहान रोड पर तेज रफ्तार डीसीएम ने दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू (40) रौंद दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके अलावा ठाकुरगंज क्षेत्र के गुलाला घाट के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गई। हादसे में बाइक चला रहे अरसू व उनके दो दोस्त घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां अरसू की मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि नगराम के इब्राहिमाबाद पवन कुमार राजमिस्त्री था। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे बगैर हेलमेट बाइक से अपने साथी अखिलेश के साथ लखनऊ काम पर जा रहे थे। तभी लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरिकंशगढी पुलिस चौकी के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। भीड़ बढ़ने पर चालक ट्रैक्टर छोड़कर घटनास्थल से भाग निकला। पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। पत्नी श्रीमती का कहना है कि वहीं, पवन 50 मिनट तक तड़पते रहे, मगर लोगों ने उनकी मदद के बजाय उनका वीडियो बनाते रहे। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अभी तक परिजनों की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। फिलहाल, ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है।

वहीं काकोरी के शिवरी निवासी शटरिंग कारीगर दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू गुरूवार सुबह दवा लेने पैदल ही घुरघुरी तालाब जा रहा था। मोहान रोड परपानखेड़ा के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने उन्हें रौंद दिया। हालांकि, राहगीरों और ग्रामीणों के शोर मचाने पर चालक डीसीएम छोड़ भाग निकला। काकोरी प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि डीसीएम को कब्जे में लेकर आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा ठाकुरगंज के अहमदगंज निवासी निज चालक अरसू दोस्त इफ्तिखार व नसीम के साथ ईद मिलने बाइक से जा रहे थे। गुलाला घाट के पास बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक चला रहे अरसू व दोनों दोस्त घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां अरसू की मौत हो गई।

पेड़ से टकराया तेज रफ्तार डंपर, चालक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बंथरा थाना अंतर्गत कटी बगिया के पास गुरुवार तड़के एक तेज रफ्तार डंपर बैरिकेडिंग तोड़ते हुए एक पेड से टकराया। इस दुर्घटना के बाद डंफर चालक विपिन (30) केबिन में फंस गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हमीरपुर जिले के थाना बीमार गांव पाटन निवासी डंफर चालक विपिन गुरुवार तड़के करीब 4 बजे अपने मौरंग लाद कर लखनऊ आ रहा था। बंथरा में कानपुर रोड स्थित कटी बगिया के पास उसे झपकी आ गई। तभी डंपर रोड किनारे लगी बैरिकेटिंग तोड़ते हुए एक नीम के पेड़ में जा घुसा। केबिन में फंस कर उसकी मौत हो गई।

जेब में रखा मोबाइल फटा दुकानदार हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोसाईंगंज इलाके के जौखण्डी का मामला, रेडमी कंपनी का था मोबाइल

अमृत विचार: गोसाईंगंज इलाके में जेब में रखा मोबाइल फोन फटने से व्यापारी की जांघ बुरी तरह घायल हो गई। घटना से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। परिजन ने आनन-फानन उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

इलाके के जौखण्डी निवासी प्रदीप कुमार गांव के बाहर पान की गुमटी रखे है। रोज की तरह ही गुरुवार सुबह वह दुकान खोलने गया था। वह पैंट की जेब में मोबाइल रखकर झाड़ू लगा रहा था। इसी दौरान पैंट की जेब में रखा रेडमी कंपनी का मोबाइल फट गया। जोरदार धमाके से आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मोबाइल फटने से प्रदीप की जांघ बुरी तरह से घायल हो गई।

सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे अस्पताल ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। उधर, बिजनौर के औरंगाबाद जहांगीर न्यू गडौडा में संजय मंडल की लकड़ी दुकान में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने छह घंटें की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार ने करीब पांच लाख का नुकसान होने की बात कही है।

लूट का आरोप चोरी का मुकदमा

अमृत विचार, लखनऊ: बाजारखाला पुलिस का नया कारनामा सामने आया है। ई-रिक्शा पर सवार महिला का लुटेरे पर्स छीनकर भाग निकले। पीड़ित ने लूट का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

मूलरूप से आजमगढ़ जनपद के रानीसराय निवासी मो. मेंहदी ठाकुरगंज स्थित सरफराजगंज में सपरिवार रहते हैं। आरोप है कि गत 09 अप्रैल को सास ई-रिक्शा पर सवार होकर जा रही थी। आरोप है कि भूसा मंडी चौराहे के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसकी सास का पर्स लूट लिया। आरोप है कि पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने चोरी की प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

पति की मौत, देवर पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता, लखनऊ/ बीकेटी

▸▸ बख्शी का तालाब क्षेत्र के रामपुर बेहड़ा गांव का मामला

अमृत विचार: बीकेटी इलाके में बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद चचेरे भाई आपस में भिड़ गये। अगले दिन चचेरा भाई युवक को बाइक पर ले गया और कुछ देर बाद बेहोशी की हालत में घर पर छोड़ गया। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में मौत हो गयी। पत्नी ने चचेरे देवर पर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पति को पिला हत्या का आरोप लगाया है।

थाना अंतर्गत रामपुर बेहड़ा गांव निवासी सविता ने बताया उसके पति बबलू उर्फ शैलेंद्र (35) किसानी करते थे। बुधवार शाम को पति की चचेरे भाई अरविंद से बच्चों को लेकर कहासुनी हुई थी। इसको लेकर अरविंद ने पति की पिटाई कर पुलिस से भी शिकायत कर दी थी। घटना के अगले दिन गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे अरविंद जबरन पति को बाइक पर बैठाकर कहीं ले गए थे। दोपहर करीब 12 बजे बेहोशी की हालत में घर पर छोड़ गया। पति शराब के नशे में धुत थे और मुंह से झाग निकल रहा था। हालत गंभीर देख एम्बुलेंस से ट्रामा सेंटर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि सविता ने तहरीर दी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बबलू उर्फ शैलेंद्र।

असलहे के बल पर चालक से की मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ। ठाकुरगंज थाना अंतर्गत पुराना बर्फखाना में गाड़ी पर टक्कर मारने के बाद दबंगों ने चालक को असलहे के बल पर बुरी तरह पीट दिया।

पुराना बर्फखाना राधाग्राम निवासी अभिमन्यु सिह शुक्रवार दोपहर दो बजे अपनी गाड़ी से परिवारिक सदस्यों के साथ कहीं जा रहा थ। तभी डूडा कॉलोनी निवासी शाहरूख उर्फ छूरी ने गलत तरीके से गाड़ी में टक्कर मार दी। जि विरोध करने पर आरोपी ने साथी हेमन, अंकित कुमार उर्फ मानू और एक अज्ञात ने अवैध तमंचा के बल पर उसकी पिटाई कर दी। हंगामा बढ़ने पर आरोपी उसे धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

मोबाइल नंबर बदल 40 लाख निकाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बिजनौर थाने में एक किसान ने पड़ोसी पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। किसान का आरोप है कि पड़ोसी ने बैंक खाते का मोबाइल नंबर बदल एक एटीएम कार्ड जारी करा लिया। इसके जरिए कई मदों में 40 लाख रुपये निकाल लिए हैं।

प्रभारी निरीक्षक अरविंद राणा के मुताबिक, माती जालिम खेड़ा निवासी रामभरोसे ने बताया कि कुछ माह पूर्व उन्होंने 80 लाख रुपये में जमीन बेची थी। इसका पैसा उनके बैंक खाते में पड़ा था। गत 08 अप्रैल को वह पासबुक में इंट्री करने गए थे। इस दौरान पीड़ित को पता चला कि उनके खाते से 40 लाख रुपये निकाले गए हैं। पीड़ित ने पड़ोसी पर शक जाहिर करते हुए उस पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी ने खाते में दर्ज मोबाइल नंबर बदल कर एक एटीएम कार्ड जारी करा लिया। इसके बाद पर कई मदों में खाते से रूपये निकाल लिए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जालिम खेड़ा निवासी शिवकुमार उर्फ पिंटू यादव पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बिटक्वाइन का लालच दे तीन लाख ठगे

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल इलाके में रहने वाला युवक बिटक्वाइन से अधिक लाभ के लालच में ठगी का शिकार हो गया। जिंदाना निवासी चित्रांश द्विवेदी के मोबाइल पर चार अप्रैल को मैसेज आया। जिसमें बिट क्वाइन में तीन लाख, छः रुपये का इन्वेस्ट करने पर बीस हजार रुपये तत्काल लाभ का लालच दिया गया। झांसे में आकर उसने रुपये जमा कर दिये। जब उससे और रुपये जमा करने को कहा गया तब ठगी का पता चला। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल से आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

कंपनी से बदला लेने दूसरे खाते में ट्रांसफर किये छह लाख

अमृत विचार, मलिहाबाद : फ्रेंचायाजी कंपनी से बदला लेने कर्मचारी द्वारा साढ़े 6 लाख रुपये अन्य जगह ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। ग्राम सेंधरवा निवासी यूसुफ ने बताया वह अमानीगंज में डिलीवरी प्रोडक्ट लिमिटेड़ कंपनी संचालित करता है। 7 अप्रैल को कंपनी के एकाउंट से 6 लाख 47 हजार 665 रुपये ट्रांसफर हो गये। मैसेज आने पर पता चला। यूसुफ ने कंपनी में काम करने वाले आदित्य शर्मा को मामला बताया। तब आदित्य ने बताया कि ओटीपी एक युवक के मोबाइल से ग्राम अमानीगंज निवासी दूसरे युवक ने ली थी। यूसुफ का आरोप है कि एक कर्मी को कंपनी से निकाल दिया गया था। इसका बदला लेने के लिये उसने धोखाधड़ी की।

मोहनलालगंज के ग्राम डलौना में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग की शुरुआत जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने की। इस मौके पर गेहूं की बाली भी देखी।। अमृत विचार

दोस्त के घर मिलने गए युवक पर फायरिंग, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: तालकटोरा थाना अंतर्गत गुरूवार शाम दोस्त के घर मिलने गए युवक की दबंगों ने पिटाई कर उस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद हमलावर घटनास्थल से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे आरएलबी (रानी लक्ष्मीबाई चिकित्सालय) में भर्ती कराया है।

प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे के मुताबिक, देवपुर पारा निवासी सूरज सिंह ने समीर खान, आरिफ खान, राहुल ठाकुर उर्फ भूरा, राजा दीक्षित समेत पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गुरुवार शाम वह जलालपुर क्रॉसिंग निवासी दोस्त मंजुल यादव से मिलने गया था। आरोप है तभी समीर खान अपने साथियों को लेकर उसके पास पहुंचा और उससे मारपीट करने लगा। जब उसने ने भागने का प्रयास किया तब आरोपियों ने फायरिंग कर दी। हालांकि, राहगीरों ने हमलावरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर राहुल सिंह उर्फ भूरा, समीर बादशाह व राजा गिरफ्तार लिया है।

पर्स पाकर खिला यात्री का चेहरा

अमृत विचार, काकोरी। दुबग्गा डिपो की इलेक्ट्रिक बस से गायब हुआ पर्स वापस मिलते ही यात्री को चेहरा खिल उठा।

बस संख्या यूपी 32 आरएन 0529 में यात्री हसीब संडीला से लखनऊ ईद मिलने आए थे। उनका पर्स बस में छूट गया था। इसमें 2500 रुपए नगद व कुछ कागजात थे। पर्स एक यात्री उठा रहा तभी परिचालक विकास कुमार ने उससे ले लिया। मामला डिपो वरिष्ठ केंद्र प्रभारी अनिल तिवारी को बताया। इसके बाद यात्री हसीब को बुलाकर पर्स सौंप दिया गया। इस मौके पर हसीब ने बताया की उसे उम्मीद नहीं थी की पर्स वापस मिलेगा।

सार-संक्षेप

15 अपराधी जिला बदर, पांच के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस कमिश्ननर एसबी शिरडकर के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अब अलग-अलग थाना क्षेत्र से 15 अपराधियों को चिन्हित कर गुंडा एक्ट का मामला दर्ज कर छह माह के लिये जिला बदर करने की तैयारी है। जबकि अपराधिक इतिहास मिलने पर पांच के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है। वहीं जयराम सिंह निवासी ग्राम शिवदासपुर, रूसी बेग निवासी ग्राम दुलारमऊ, थाना मलिहाबाद, रामसुरेश यादव निवासी ग्राम तिलसुवा, थाना मलिहाबाद, सुधीर यादव निवासी शिवदासपुर और सरोज कुमार चौरासिया निवासी ढकवा का शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जायेगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर

अमृत विचार, सरोजनीनगर : इलाके में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर हो गया। चिल्लावां निवासी इरशाद अहमद (30) बाइक से शुक्रवार को शहीद पथ से कमता होकर घर आ रहा था। बेहसा गांव के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार की टक्कर से उसके बोनट पर जा गिरा। चालक ने कार नहीं रोकी, करीब पांच सौ मीटर पर वह उछल कर रोड के नीचे गिर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद चालक कार छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में ली है।

ई-रिक्शे में बैठीं महिलाओं ने मंगलसूत्र किया पार

अमृत विचार, लखनऊ : विकासनगर मोड के पास ई-रिक्शे में बच्चों के साथ बैठी महिलाओं ने रेडियो कालोनी निवासी नेहा का मंगलसूत्र पार कर दिया। पीड़िता नेहा ने बताया कि तीन अप्रैल को अस्पताल को जाने के लिए रहीम नगर चौराहे पर आ कर बैटरी रिक्शा पर बैठी। रास्ते में चार महिलाएं और दो बच्चे रिक्शा रुकवा कर बैठ गए। उसके बाद अस्पताल के पास पहुंची तो देखा की मंगलसूत्र गायब था। प्रभारी निरीक्षक विकासनगर ने बताया कि आरोपितों को चिन्हित किया जा रहा है।

भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडारा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा नगर पंचायत कार्यालय के पास श्रीमद्भागवत राम कथा के समापन पर बुधवार को हवन पूजन किया गया। पंडित विष्णु कांत शास्त्री और भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां डालीं। कन्या भोज के बाद भंडारा कराया गया। भंडारे में भक्तों ने पूड़ी- सब्जी, छोला - चावल और खीर का प्रसाद ग्रहण किया।

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अमृत विचार, काकोरी : मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने गुरुवार को काकोरी मंडल के दुर्गागंज में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक मलिहाबाद जयदेवी कौशल, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विकास किशोर (आशू), जिला महामंत्री विजय मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष रविराज लोधी, मंडल महामंत्री विपिन राजपूत (गोपी), नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम विलास रावत, शक्तिकेंद्र संयोजक दिनेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

निःशुल्क स्कूल ड्रेस मेकिंग प्रशिक्षण शुरू

अमृत विचार, सरोजनीनगर : विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा देवलोक कालोनी सहयोग परिवार परिसर में स्थित तारा शक्ति केन्द्र में छह गांवों की 24 से अधिक बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। केन्द्र के माध्यम से 100 महिला सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बेटियों को स्कूल ड्रेस सिलने का काम दिया जाएगा। इसके बाद जूट बैग सिलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मुख्य सचिव ने किया चंद्रिका देवी मंदिर में हवन-पूजन

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने नवरात्र के तीसरे दिन गुरुवार को कठवारा स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में हवन-पूजन किया। इसके बाद मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग की तरफ से कराए जा रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। मेला कमेटी के संरक्षक एमएलसी पवन सिंह चौहान ने मुख्य सचिव को गोमती नदी किनारे बनने वाले घाट के बारे में जानकारी दी। कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने बताया कि गुरुवार को अवकाश होने से डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन और पूजन किया। चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि मेले में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

चंद्रिका देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा। अमृत विचार

बंद मकान का ताला तोड़ नकदी व जेवर चोरी

अमृत विचार, लखनऊ: दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने बन्द पड़े मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर साफ कर दिए।

जानकारी के मुताबिक मुर्दापुर फरीदपुर निवासी अब्दुल मन्नान पेशे से मस्जिद में इमाम हैं। रमजान के महीने में अब्दुल मन्नान घर में ताला लगाकर बच्चों को पढ़ाने मोहनलालगंज स्थित मदरसा कल्लीपुरम गए थे। ईद के दूसरे दिन जब वह पत्नी के साथ घर पहुंचे तो पाया कि घर के बाहर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का सेफ टूटा मिला। सेफ में रखे 27,500 रुपये और सोने की कील व बाली चोर चोरी कर ले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बेटियों से बहुत प्यार करता हूं, लिख युवक ने दी जान

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

▸▸ बीमारी से परेशान होकर कदम उठाने का किया जिक्र

अमृत विचार: दोनों बेटियों से बहुत प्यार करता हूं, माफ कर देना... बीमारी के कारण यह कदम उठा रहा हूं। सुसाइड नोट में लिख पिता ने फंदा लगाकर जान दे दी।

थाना अंतर्गत मायापुरम डिप्टी खेड़ा निवासी अखिलेश कुशवाहा (28) का गुरुवार तड़के फंदा से शव लटका मिला। पत्नी ममता ने बताया बुधवार रात पति खाना खाकर कमरे में सोये थे। अगले दिन सुबह करीब छह बजे वह उठी तो पति बिस्तर से लापता था। काफी देर बाद भी वह नहीं दिखे तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। तो घर से कुछ दूरी पर बंद पड़े दूसरे खाली मकान में पिलर के सरिया में साड़ी के फंदा से शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को तलाशी में अखिलेश की जेब से एक पेज का सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें लिखा... बीमारी से ग्रसित होने के कारण आत्महत्या कर रहा हूं, मैं अपने मां-बाप, भाई, पत्नी और दो बेटियों से बहुत प्यार करता हूं, मुझे माफ कर देना। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है। प्रारंभिक जांच में फंदा लगाने की बात सामने आ रही है। सुसाइड नोट में बीमारी से यह कदम उठाने की बात लिखी है।

युवक से मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ: ठाकुरंगज में एक युवक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

न्यू हैदर गंज शालीमार कालोनी निवासी पीयूष कुमार ने बताया कि गत 10 अप्रैल की शाम वह एक जिम गया था। आरोप है कि जिम में मौजूद केशव उसके हाथ से मशीन छीनने लगा। इंकार करने पर केशव उसे धमकी देकर जिम से निकल गया। करीब आधे घंटे बाद जिम मालिक ने पीड़ित को फोन पर सूचना दी कि केशव कुछ लड़कों को लेकर उससे झगड़ने पहुंचा था। अगले दिन पीड़ित दोस्त के घर जाने के लिए निकला तभी पीछे से आरोपी ने साथियों की मदद से पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

दो पत्नियों ने दर्ज कराई गुमशुदगी तीसरी के पास मिले मौलाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सआदतगंज कोतवाली पुलिस ने लापता मौलाना को खोजा

अमृत विचार: सआदतगंज कोतवाली से एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां लापता मौलाना की दो पत्नियों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। जब पुलिस ने जांच की तो पता चला मौलना तीसरी पत्नी के पास पहुंच गए थे। जिसके बाद पुलिस गुमशुदा मौलाना को गोंडा से सकुशल खोज निकाला।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले मौलाना गत 16 फरवरी को लापता हो गए थे। पत्नी ने उनकी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं भी सुराग नहीं मिला। 19 फरवरी को मौलाना की पहली पत्नी ने थाने में पति की गुमशुदगी की दर्ज कराई। मौलाना की खोजबीन करने में जुटी पुलिस की उस वक्त हवाईयां उड़ गई। जब दूसरी महिला ने दावा करते हुए पति मंजर अली की गुमशुदगी दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने मौलाना के मोबाइल की सीडीआर खंगाली तब पता चला कि मौलाना की लोकेशन गोंडा मिली। जब पुलिस मौलाना को लेने पहुंची तब पता चला कि गुमशुदा मौलाना मंजर अली दोनों पत्नियों को छोड़ तीसरी पत्नी के पास रहने लगे थे। हालांकि, पुलिस ने मौलाना को बरामद कर उन्हें पहली पत्नी के हवाले कर दिया।

मानव तस्करी | म्यामंर में बंधक बने सिविल इंजीनियर व उसके दोस्त को रिहा कराने की जुगत में परिजन

एएचटीयू ने म्यामांर भेजी आरोपी की फोटोग्राफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार। म्यामांर में बंधक बने सिविल इंजीनियर सागर चौधारी और उसके दोस्त अजय उर्फ पंकज की लोकेशन ट्रेस करने के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिग यूनिट (एएचटीयू) भरसक प्रयास कर रही है। दो दिन पूर्व एएचटीयू ने म्यांमर एम्बेंसी में सूचना देते हुए मुकदमें में नामजद राहुल उर्फ आयुष गौतम का पासपोर्ट निस्तर कर दिया था। इसके बाद एएचटीयू म्यामांर एम्बेंसी में राहुल की फोटोग्राफ भेजी है, ताकि म्यांमर में आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर बंधक दोस्तों को रिहा कराया जा सके।

बातचीत करने पर मारपीट करता है एजेंट

अजय के बहनोई राम जन्म ने बताया कि मलेशिया जाने के लिए साल घर से 15 हजार रुपये लेकर निकला था, लेकिन एजेंट रॉबिन हुड में उसे म्यामंर में बंधक बना लिया। इस दौरान एजेंट ने उसका भी मोबाइल भी जब्त कर लिया, लेकिन किसी तरह अजय ने एक मोबाइल छिपाकर अपने पास रख लिया था। जिसके माध्यम से वह परिजनों से बातचीत करता था। गुरुवार को एजेंट को इस बात का पता चल गया। जिसके बाद एजेंट ने अजय की पिटाई कर मोबाइल छीन लिया है। वहीं, सिविल इंजीनियर सागर चौधरी को भी दूसरे कमरे में बंधक बनाकर रखा गया है। उसका भी मोबाइल जब्त किया गया है।

घर लौटने का इंतजार कर रहे परिजन: बाराबंकी जनपद के जैतपुर थानाक्षेत्र के निर्माणनगर निवासी अमरनाथ ने बताया कि 26 मार्च को बेटा अजय उर्फ पंकज मलेशिया जाने की बात कहकर घर से निकला था। उन्होंने बताया कि एजेंट रॉबिन हुड ने एयरलाइन्स का टिकट कराया था। बेटे को राहुल उर्फ आयुष गौतम अपने साथ लेकर गया था। सबसे पहले वह बेटे को बैंकाक लेकर गया। फिर कार के माध्यम दोस्त सागर चौधरी के साथ बेटे को म्यांमर में ले जाकर बंधक बना लिया गया। वहां, पहुंचने पर सिविल इंजीनियर व उनके बेटे से जबरन साइबर ठगी कराई जा रही है। दोनों ही घर आना चाहते है, लेकिन आरोपी उन्हें अपने चंगुल से छोड़ना नहीं चाहते।

नहीं पता चला ठिकाना

एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक दशरथ सिंह ने बताया कि म्यांमर में आरोपियों के ठिकाने का पता लगाने के लिए राहुल उर्फ आयुष गौतम की फोटोग्राफ म्यामंर एम्बेसी को भेजी गई है। ताकि वहां पुलिस फोटोग्राफ के आधार पर आरोपी की पहचान कर सटीक सूचना दे। फिलहाल, अभी तक आरोपियों की ठिकानों का नामोनिशान नहीं मिला है। बताया कि जल्द ही म्यांमर एम्बेसी के माध्यम से आरोपियों के ठिकानों की जानकारी मिल सकेगी।

चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : मलिहाबाद इलाके में एक माह पहले हुई चोरी का पुलिस व सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सन्यासीबाग निवासी सत्येन्द्र सक्सेना के घर 18 मार्च की रात चोरी हुई थी। 19 मार्च को पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना का खुलास करने में जुटी थी। मुखबिर से सूचना पर पुलिस ने मलिहाबाद रेलवे क्रासिंग के पास कार सवार चार संदिग्धों को पकड़ कर पूछताछ की तो सत्येंद्र के घर चोरी को जुर्म कुबूल कर लिया। आरोपियों की पहचान बदाली खेड़ा, सरोजनीनगर निवासी असलम, हरदोई के थाना संडीला के ग्राम विरवा हथौड़ा निवासी शिवा, अमेठी के जगदीशपुर निवासी इरशाद और खोयामंडी काकोरी निवासी मनप्रीत सिंह के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी पायल, 5 पीली धातु की मूर्तियां, एक कछुआ मूर्ति, एक पीली धातु की प्लेट मूर्ति व एक एलसीडी और ओमिनी कार बरामद की गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि शिवा पर विभिन्न थानों में 9 मामले, इरशाद पर 2, मनप्रीत सिंह व असलम पर एक-एक मामला दर्ज है।

इकाना स्टेडियम के बाहर एलएसजी की टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए पहुंचे दर्शक। अमृत विचार

मैच के दौरान चौकों-छक्कों के बीच प्रस्तुति देतीं चीयरलीडर्स। अमृत विचार

स्टेडियम में मैच देखने पहुंची महिला दर्शक एलएसजी टीम का झंडा लहराते हुए। अमृत विचार

ऋषभ और फ्रेजर की तूफानी पारी में उड़ा लखनऊ

चौकों-छक्कों की बौछार से दर्शक हुए रोमांचित, कुलदीप की फिरकी में फंसी एलएसजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ऋषभ पंत (41 रन) और फ्रेजर (55 रन) के शोर से इकाना स्टेडियम गूंज रहा था। चौकों-छक्कों की मांग जिधर से आ रही थी, दोनों बल्लेबाज गेंदों को वहां पहुंचा रहे थे। दिल्ली के इन दोनों बल्लेबाजों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की घर में जीत की हैट्रिक के सपने को चकनाचूर कर दिया। मैच में 11 गेंद फेंकी जानी बाकी थी, उससे पहले ही दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 6 विकेट से जीत दर्ज की। अपनी विस्फोटक पारी के दौरान दोनों बल्लेबाजों ने शानदार खेल दिखा कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दिल्ली कैपिटल्स की जीत के हीरो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर-मैकगर्क रहे। अपना डेब्यू आईपीएल मैच खेल रहे जेक ने 35 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली, जिसमें 5 छक्के और दो चौके शामिल रहे। जेक और कप्तान ऋषभ पंत के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रनों की पार्टनरशिप हुई, जिसने लखनऊ की उम्मीदें तोड़ दीं। पंत ने 24 गेंदों पर 41 रन बनाए, जिसमें चार चौके और दो छक्के शामिल रहे। पृथ्वी शॉ ने भी 32 रनों की पारी खेली।

मैच के दौरान एक-दूसरे को प्रोत्साहित करते ऋषभ व फ्रेजर, वहीं एलएसजी टीम के खिलाड़ी को बॉल फेंकते कुलदीप। अमृत विचार

इंजरी के चलते नहीं खेले पाए मयंक : इस मुकाबले के लिए दिल्ली कैपिटल्स ने कॉम्बिनेशन में बदलाव किए स्पिनर कुलदीप यादव इंजरी से उबरकर प्लेइंग इलेवन में शामिल हुए, वहीं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार, कैरेबियाई क्रिकेटर शाई होप और ऑस्ट्रेलियाई धुरंधर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को भी मौका मिला। दूसरी ओर लखनऊ के लिए तेज गेंदबाज मयंक यादव इंजरी के चलते यह मैच नहीं खेल पाए। मयंक की जगह अरशद खान को मौका मिला।

यह मुकाबला रहा दिल्ली के नाम : दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2024 में अब तक 6 मैच खेले हैं। जिसमें उसे दो में जीत मिली। दूसरी ओर लखनऊ ने पांच में से तीन मुकाबलों में जीत हासिल की है। लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आईपीएल में अब तक चार मैच खेले गए हैं, इस दौरान तीन मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जीत हासिल की है जबकि ये मुकाबला दिल्ली ने जीता।

सीने पर लिखवा रखा था आर पंत : दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत के प्रशंसक भी इकाना में दिखे। एक दर्शक ने अपने सीने पर आर पंत लिखवा रखा था। इसे देख कर मीडियाा कर्मियों के कैमरों के फ्लैश ही नहीं बल्कि मैच देखने पहुंचे तमाम क्रिकेट प्रेमी मोबाइल में उस युवक की तस्वीर कैद करते दिखे। इसके साथ ही इकाना में दिल्ली कैपिटल्स के प्रशंसकों की भीड़ भी नजर आई।

यह रहा परिणाम

एलएसजी : 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 167 रन बनाए। एलएसजी की पारी में कुल 17 चौके और 2 छक्के पड़े

आयुष बदोनी (नाबाद) : 55 रन, 35 गेंद, 5 चौके, 1 छक्का

केएल राहुल : 39 रन, 22 गेंद, 5 चौके, एक छक्का

दिल्ली कैपिटल्स : 18.1 ओवर में 4 विकेट पर 170 रन बनाए। दिल्ली की पारी में कुल 14 चौके और 8 छक्के पड़े।

पृथ्वी शॉ : 32 रन, 22 गेंद, 6 चौके

फ्रेजर : 55 रन, 35 गेंद, 2 चौके, 5 छक्के

ऋषभ पंत : 41 रन, 24 गेंद, 4 चौके, 2 छक्के

हाईवोल्टेज मुकाबले में कुछ ऐसा नजर आया माहौल

पूर्व क्रिकेटर सौरव को पुकारते रहे दर्शक

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को मैदान में देख दर्शकों का रोमांच दोगुना हो गया। क्रिकेट प्रेमी उन्हें आवाज देकर बुलाते रहे। दिल्ली के स्टैंड में बैठे गांगुली भी दर्शकों की पुकार सुन कर उनकी तरफ हाथ हिलाया, फिर तो इकाना स्टेडियम में उनके नाम की धूम मच गई।

3 बजे से प्रवेश द्वार पर पहुंचने लगे थे दर्शक

लखनऊ सुपर जायंट्स अपने घर इकाना स्टेडियम में तीसरा मैच खेल रही थी। इस मुकाबलें को देखने दर्शक सुबह से ही यहां पहुंचने लगे। खासकर अन्य जिलों से आने वाले लोग दस बजे सुबह ही इकाना के बाहर पहुंच गए। दोपहर तीन बजे तक दर्शक टिकट के साथ प्रवेश द्वार के सामने लाइन लगा कर खड़े हो गए जबकि मुकाबला शाम 7:30 बजे से शुरू होना था। यहां पर भी दर्शक एलएसजी की जीत का शोर मचाते रहे।

एलएसजी की टीशर्ट के दाम बढ़े

घर में इकाना के दो मैच जीतने के इकाना के आस-पास बिक रही एलएसजी की टीशर्ट के दाम बढ़ गए। जो टीशर्ट दो सौ रुपए तक मिल रही थी, आज वह ढाईसौ रुपए में बिकी। इसके अलावा चेहरे पर तिरंगा और एलएसजी का कलर कराने वालों ने भी दाम बढ़ा दिए।

सोशल मीडिया पर छाया एलएसजी

एक्स, फेस बुक और व्हाट्सएप पर क्रिकेट प्रेमियों ने एलएसजी के सपोर्ट में तरह-तरह की फोटो पोस्ट की थी। कहीं ग्रुप की फोटो दिख रही थी तो कहीं खिलाड़ियों ने एलएसजी के झंडे के साथ फोटो पोस्ट की।

आगामी मैच को लेकर चेन्नई टीम की जर्सी पहनकर मैच देखने पहुंचे युवा।

अगला मैच चेन्नई सुपर किंग्स का, लेकिन शोर आज से

लखनऊ सुपर जांयट्स इकाना में अगला मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 19 अप्रैल को खेलेगी। इस मैच के लिए दर्शक इतने उत्साहित है कि वे धोनी की टीशर्ट पहन कर इकाना के आस-पास नजर आए। इन प्रंशसकों को कहना था कि मैच तो सभी देखे, लेकिन बेसब्री से इंतजार धोनी का है। पिछले आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स और एलएसजी मैच में बारिश बाधा बन गई थी।

स्टेडियम में राजनीतिक पार्टी का पोस्टर लेकर मैच देखने पहुंचे दर्शक। अमृत विचार

इकाना में दिखा अबकी बार 400 पार का पोस्टर

इकाना स्टेडियम में आज मुकाबले के दौरान एक पोस्टर देखने को मिला। दर्शकों के हाथों में लहराते इस पोस्टर पर लिखा था कि 'अबकी पार 400 पार'। एक राजनीतिक पार्टी की पंच लाइन वाला यह पोस्टर लोगों में चर्चा का विषय भी रहा। लाल और नारंगी रंग वाले इस पोस्टर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर भी नजर आई। क्रिकेट प्रेमी इसका अर्थ मैच में 400 से ऊपर का स्कोर बनने से लगा रहे थे तो वहीं कुछ लोग इसे राजनीति से जोड़ कर देख रहे थे।

चैती महोत्सव के दौरान पारंपरिक नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार

चैती महोत्सव : कलाकारों ने नृत्य में प्रस्तुत की राम मनोहारी छवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तुलसी शोध संस्थान और राम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में तुलसी रंगमंच में चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की चौथी सांस्कृतिक संध्या के नृत्य में शिव संग राम अवतरित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पायनियर मांटेसरी स्कूल के विद्यार्थियों ने भक्तिगीत और नृत्य से दर्शकों को मुग्ध कर दिया। सुरभि कल्चरल ग्रुप के कलाकारों कनक गोंड, सांची कुमारी, अक्षिता सिंह और अंशिका सिंह ने बिनती सुनिए नाथ हमारी को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया। जया सिंह ने श्रीराम चन्द्र कृपालु भजमन पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर राम के व्यक्तित्व की तस्वीर प्रस्तुत की।चैती महोत्सव में विदुषी शुक्ला, क्रिस्टल, अनाया गौतम, आद्रित्या सिंह ने आवो पधारो गोरी रे देश, शिक्षा अग्रवाल ने शिवा शंकरा और पलक शर्मा, करीना ठाकुर, गुनगुन कौर, अनन्या कुमारी ने राधा को श्याम याद आ गया पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसमें नृत्य निर्देशन था नेहा आर्या और शैलेंद्र सक्सेना का। अनुरूप डांस अकादमी के कलाकारों ने अनुष्का श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में कृष्ण की जगप्रसिद्ध लीलाओं को प्रस्तुत किया। पदमजा कला संस्थान के कलाकारों ने डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में ईश्वर के अनेक स्वरूपों को मंच पर अवतरित किया। शिव वंदना में प्रखर मिश्रा, अनेश रावत, विकास अवस्थी, अतुल माने, प्रीति तिवारी और सिमरन कश्यप ने भावाभिनय नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी। श्रेया अग्रहरि, परिनिका श्रीवास्तव, मंगला श्रीवास्तव, अनामिका यादव, वैष्णवी सक्सेना, रीतिका, आदित्य गुप्ता और मोहित सोनी ने बंदिश की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। जिसमें कथक नृत्य के पारंपरिक स्वरूप पद संचालन, चक्करों के प्रकार, कवित्त और टुकड़े समाहित थे। आज यहां भास्कर बोस के निर्देशन में नाटक धन्ना भगत का मंचन किया गया। नाटक ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। अंत में यहां देवांशी तिवारी ने अपनी प्रस्तुति की नींव श्री राम चंद्र कृपालु भजमन पर रख कर दर्शकों को राम के दर्शन अपने मनोहारी नृत्य से कराये। इसी क्रम में देवांशी ने पारम्परिक कथक के अलावा रामाष्टकम प्रस्तुति में राम के व्यक्तित्व और महत्ता का बखान अपने नृत्य के जरिये प्रस्तुत किया।

खरमास समाप्त, बैसाखी पर्व आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिख व पंजाबी समुदाय बैसाखी को नव वर्ष के रूप में मनाता हैं। वैशाख महीने तक रबी फसलों की कटाई शुरू हो जाती है। फसल कटकर घरों में आ जाने की खुशी में बैसाखी हर्षोल्लास मनाया जाता है। वे अनाज की पूजा करते हैं और शाम को एकत्र होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।

9वें सिख गुरु-गुरु तेग बहादुर के बलिदान के पश्चात गुरु गोबिंद सिंह को सिखों के अगले गुरु के रूप में स्थान दिया गया। 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में सिखों के खालसा पंथ की स्थापना की। आनंदपुर साहिब में उन्होंने हजारों लोगों के सामने खालसा की स्थापना की।

शनिवार को खत्म हो रहा खरमास : स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र अलीगंज के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि शनिवार को मेष संक्रांति भी है। सूर्य मेष राशि में शनिवार की रात्रि 9.15 बजे प्रवेश करेंगे। इस दिन पुण्य काल दोपहर 12.22 से शाम 6.46 बजे के बीच में रहेगा। महापुण्य काल के दौरान स्नान-दान इत्यादि कर्म करने से विशेष लाभ प्राप्त होता है। सूर्य देव के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही खरमास समाप्त हो जाएगा।

बैसाखी लंगर में उपस्थित बच्चे व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

बैसाखी लंगर का हुआ आयोजन

अमृत विचार : कृष्णा नगर स्थित भोला खेड़ा में जोयफुल हैप्पी अवर्स स्कूल प्रांगण में बैसाखी की पूर्व संध्या पर लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों संग स्कूल के प्रधानाचार्या श्वेता अरोरा ने बच्चों को पर्व का महत्व को समझाया। इस दौरान सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

कल से मांगलिक कार्य होंगे शुरू

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सूर्य ग्रह के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। यानी 14 अप्रैल से गृहप्रवेश, छेदन, मुंडन समेत अन्य मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। जबकि विवाह के लिए शुभ मुहूर्त 18 अप्रैल से शुरू होंगे। मेष संक्रांति को हिंदू नववर्ष की पहली संक्रांति माना जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार 14 मार्च से खरमास शुरू हुए थे। अब अप्रैल में 18, 19, 20,21, 22, 23, 24, 25, 26 को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बन रहा है। मई और जून में फिर विवाह मुहूर्त नहीं मिलेंगे। उसका कारण गुरु ग्रह और शुक्र ग्रह का अस्त होना है।

सार-संक्षेप

सीसीटीवी लगते ही खुली अध्यापकों की पोल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में आश्रम पद्धति विद्यालयों को सीसीटीवी से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही कुछ विद्यालयों की कलई खुल गई। फुटेज की जांच में कक्षा से शिक्षक गैरहाजिर मिले। एक सप्ताह के भीतर सभी विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे। प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हैं। 20 विद्यालयों में सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। निगरानी के लिए समाज कल्याण निदेशालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। शुक्रवार को समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कुछ विद्यालयों के सीसीटीवी फुटेज देखे। कुछ स्कूलों की कक्षाओं में छात्र-छात्राएं मौजूद थे मगर अध्यापक नदारद थे। निदेशक ने एक सप्ताह में सभी स्कूलों को सीसीटीवी कैमरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूप में तीन एलसीडी (डिस्प्ले) लगाई जाएंगी। इससे शिक्षकों और छात्र-छात्राओं पर नजर रखी जा सकेगी।

अवकाश के बाद खुले बैंक, ग्राहकों की उमड़ी भीड़

अमृत विचार, लखनऊ : ईद के अवकाश के बाद सिर्फ एक दिन के लिए शुक्रवार को खुले बैंकों में बड़ी संख्या में ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। शनिवार और रविवार को बैंकों में अवकाश है। शहर में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, केनरा बैंक समेत अन्य बैंकों में लोग कतारबद्ध नजर आए। भीड़ को देखते हुए कर्मचारी भुगतान समेत अन्य कार्य निपटाते दिखे। बुधवार को रामनवमी अवकाश पर भी बैंक बंद रहेगा। एसबीआई के चीफ मैनेजर मधुकर अग्रवाल ने कहा कि कर्मचारियों को अवगत करा दिया गया था कि ग्राहकों को बैंक में किसी प्रकार की असुविधा न हो। शनिवार, रविवार और अगले हफ्ते 17 को रामनवमी और 21 को महावीर जयंती पर बैंक बंद रहेंगे। हजरतगंज, अमीनाबाद, आलमबाग, तेलीबाग, मटियारी, मड़ियांव, अलीगंज, विकास नगर, चिनहट, इंदिरा नगर, गोमती नगर, चौक, रकाबगंज, नक्काख, राजाजीपुरम, दुबग्गा आदि क्षेत्रों के एटीएम में भीड़ रही।

प्राकृतिक दिखें पार्क, लगाएं औषधीय पौधे

अमृत विचार, लखनऊ : नक्षत्र वाटिका व पंचवटी पार्क को प्राकृतिक की तरह विकसित करें। परिसर में औषधीय पौधे लगाएं। दीवारों पर थीम के तहत पेड़ व चिड़िया के कला चित्र बनाएं और 30 अप्रैल तक गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करें। यह निर्देश शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने हुसड़िया चौराहा स्थिति लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) द्वारा विकसित किये जा रहे नक्षत्र वाटिका/पंचवटी पार्क का औचक निरीक्षण करते हुए दिए। संबंधित अधिकारियों ने अवगत कराया कि वॉ-कवे का सिविल कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस पर मंडलायुक्त ने मैनपॉवर बढ़ाते हुए शेष कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ 30 अप्रैल तक करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्क में योगा स्थल व पोलार्ड लाइटिंग, हाईमास्क लाइट लगाएं। फूडकोड-जोन, कैफेटेरिया साथ ही किड़जोन के कार्य गुणवत्ता के साथ कराएं। इसके बाद लोहिया पार्क का निरीक्षण किया। परिसर में शौचालय मरम्मत व जाकिंग ट्रैक की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए। कहा, पतझड़ की रात में सफाई कराएं और टूटे टाइल्स ठीक कराएं। जनेश्वर मिश्र पार्क के निरीक्षण में गोल्फ कार्ड की संख्या में बढ़ोतरी, जाकिंग ट्रैक की मरम्मत, रोज गार्डन की लाइटिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व सचिव विवेक श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी रहे।

गौरैया संस्कृति संस्थान ने किया नवधा भक्ति उत्सव का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : गौरैया संस्कृति संस्थान ने गोमतीनगर के वास्तु खंड में नवरात्र के मौके पर देवी गीतों का नवधा भक्ति उत्सव का आयोजन किया। संस्था की संस्थापक और सचिव रंजना मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन में महिलाओं ने पूरे भक्ति भाव के साथ देवी गीत और पचरा आदि गाकर मां को रिझाने का प्रयास किया। संस्था की अध्यक्ष अनुमेहा गुप्ता ने बताया कि रामनवमी के मद्देनजर इस आयोजन में महिलाओं ने चैती, राम की बधाई और सोहर भी गाये। आयोजन में संस्था के समस्त पदाधिकारी आभा शुक्ला, भावना शुक्ला, गगन शर्मा, केशव कुमार और प्रदीप पांडेय मौजूद रहे। रागिनी मिश्रा, नीलम तिवारी, सुरुचि उपाध्याय, अपर्णा सिंह, अमिता द्विवेदी, बबिता दीक्षित, शशि सिंह, मोनिका, अल्पना, सीमा और अंजलि सिंह समेत लगभग 25 महिलाओं ने हिस्सा लिया। रंजना मिश्रा ने बताया कि आज से आर्यावर्त संगीत अकादमी की शुरुआत भी की जा रही है, जिसमे प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इस अकादमी में मुख्यत: लोकगीत, संगीत, ढोलक व गिटार सिखाया जाएगा।

सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन ने मनाया खालसा सजना दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चारबाग स्थित रवीन्द्रालय प्रेक्षागृह में सिक्खी मेरी पहचान फाउंडेशन ने खालसा सजना दिवस और बैसाखी की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लखनऊ के सिख समाज के लोगों ने भाग लिया।

उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र से आये सरदार गुरबाज सिंह आजाद ने इस मौके पर गायन के माध्यम से सिख इतिहास को प्रस्तुत किया। सरदार सतनाम सिंह के गतका ग्रुप ने इस मौके पर खालसा युद्ध कला का प्रदर्शन किया। सिक्खी मेरी पहचान संस्था के अध्यक्ष सरदार दिलप्रीत सिंह ने सिख इतिहास की जानकारी देते हुए समाज की एकता और अखंडता का सन्देश दिया।

गतका ग्रुप ने खालसा युद्ध कला का किया प्रदर्शन

इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के युवा नेता नीरज सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत अन्य ने अपने विचार व्यक्त किए।

नवरात्र के चौथे दिन हुई मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की आराधना की गई। इस दौरान मां का रक्तांबर श्रृंगार किया गया। शुक्रवार को मां कुष्मांडा के पिंडी पूजन का सौभाग्य आचार्य मयंक पाण्डेय और वंदना पाण्डेय को मिला।

पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे ने सम्पन्न कराया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र में रोजाना मां का अलग-अलग स्वरूपों व रंगों में पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि शाम के समय भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरुआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना और कुमकुम ने मेरी मैया किवड़िया खोलो... से की। घसियारी मंडी कैसरबाग स्थित कालीबाड़ी मंदिर में भी शुक्रवार को काफी भीड़ रही।

घसियारी मंडी कैसरबाग स्थित काली जी मंदिर में पूजा करते पुजारी। अमृत विचार

चौक स्थित कालीबाड़ी मंदिर में लगा विशाल मेला

चौक स्थित कालीबाड़ी मंदिर में नवरात्र के मौके पर विशाल मेला लगाया गया है। इस मेले में पूजन सामग्री पर भक्तों की भीड़ है तो बच्चों के खिलौनों को बड़ी संख्या में दुकानें हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों की काफी भीड़ को देखते हुए इस रास्ते को पुलिस प्रशासन ने वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस मंदिर में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा उमड़ने लगता है।

भूलने व व्यवहार में बदलाव होना भी पार्किंसंस के संकेत

विश्व पार्किंसंस दिवस : लोहिया संस्थान में आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पार्किंसंस मस्तिष्क में होने वाला रोग है। बुजुर्गों में यह रोग बहुत अधिक आम है। इसके होने पर व्यक्ति में धीरे-धीरे लक्षण पैदा होते हैं और इससे रोगी की गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं।

समय के साथ-साथ इसके लक्षण भी बढ़ते जाते हैं। शरीर में कंपन होने लगता है। साथ ही मरीज में लगातार भूलने और व्यवहार में बदलाव होने जैसे लक्षण प्रतीत होने लगते है। ये बातें लोहिया संस्थान के न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो अजय कुमार सिंह ने कही। वह विश्व पार्किंसंस दिवस के अवसर पर संस्थान में गुरुवार को आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वैसे तो अभी तक इसका कोई इलाज नहीं है लेकिन दवाइयों से, डाइट पर ध्यान देकर और फिजियोथेरेपी से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है। विश्व पार्किंसन दिवस के मौके पर लोहिया संस्थान के न्यूरोलॉजी विभाग ने संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में शामिल मरीज व डॉक्टर। अमृत विचार

इस दौरान डॉक्टरों ने मरीज के साथ बैठक कर उनसे सीधा संवाद किया। इतना ही नहीं उनके सवालों के जवाब भी दिए गए। न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. दिनकर कुलश्रेष्ठ ने बताया कि यह अल्जाइमर रोग के बाद तंत्रिका तंत्र की दूसरी सबसे आम डिजैनरेटिव बीमारी है। इसमें शरीर में कंपन, चाल में परिवर्तन, कड़ापन व कार्यशैली में धीमापन आने लगता है।

डॉ. अब्दुल कवी ने डोपामीन नामक रसायन पदार्थ की कमी को इस रोग का मुख्य कारण बताते हुए, लीवोडोपा नामक दवा के नियमित सेवन से बीमारी के लक्षणों पर काफी हद तक काबू पाये जाने के विषय में जानकारी दी।

उन्होंने कहा जब दवाएं बेअसर होती हैं तब डीप ब्रेन स्टिमुलेशन नामक फंक्शनल सर्जरी से लक्षण कम किए जा सकते हैं। पीएमआर विभाग के अध्यक्ष प्रो. विरिंदर सिंह गोगिया ने पार्किंसंस रोग में व्यायाम, रिलेक्सेशन, नियमित स्पीच एक्सरसाइज से लाभ मिलने की बात बताई। मुख्य आहार विशेषज्ञ पूनम तिवारी ने इस रोग में पौष्टिक आहार, मौसमी फल और सब्जियों के सेवन को लाभकारी बताया।

दबंगों ने दुकानदार को पीटा, वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भाजपा का कार्यकर्ता बताया जा रहा है आरोपी

अमृत विचार: गोसाईंगंज दबंगों ने दुकानदार की पिटाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। मामला तूल पकड़ने पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कराकर एफआईआर दर्ज कर लिया। आरोपी भाजपा का कार्यकर्ता बताया जा रहा है।

गोसाईंगंज के बरकतनगर में शराब के नशे में धुत्त एक युवक कुछ दोस्तों के साथ दुकान पर पहुंचा। उसने खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताया। इसके बाद दुकानदार को गालियां देनी शुरू की। विरोध करने पर युवक ने दुकानदार की पिटाई शुरू कर दी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। गुरुवार देर रात को फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें भाजपा कार्यकर्ता बताने वाला दुकानदार को थप्पड़ व जूतों से पिटाई करता दिख रहा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी के मुताबिक सूचना मिलने के बाद आरोपी व उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

दो दिनों तक प्रभावित रहेंगी पुष्पक सहित कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के जलगांव-मनमाड रेल खंड के बीच स्थित चालीस गांव स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग का कार्य किया जा रहा है। इस समय वहां पर प्री-नॉन इंटरलॉक और नॉन इंटरलॉक का चल रहा है। ऐसे में 15- 16 अप्रैल को मुंबई रूट की पुष्पक एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

ये ट्रेनें रोककर चलाई जाएंगी

- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 16 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12534 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-लखनऊ जं. एक्सप्रेस 15 मिनट रुककर चलेगी।
- गोरखपुर से 15 अप्रैल को ट्रेन नंबर 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 1 घंटा 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।
- तिलक टर्मिनस से 16 को ट्रेन 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस टर्मिनस से तीन घंटे रोक कर चलाई जाएगी।
- लोकमान्य तिलक टर्मिनस से गोरखपुर के बीच 16 अप्रैल को ट्रेन नंबर लोकमान्य तिलक टर्मिनस से पौने तीन घंटे रोककर चलेगी।
- बदले मार्ग से 15 को ट्रेन नंबर 15065 ट्रेन 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस बदले मार्ग जलगांव-उधना-वसई रोड के रास्ते चलेगी।

लखनऊ-चेन्नई ट्रेन में धुंआ उठने से मचा हड़कंप

लखनऊ से चेन्नई जा रही ट्रेन उस समय हादसे का शिकार होने से बच गई जब जैतीपुर के पास ब्रेक के पहिए चिपकने के कारण धुआं उठने लगा। गुरुवार को इस घटना की सूचना पर ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। मौके पर लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। इस बीच कई यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। गड़बड़ी को दूर करने के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया।

अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस का एसी फेल, यात्री बेहाल

अमृत विचार, लखनऊ: अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस की एसी सेकेंड बोगी से अयोध्या दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं के सुहाने सफर पर रेलवे की लापरवाही ने पानी फेर दिया। एसी फेल होने से यात्री बेहाल हो गए। ट्रेन अयोध्या से चलते ही यात्रियों ने कई बार रेल मदद एप पर शिकायत की। एसी ठीक किए बिना ही रेलवे ने शिकायत पर कार्यवाही की झूठी रिपोर्ट लगा दी। ट्रेन नंबर 14205 अयोध्या दिल्ली एक्सप्रेस गुरुवार को अयोध्या से रवाना हुई थी। एसी सेकेंड बोगी ए-1 के यात्रियों ने ट्रेन के अयोध्या से चलते ही एसी काम नहीं करने की शिकायत की। शिकायत पर कोच अटेंडेंट ने यात्रियों से कहा कि जैसे-जैसे ट्रेन आगे बढ़ेगी, कूलिंग होती जाएगी। एसी चलने के इंतजार में ट्रेन बाराबंकी तक पहुंच गई। गर्मी से तरबतर यात्रियों ने रेल मदद एप पर कई शिकायतें की। ट्रेन लखनऊ से आगे बढ़ने पर भी एसी की गड़बड़ी को ठीक नहीं किया गया। एसी खराब होने के साथ कोच के शौचालय भी गंदे थे। शिकायत के बावजूद अयोध्या से चली इस ट्रेन के शौचालय की गंदगी दूर नहीं हो सकी।

आईसीयू में जूते पहन इलाज कर रहे डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में आईसीयू नियमावली की अनदेखी की जा रही है। डॉक्टर और मेडिकल स्टॉफ जूते-चप्पल पहन कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ऐसा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

सिविल अस्पताल के आईसीयू में तीमारदारों के जूते-चप्पल बाहर उतरवा दिए जाते हैं। किंतु डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टॉफ बाहर के जूते-चप्पल पहन कर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। शू-कवर तक का भी इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। सफाई कर्मी भी बाहरी जूते चप्पल पहन कर वार्डों में घूमते हैं। सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि आईसीयू की नियमावली का सभी को पालन करना है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

आईसीयू के अंदर जूते पहने हुए डॉक्टर व अन्य स्टॉफ। अमृत विचार

पति समेत तीन पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी: काकोरी पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर बेटी की मौत के मामले में पति समेत तीन पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। मेंहदीनगर मोहल्ला में मंगलवार को अंतिमा का शव फंदा से लटका मिला था। कूड़ा ईंट निवासी मृतका के पिता गुरु प्रसाद ने पति रजनीश यादव, सास चित्रा देवी और ननद विनीता बेटी को दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोपियों पर बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

सार-संक्षेप

नटखेड़ा रोड पर गंदा पानी लेकर नाराजगी जताते व्यापारी और महिलाएं।

बोतल में गंदा पानी लेकर सड़क पर उतरे नाराज लोग

अमृत विचार, लखनऊ : बीते एक पखवारे से आलमबाग बाजार स्थित नटखेड़ा इलाके में दूषित जलापूर्ति का सिलसिला बना हुआ है। स्थानीय लोगों के मुताबिक जल संस्थान और नगर निगम के जिम्मेदारों से शिकायत किए जाने के बाद भी अब तक गंदा पानी नलों से निरंतर आ रहा है। इसे लेकर व्यापारी नेता के साथ स्थानीय लोगों ने हाथों में गंदे पानी की बोतल लेकर दुकानों के बाहर प्रदर्शन किया। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि इसे लेकर कई बार कहा गया है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस दूषित जलापूर्ति से स्थानीय लोग परेशान हैं। अब गर्मी पड़ रही है। ऐसे में दूषित पानी की आपूर्ति से किसी को भी गंभीर बीमारी हो सकती है। कारोबारी संजीव सबरवाल ने बताया कि 12 दिनों से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पानी में अब तक सुधार नहीं हुआ है। गंदे पानी की वजह से बाजार में आने वाले ग्राहक बोतलबंद पानी पीने को मजबूर हैं। प्रदर्शन में शामिल आकाश सोनू, बीना, साक्षी समेत कई स्थानीय निवासियों ने बताया कि सुबह, शाम दुकान एवं घरों में पानी बाजार से खरीद कर मंगाया जा रहा है। पानी इतना गंदा आ रहा है कि आरओ मशीन बिगड़ गई है। ऐसे में अविलंब गंदे पानी की दिक्कत को दूर किया जाए।

निजी अस्पताल पर नेपाली मरीज से वसूली का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के एक निजी अस्पताल पर नेपाल के मरीज से अधिक रुपये वसूलने का आरोप लगा है। मरीज के पिता ने सीएमओ को शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि नेपाल सरकार की ओर से मांगी गई एनओसी देने में भी टालमटोल किया जा रहा है। नेपाल के तुलसीपुर दाग निवासी चंद्र बहादुर थापा ने सीएमओ शिकायती पत्र दिया है। इसमें बताया कि सड़क हादसे में घायल बेटे विनोद गौतम (36) को गोमतीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती करते समय अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये खर्च बताया था। आरोप है बाद में 4.82 लाख रुपये का बिल थमा दिया। 50 हजार जमा कराकर मरीज को छुट्टी दे दी। शेष रकम जमा करने के लिए अस्पताल प्रशासन लगातार दबाव बना रहा है। आरोप है नेपाल सरकार द्वारा एनओसी मांगने पर अस्पताल प्रशासन टालमटोल कर रहा है। अस्पताल संचालक मो. इस्तिफाक का कहना है कि नेपाल की समिति से मेरा अनुबंध है। जिसके माध्यम से मरीज को भर्ती कर इलाज किया गया था। मरीज के परिजन इलाज से संतुष्ट हैं। शिकायत करने वाले लोग कौन हैं इसकी जानकारी की जा रही है। निजी अस्पताल के नोडल डॉ. एपी सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सं.	खुलने की तिथि	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	वेबसाइट
96245250A	10.05.2024	सप्लाई इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग आफ एअर कंप्रेशर आफ रोट्री स्क्रू डीजल ड्राइवेन।	01 नं.	www.ireps.gov.in

पत्रांक Sr.DMM/NR/Tender/AT/LKO/24
दिनांक : 12.04.2024 1102/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

	निविदा सूचना संख्या	03102023 दिनांक 12.04.2024
1	कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल इंजीनियर द्वित्य लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर रायबरैली और सहायक मंडल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अनुभाग में दोहरीकरण कार्य के दौरान निर्माण संगठन के बचे हुए कार्य के संबंध में रबरयुक्त सतह के साथ विभिन्न लेवल क्रॉसिंग का सतही सुधार का कार्य।	
2	अनुमानित लागत	Rs. 34946802.96
3	धरोहर राशि	Rs. 3,24,700.00
4	कार्य समापन की अवधि	स्वीकृत पत्र की तिथि से 08 माह
5	निविदा डालने का प्रारंभ	22.04.2023
6	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	06.05.2024 15:00 बजे
7	वेबसाईट	www.ireps.gov.in

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1112/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **13.05.2024** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	**निविदा सूचना संख्या :** 03002024 दिनांक 12.04.2024
2	**निविदा संख्या :** 01/ Sr.DEN-C/LK0/2024-25
3	**कार्य का नाम : (1)** मगरवारा नार्थ ईस्ट और मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो : सहायक मंडल इंजीनियर-द्वितीय-लखनऊ के अधीन आर. डी. एस. ओ./लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या 2004 की आई आर एस-जीई-आई तथा चीफ इंजीनियर के सर्कुलर संख्या 257 के अनुसार, मगरवारा नार्थ ईस्ट बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) एवम् मगरवारा साउथ बैलास्ट डिपो में (60000 Cum) कुल 120000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोड़ी गयी कठोर गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। (दोहरी पैकेट प्रणाली)
4	**अनुमानित लागत : (1)** रु. 15,95,28,000/-
5	**धरोहर राशि : (1)** रु. 9,47,000/-
6	**कार्य की समापन अवधि : (क्र.सं. 1 के लिये) :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह।
7	**निविदा डालने का प्रारंभ :** 29.04.2024
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 13.05.2024, 15:00 बजे
9	**बेबसाईट : www.ireps.gov.in**

नोट:- 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-III-1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt-III-1963 पर आधारित हो) की जाँच रिपोर्ट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई.आई.टी. तथा एन.आई.टी. की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि के बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी। **2.** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **1104/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या, 436, अतरदीप कॉम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या -224001 ई- मेल: crld.roayodhya@unionbankofindia.bank

मेगा ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी अधिनियम के अन्तर्गत)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन), 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के परन्तुक सपठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनगर्ठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

सर्वसाधारण को विशेषकर ऋणियों एवं जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पतियां, जो प्रतिभूति के रूप में हमारे बैंक के पास दृष्टिबंधक / बंधक है जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्ज़ा** यूनियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, का विक्रय दिनांक **30.04.2024** (समयः दोपहरः 12 बजे से सायं 05 बजे तक) को होने वाली ई-नीलामी में ''जहाँ है'', ''जैसा है'', ''जो कुछ भी है'' और ''बिना किसी सहारे के'' आधार पर नीचे वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी की वसूली के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के द्वारा किया जायेगा। आरक्षित धनराशि एवं ईएमडी राशि नीचे वर्णित है। ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** पर लिंक उपलब्ध है। निम्नलिखित संपत्तियों की बिक्री वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा की जाएगी।

नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां ऑनलाइन ई-नीलामी में वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** के द्वारा दिनांक **30.04.2024** को ऋणियों एवं जमानतदारों से सम्बन्धित उनकी देनदारी, ब्याज एवं अन्य कोई व्यय की वसूली के लिए बिक्री की जायेगी।

ऑनलाइन ई-नीलामी के माध्यम से वेबसाइट: https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.
नीलामी की तिथि व समय: 30.04.2024, समय: दोपहर: 12 बजे से सायं 05:00 बजे (10 मिनट के असीमित अतिरिक्त समय सहित),
बोली/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले

क्र. सं.	ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता एवं शाखा का नाम	ई-नीलामी हेतु सम्पत्ति का विवरण	1. आरक्षित धनराशि 2. ई.एम.डी. 3. बढ़ी हुई धनराशि	1. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय 2. ई-मेल आईडी 3. सीएम/सम्पर्क/शाखा प्रमुख/सम्पर्क	ब्याज एवं अन्य खर्च के साथ बकाया धनराशि	भार का विवरण / सांकेतिक/भौतिक कब्जा
1.	**ऋणीः मेसर्स श्री बालाजी ट्रेडर्स, प्रोपराइटर श्री राघवेंद्र चौधरी पुत्र श्री खुशी राम चौधरी द्वारा प्रतिनिधित्व,** ग्राम-किशुनपुर, पोस्ट-रामचंदरपुर, अहियारायपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश। **जमानतकर्ताः श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री खुशी राम चौधरी, पताः** ए-27, सेक्टर-2, दूरभाष नगर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229010 **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी खुशी राम चौधरी के स्वामित्व में मकान सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित गाटा संख्या 169 ख एवं 170, ग्राम किशुनपुर रामचन्द्र, परगना, तहसील व जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 816 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः उत्तरः** छोटे लाल का खेत, **दक्षिणः** खुशीराम का खेत, **पूर्वः** बंजर भूमि एवं **पश्चिमः** नाला	1. रू. 57,45,000/- 2. रू. 5,74,500/- 3. रू. 57,450/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **20,74,500.22** + दिनांक 31.03.2022 तक ब्याज + लागत + शुल्क यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को देय	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
2.	**ऋणीः मेसर्स सोनालिका इंजीनियरिंग वर्क्स, द्वारा प्रोपराइटर श्रीमती इंदिरा सिंह पत्नी श्री सुनील सिंह,** निवासी एम-70, इंदिरा नगर, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश **जमानतकर्ताः श्री सुनील सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह राठौड़,** निवासी एम-70, इंदिरा नगर, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्री सुनील सिंह पुत्र श्री बाबू सिंह राठौड के स्वामित्व में संपत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट नंबर ए-9, यूपीएसआईडीसी मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, सतावन परगना एवं तहसील-रायबरेली, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश (पट्टा अधिकार), क्षेत्रफल 450 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः उत्तरः** पार्क, **दक्षिणः** 9 मीटर चौड़ी रोड, **पूर्वः** प्लॉट नंबर ए-8 एवं **पश्चिमः** प्रशासनिक ब्लॉक	1. रू. 14,50,000/- 2. रू. 1,45,000/- 3. रू. 14,500/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **27,36,165.32** + ब्याज + लागत + शुल्क एवं अन्य खर्चे यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को देय (प्रतिभूति संपत्ति के कब्जे की तिथि)	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
3.	**ऋणीः मेसर्स हरिओम कंस्ट्रक्शन प्रोप. श्री शिव प्रताप सिंह,** मकान नंबर 187, मझगवां-हरदोई, हरचंदपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **जमानतकर्ताः 2(ए): श्रीमती लक्ष्मी सिंह पत्नी श्री रणजीत सिंह,** निवासी मकान स्थित गाटा संख्या 631 एम, ग्राम कंडापुरा, परगना एवं तहसील-रायबरेली, उत्तर प्रदेश। **2(बी): श्री कौशलेंद्र पाण्डेय पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय,** निवासी ग्राम काजी का पुरवा, हरदासपुर, रायबरेली, उत्तर प्रदेश **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्रीमती लक्ष्मी सिंह पत्नी श्री रणजीत सिंह के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित गाटा संख्या 631 मि ग्राम- कंदौरा परगना एवं तहसील सदर, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 170.94 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः पूर्वः** सुशील कुमार अवस्थी का मकान, **पश्चिमः** बृज किशोर मिश्रा का मकान, **उत्तरः** तालाब एवं **दक्षिणः** खडंजा रोड 8 फीट चौड़ा	1. रू. 30,80,000/- 2. रू. 3,08,000/- 3. रू. 30,800/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **43,33,561.75** + दिनांक 01.02.2019 तक ब्याज + लागत + शुल्क एवं अन्य खर्चे यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को देय	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
4.	**ऋणीः 1(ए): मेसर्स बैसवारा ऑटो सेल प्रोपराइटर श्री आशीष प्रताप सिंह,** दुकान, मनिका सिनेमा रोड, तोमर इंटरप्राइजेज के पास, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **1(बी). श्री आशीष प्रताप सिंह,** निवासी-गढ़ी मनिहार, पोस्ट कजियाना, ऊंचाहार, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **जमानतकर्ताः 2(ए): श्रीमती पुष्पलता सिंह पत्नी श्री कृष्ण बहादुर सिंह,** ग्राम गढ़ी मनिहार पोस्ट काजियाना, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **2(बी): श्री संजय कुमार पुत्र श्री शिव प्रसाद,** ग्राम दौलतपुर, पोस्ट मुंशीगंज, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **2(सी): श्री आशीष प्रताप सिंह,** निवासी-गढ़ी मनिहार, पोस्ट कजियाना, ऊंचाहार, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्री आशीष प्रताप सिंह के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट संख्या 243, ग्राम एहरुहार, जियायक परगना एवं तहसील दलमान, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 0.3790 हेक्टेयर, **चौहद्दीः उत्तरः** अनिल कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद आदि की भूमि फिर वन विभाग, **दक्षिणः** इलाहाबाद से कानपुर रोड, **पूर्वः** बंजर एवं **पश्चिमः** वन विभाग की भूमि	1. रू. 15,16,000/- 2. रू. 1,51,600/- 3. रू. 15,160/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **29,83,861.51** + ब्याज + लागत + शुल्क एवं अन्य खर्चे यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को देय (प्रतिभूति संपत्ति के कब्जे की तिथि)	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
5.	**ऋणीः 1(ए): मेसर्स श्री राधे गोविंदा बेकर्स, प्रोप. श्रीमती सोनिया रस्तोगी,** पता- सम्राट बिल्डिंग डबल फाटक, रेलवे स्टेशन के पास, रायबरेली-229001 **जमानतकर्ताः 2(ए): श्री मनीष कुमार रस्तोगी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद रस्तोगी,** 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली, यू.पी.-229001 **2(बीः श्री अनूप कुमार मुखर्जी पुत्र श्री निर्मल कुमार मुखर्जी,** 309, प्रकाश नगर, कैनाल रोड, रायबरेली, यू.पी.-229001 **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्री मनीष कुमार रस्तोगी के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित गाटा संख्या 267, ग्राम टांडा, गंगागंज, रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 890 वर्ग, **विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दीः उत्तर-** सह खातेदार पूर्णमासी का खेत, **दक्षिण-** दया राम का खेत, **पूर्व-** ग्राम सभा लिंक रोड पूरे हंसा, **पश्चिम-** विश्वनाथ का खेत **दृष्टि के अनुसार संपत्ति की चौहद्दीः- उत्तर-** सह खातेदार पूर्णमासी का खेत, **दक्षिण-** दया राम का खेत, **पूर्व-** ग्राम सभा लिंक रोड पूरे हंसा, **पश्चिम-** विश्वनाथ का खेत	1. रू. 42,35,000/- 2. रू. 4,23,500/- 3. रू. 42,350/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **58,66,097.58** दिनांक 31.12.2021 तक एवं शुल्क एवं लागत यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया को देय	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
6.	**ऋणीः 1(ए): मेसर्स श्री लक्ष्मी ट्रेडर्स पार्टनर श्री जीतेंद्र मोहन बाजपेयी एवं श्रीमती लक्ष्मी बाजपेयी,** रतापुर चौराहे के पास, लखनऊ से इलाहाबाद हाईवे, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **जमानतकर्ताः 2(ए): श्री जितेंद्र मोहन बाजपेयी पुत्र सूर्य प्रसाद बाजपेयी,** निवासी मकान नंबर 910 वार्ड नंबर 24, निराला नगर रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **2(बी): श्री गिरिराज दीक्षित पुत्र देवानंद दीक्षित,** निवासी मकान नंबर 65/3 जगदीश पुरम, त्रिपुला चौराहा रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्री जितेंद्र मोहन बाजपेयी पुत्र श्री सूर्य प्रसाद बाजपेयी के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित गाटा संख्या 282 एमएल मकान संख्या 910 वार्ड 24, ग्राम अहमदपुर नजूल, मोहल्ला निराला नगर, परगना एवं तहसील सदर, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 190.00 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः उत्तरः** रास्ता, **दक्षिणः** राम भरोसे सोनी का मकान, **पूर्वः** जगत नारायण द्विवेदी का मकान, **पश्चिमः** रास्ता फिर कृष्ण कुमार मिश्रा	1. रू. 65,42,000/- 2. रू. 6,54,200/- 3. रू. 65,420/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **40,32,330.88** + ब्याज + लागत + शुल्क एवं अन्य खर्च दिनांक 06.10.2020 तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय (प्रतिभूति संपत्ति के कब्जे की तिथि)	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
7.	**ऋणीः 1(ए): मेसर्स सम्राट इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड मोबाइल्स,** ऐपरगंज, घंटा घर चौराहे के पास, रायबरेली, प्रोप. 1- श्री रितेश कुमार रस्तोगी पुत्र श्री जगन्नाथ प्रसाद, 113, माल खाना, कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.-229001 **जमानतकर्ताः 2(ए): श्री जगन्नाथ प्रसाद पुत्र श्री महाबीर प्रसाद,** 113, माल खाना कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.- 229001 **2 (बी): श्रीमती. कृष्णा रस्तोगी पत्नी श्री जगनाथ प्रसाद रस्तोगी,** 113 मालखाना, कैपरगंज, रायबरेली, उ.प्र.-229001 **शाखाः रायबरेली मुख्य शाखा**	श्री जगनाथ प्रसाद एवं श्रीमती कृष्णा देवी सोनार के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित नजूल प्लॉट नंबर 131, ग्राम-अखियारपुर, सम्राट होटल, परगना, तहसील-रायबरेली, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल 265.60 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः उत्तरः** नाला, **दक्षिणः** रोड रेलवे स्टेशन, **पूर्वः** जाविर का मकान एवं रामजी मिश्रा की दुकान, **पश्चिमः** ब्रिज के ऊपर से रतापुर जाने वाली सड़क	1. रू. 1,75,97,000/- 2. रू. 17,59,700/- 3. रू. 1,75,970/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री शैलेन्द्र कुमार कुरील 9896322800	रू. **62,79,216.28** दिनांक 06.10.2020 तक एवं शुल्क एवं लागत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को देय	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा
8.	**ऋणी एवं जमानतकर्ताः 1(ए). मेसर्स कृष्णा इलेक्ट्रॉनिक्स,** श्री हरीश सोनकर (प्रोपराइटर) महाराजगंज रोड, बछरावां, रायबरेली उत्तर प्रदेश-229301, **1(बी). श्री हरीश कुमार सोनकर पुत्र श्री जगन्नाथ,** निवासी मोहल्ला किला, वार्ड नंबर 1, नगर पंचायत बछरावां, परगना बछरावां, तहसील महाराजगंज, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश **शाखाः बछरावां शाखा**	श्री हरीश कुमार सोनकर पुत्र श्री जगन्नाथ के स्वामित्व में सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित प्लॉट नं. 3208, ग्राम-बछरावां, परगना-बछरावां, तहसील-महाराजगंज एवं जिला-रायबरेली, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 229301, क्षेत्रफल 92.936 वर्ग मीटर, **चौहद्दीः पूर्वः** राजमार्ग बछरावां-लालगंज, **दक्षिणः** सह-किरायेदार हरीश कुमार का शेष प्लॉट, **पश्चिमः** विशाल का खेत, **उत्तरः** दिलीप कुमार का प्लॉट	1. रू. 27,40,000/- 2. रू. 2,74,000/- 3. रू. 27,400/-	1. प्राधिकृत अधिकारी से विमर्शानुसार 2.crld.roayodhya@unionbankofindia.bank 3. श्री अभिषेक द्विवेदी 9532754232	रू. **10,20,255,05** + लागत एवं शुल्क के साथ दि. 16.12.2023 तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को कब्जे के नोटिस में ब्याज का दावा किया गया।	प्राधिकृत अधिकारी को अन्य संज्ञान नहीं सांकेतिक कब्जा

इच्छुक खरीदार/बोलीकर्ता से अनुरोध है कि ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी की बोली प्रस्तुत करने के पूर्व ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा अन्य ब्यौरे को बैंक की वेबसाइटः **www.unionbankofindia.co.in** पर अवश्य देख लें। साथ ही इच्छुक खरीदार/बोलीकर्ता, वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp**, हेल्प लाइन ई-मेल आईडीः **eauctionhelpdesk@unionbankofindia.bank** पर भी जा सकते है। ऑन लाइन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक खरीदार/बोलीकर्ता के पास वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। विक्रय से संबंधित नियम व शर्ते प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन होगें।

Security Interest (Enforcement) Rule 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत 15 दिन की बिक्री सूचना

इसे **Security Interest (Enforcement) Rule** 2002 के नियम 8(6) के नियम 9(1) के अन्तर्गत उक्त तिथि को की जा रही ई- नीलामी / बिक्री के सम्बन्ध में उक्त ऋण के बकाया राशि वाले ऋणियों / जमानतकर्ताओं को जारी किया हुआ नोटिस भी माना जाये।

दिनांक : 13.04.2024 **स्थानः अयोध्या** **प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

एक नजर

पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शांति व्यवस्था और महिला सशक्तिकरण को लेकर सराहनीय काम करने वाली मॉनिटरिंग सेल की आरक्षी प्रतिमा द्विवेदी, महिला थाना की आरक्षी वत्सला सिंह व उपनिरीक्षक कोतवाली अमरनाथ सिंह को समृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

आग में झुलसीं 25 बकरियां, जली बाइक

निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : धुंघटेर क्षेत्र के मीननगर गांव में गुरुवार की रात एक घर में आग लग गयी। इस घटना में करीब 25 बकरियां झुलस गयीं। खाद्यान्न व बाइक जल गयी। सूचना पर दमकल गाड़ी पहुंचती तब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। मीननगर निवासी सुरेश के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दो घरों को अपने कब्जे में लिया। गांव के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक मकान में रखा लाखों का सामान जल गया।

स्मैक के साथ लखनऊ के युवक समेत दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने लखनऊ निवासी अंकित यादव व शहर कोतवाली के मोहल्ला कटरा निवासी मो. अयूब को पुलिस ने 120 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

कूड़े के ढेर में आग लगने से तीन वाहन जले

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे के पीछे कूड़े के ढेर से लगी आग में तीन वाहन जल गए। लपटों को देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग को काबू किया गया।

अदालत में हाजिर नहीं हुए आप सांसद संजय सिंह

25 अप्रैल को विशेष कोर्ट में फिर से होगी सुनवाई

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। मामले में अगली सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तारीख नियत की गई है। मामले में संजय सिंह पर जमानतीय वारंट जारी है।

आम आदमी पार्टी के सासंद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सासंद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है। शुक्रवार को आरोपी मकसूद और सिकंदर हाजिर अदालत आए तथा अन्य आरोपी शहबान, इन्द्रीश, अजय गौड़, धर्मराज, जगदीश प्रसाद, सुकई, सलीम, जलील, जीसान और मोहम्मद सलाम की हाजिरी माफी बचाव पक्ष ने अदालत में दिया।

विजय हत्याकांड की विवेचना ट्रांसफर करने की मांग

सुलतानपुरः शहर के दरियापुर तिराहे पर छह दिन पूर्व हुए प्रापर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकाण्ड की विवेचना ट्रांसफर करने की मांग प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एवं अन्य उच्चाधिकारियों से की गई है। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने आरोप लगाया है कि वे पल्लवी होटल के अंदर और गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे के घटना के दिन की फुटेज से विवेचक छेड़छाड़ कर रहे हैं तथा इसे नष्ट कर देना चाहते हैं।

जबकि सीसीटीवी फुटेज आपराधिक षड्यंत्र और हत्या के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। विवेचना ट्रांसफर की मांग और शिकायत पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर से भी की गई है। घटना के बाद से ही पुलिस की कार्यशैली पर पीड़ित पक्ष सवाल उठा रहा है।

पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई 20 को

सुलतानपुर : पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में शुक्रवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

सांसद राहुल गांधी के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार। विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में शुक्रवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई।

परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 22 अप्रैल की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें शुक्रवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

अखिलेश ने सीतापुर में भाजपा को घेरा, गारंटी पर उठाए सवाल

सपा मुखिया बोले- भाजपा पूरी तरह किसान व गरीब विरोधी

सीतापुर, अमृत विचार। मोदी की गारंटी नहीं सिर्फ गारंटी के नाम पर जनता के सामने भाजपा घंटी बजा रही है। कोरोना में जैसे भाजपा थाली-ताली बजवा रही थी, उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी की घण्टी बजा रही है। भाजपा की जहां-जहां सरकार रही वहां भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उत्तर प्रदेश अब भर्ती लीक प्रदेश बन गया है। भाजपा सरकार अभी तक कोई भी परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न नहीं करा सकी हैं। उक्त बातें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सपा विधायक के आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान कहीं।

पीलीभीत में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करने के बाद हेलीकॉप्टर से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सपा विधायक अनिल वर्मा के शहर स्थित आवास पहुंचे। अखिलेश यादव ने यहां विधायक के बेटे और पुत्र वधु को आशीर्वाद देकर आगामी जीवन की शुभकामनायें दी। विधायक आवास सपा नेताओं और गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर से मुलाकात कर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत कर भाजपा पर निशाना साधा।

इलेक्टोरल बांड पर भाजपा का कोई जवाब नहीं

अखिलेश यादव ने इलेक्टोरल बांड के सहारे भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास बांड को लेकर कोई जवाब नहीं है। भाजपा सरकार अग्निवीर जैसी योजना ला सकती है अगर कहीं पुलिस में भी ऐसी योजना ले आये तो बताओं युवाओं का क्या होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौकरी और आरक्षण न देने के चक्कर में युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल रही है। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है और हम मतदान के साथ सावधान रहने की भी अपील कर रहे है।

डेढ़ साल के बेटे को कचहरी में पटका

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः ससुराल से निष्कासित महिला ने अपने बच्चे को सिविल कोर्ट पुलिस चौकी के सामने पटक कर मार डालने का प्रयास किया। वकीलों ने महिला को पकड़कर बच्चा समेत पुलिस के हवाले कर दिया। गोरखपुर की रहने वाली अनीता की शादी कोतवाली नगर के खुर्दाबाद मोहल्ले में कमल किशोर के साथ हुई थी। बच्चे के पैदा होने के बाद ससुराल वालों ने उसे चार माह पहले घर से निकाल दिया। अब यह महिला न्याय के लिए कचहरी में भटक रही है। महिला ने शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को कचहरी में सड़क पर पटक दिया। यह देख वकीलों ने बच्चे को उठाया और पुलिस के हवाले कर दिया।

ऐतिहासिक-आध्यात्मिक स्थल है अयोध्या

- बोले-गोवा के राज्यपाल, परिवार के साथ किए रामलला के दर्शन
- प. बंगाल के राज्यपाल ने भी देश व पश्चिम बंगाल के लिए रामलला से मांगा आशीर्वाद

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या ऐतिहासिक आध्यात्मिक स्थल है। भगवान श्रीराम देश के आदर्श हैं। अयोध्या का समग्र विकास हो रहा है। ये बातें गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई ने शुक्रवार को कहीं। वो रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। कहा कि पहली बार यहां आया हूं।

उन्होंने कहा क़ि उत्तर प्रदेश सरकार और नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए विकास कार्य की मैं सराहना करता हूं। परिवार के साथ अयोध्या आए राज्यपाल ने सरयू का दर्शन-पूजन कर स्नान किया। नौका विहार का भी आनंद लिया। इसके बाद रामलला का दर्शन पूजन किया।

सरयू दर्शन के लिए जाते गोवा के राज्यपाल श्रीधरन पिल्लई। अमृत विचार

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस भी शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने देश के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के लिए भी राम लला से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि राम का मंदिर बनने के बाद अयोध्या काफी बदल गई है। इससे पहले सर्किट हाउस में दोनों राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

भारत और नेपाल के दो विश्वविद्यालयों में करार

गोरखपुर

अमृत विचार। भारत व नेपाल के बीच समग्र शैक्षिक-सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर तथा नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय ने एक साझा पहल की है।

गुरुवार को दोनों विश्वविद्यालयों के बीच महत्वपूर्ण समझौता करार (एमओयू) हुआ। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और नेपाल के लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान किया। दोनों विश्वविद्यालय शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में विद्यार्थी विनिमय कार्यक्रम के साथ ही शोध और नवाचार की दिशा में मिलकर काम करेंगे। लुम्बिनी बौद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुबर्ण लाल बज्राचार्य ने कहा कि भारत और नेपाल के सांस्कृतिक अंतरसंबंध मानव सभ्यता और संस्कृति के इतिहास जितने ही प्राचीन हैं। दोनों देशों की साझी सांस्कृतिक विरासत है और इसे आपसी शैक्षिक कार्यक्रमों से संरक्षित व संवर्धित किया जा सकता है।

तीन सगे भाइयों पर ठगी का मुकदमा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले तीन सगे भाइयों के खिलाफ भुक्त भोगी ने थाने पर प्राथमिक दर्ज कराई है। अंबेडकर नगर के विपिन कुमार ने थाना लोनी कटरा अंतर्गत ग्राम मदनापुर निवासी आकाश, पप्पू सिंह, व वासुदेव सिंह के विरुद्ध थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया की 4 वर्ष पूर्व उक्त लोगों ने प्रॉपर्टी दिलाने के लिए दो लाख नगद एडवांस के तौर पर लिए थे। उसके बाद काफी समय बीत जाने के बाद जब प्रॉपर्टी नहीं दिला सके तो रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 13 लाख और ले लिए।

रामलला के माथे पर सूर्य तिलक का वीडियो वायरल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणें शुशोभित होने का शुक्रवार को वीडियो वायरल होने के बाद आस्था की लहरें और भी हिलोरे मारने लगी हैं। यह वीडियो सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों के द्वारा परीक्षण करते समय का है। कई किश्तों में वीडियो सामने आए हैं। हालांकि इस वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है।

प्राण प्रतिष्ठा की तरह चैत्र रामनवमी उत्सव को भी दिव्य और भव्य बनाने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारी कर ली है।

रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरण का किया गया ट्रॉयल।

नौ अप्रैल से प्रारंभ हुए इस उत्सव को लेकर ट्रस्ट नित्य रामलला की भव्य तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है। जिसके माध्यम से मंदिर में चल रहे उत्सव के दौरान रामलला को हर दिन अलग अलग प्रकार से श्रृंगार कराया जा रहा है।

दर्शन बंद होने की अफवाहों का ट्रस्ट ने किया खंडन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामनवमी के बाद राम मंदिर में रामलला के दर्शन बंद करने को लेकर एक बार फिर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। जिसको देखो वही एक दूसरे से यह पूछता फिर रहा है कि क्या रामनवमी के बाद 20 अप्रैल से रामलला के दर्शन बंद हो जाएंगे। अमृत विचार ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट से बातचीत की तो सच सामने आ गया। दरअसल चुनावी लहर को देखते हुए लोगों में यह चर्चा है कि 20 अप्रैल के बाद दर्शन बंद हो जाएंगे। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने इन अफवाहों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य को ध्यान में रखते हुए कार्य को तेज गति से कराया जा रहा है। गर्भगृह में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कराई जा चुकी है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में किसी भी मंदिर को बंद करना संभव नहीं है।

सार-संक्षेप

आंगनबाड़ी केंद्र में ताला, कैसे मिले योजनाओं का लाभ

हरख, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटक रहा है। जिससे नौनिहालों को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की है। हरख ब्लॉक क्षेत्र के हरख द्वितीय आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को ताला लटक रहा था। जबकि प्रथम केन्द्र खुला हुआ था, द्वितीय केंद्र की कार्यकत्री माया देवी व सहायिका पुष्पा देवी दोनों नदारद रहीं। जिसके कारण नौनिहालों को दिया जाने वाला पोषाहार भी समय से नहीं मिलता है। गांव निवासी अजय, पुष्पेंद्र, विजय आदि लोगों ने बताया कि उसकी शिकायत बाल पुष्टाहार विभाग को की जाएगी। इस संबंध में सीडीपीओ इंदु लता ने बताया कि केंद्र बंद होने की जानकारी नहीं है जांच कराई जाएगी।

आंगनबाड़ी केंद्र में लटक रहा ताला।

दूर होंगी दिक्कतें, यात्रियों को मिलेंगी सुविधाएं

दरियाबाद, बाराबंकी : अमृत विचार : नवीनीकरण हुए दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही असुविधाओं को लेकर अमृत विचार ने बीते 9 अप्रैल को 'दरियाबाद स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएं नहीं' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसका संज्ञान उत्तर रेलवे के डीआरएम ने लेकर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है।दरियाबाद रेलवे स्टेशन पर नवीनीकरण के दौरान यात्रियों को पीने के पानी, बैठाने को लेकर बेंच, शौचालय आदि की असुविधा का सामना करना पड़ता है। बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप में यात्री उपगारीम पुल की छाव में बैठा कर आने जाने वाली ट्रेनों की प्रतीक्षा करते हैं। डीआरएम नार्थ रेलवे ने यात्रियों को हो रही असुविधाओं को तत्काल प्रभाव से दूर करने के निर्देश दिए है।

ईद मनाने मायके जा रही महिला व बेटी की दुर्घटना में मौत

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : ईद के दिन अपने मायके जा रही मां और बेटी को एक मिक्सर वाहन ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे से परिवार में मातम पसर गया। देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला शेख के नूरीनगर निवासी तारिक की पत्नी शबनम (25) व उसकी तीन साल की पुत्री रमजा ईद के दिन मायके जा रही थी। शबनम का भाई सुल्तान दोनों को बाइक से लेकर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मंझलेपुर बनवा जा रहा था। इस दौरान देवा-बाराबंकी मार्ग पर रिलायंस कंपनी के सामने पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार मिक्सर वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शबनम व पुत्री रमजा उछलकर सड़क पर गिर गईं और सुल्तान सड़क की बाई ओर पटरी पर गिरा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शबनम और उसकी बेटी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल सुल्तान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपजिलाधिकारी नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी, सीओ सिटी जगत कनौजिया, देवा कोतवाली प्रभारी अनिल पांडे की मौजूदगी में शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

प्रधानाध्यापक, 5 अध्यापक व 10 शिक्षामित्र मिले नदारद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार : बीएसए संतोष देव पाण्डेय और सभी बीईओ ने शुक्रवार को 67 विद्यालयों का निरीक्षण किया। बीएसए ने शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। कहीं विद्यालयों में नामांकित बच्चों के सापेक्ष छात्र संख्या कम दिखी तो कहीं घास-पूस व गन्दगी मिली। निरीक्षण के दौरान एक प्रधानाध्यापक और पांच सहायक अध्यापक सहित दस शिक्षामित्र अनुपस्थिति पाये गये। बीएसए संतोष देव पाण्डेय ने बंकी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मंजीठा के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थिति का भी जायजा लिया। बंकी के ही प्राथमिक विद्यालय बरहाहार का निरीक्षण किया। यहां की शिक्षिका प्रतिमा मिश्रा छुट्टी पर मिलीं। प्रधानाध्यापिका शिक्षिका की छुट्टी के संबंध में स्वीकृत आदेश उपलब्ध नहीं करा पाईं। तो बीएसए ने सहायक अध्यापिका का वेतन रोकने का आदेश दिया। हरख के प्राथमिक विद्यालय नानमऊ में दो शिक्षामित्रों के फरवरी से लगातार अनुपस्थित होने पर बीईओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय मेंहदीपुर में विद्यालय अवधि में शिक्षिका के बाहर होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा। प्राथमिक विद्यालय न्योता के निरीक्षण के दौरान बीएसए ने छात्र संख्या बढ़ाने की बात कही।

हरियाणा से लौटे युवक की हत्या, शव खेत में फेंका

हरदोई, अमृत विचार। हरियाणा से वापस गांव लौटा युवक सुबह घर से निकला, उसके बाद उसी युवक का शव खेत में पड़ा देखा गया। उसका चेहरा खून से लथपथ था और एक कान भी कटा हुआ था। पुलिस का मानना है कि युवक की हत्या की गई। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह और सीओ हरपालपुर रवि प्रकाश सिंह के अलावा वहां पहुंची फोरेंसिक टीम जांच करने में जुट गई है। बताया गया है कि लोनार थानेके भदना गांव निवासी मुंशी का 35 वर्षीय पुत्र छोटकौनू हरियाणा में नौकरी करता था। उसके दो भाई अनिरुद्ध और शिवकुमार है। परिवार में पत्नी छोटी बिटिया, दो बेटे सौरभ, लालू और एक बेटी खुशी है। बताते है कि छोटकौनू गुरुवार की रात घर से कहीं चला गया। उसके बाद पड़ोसी गांव गदाईपुर के बाहर उसी के खेत में छोटकौनू का शव पड़ा देखा गया।

खेत से घर लौटी मां तो फंदे से लटका मिला बेटे का शव

हरदोई, अमृत विचार। बुजुर्ग हो चुके मां-बाप का सहारा और दो बहनों के इकलौते भाई ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। खेत से घर लौटकर जब मां ने बेटे कर शव लटकते देखा तो बेहोश होकर गिर पड़ी। मामला कोतवाली देहात के गोंदहाई गांव का बताया जा रहा है। गोंदहाई निवासी कन्हैयालाल मेहनत-मज़दूरी से पत्नी के अलावा दो बेटियों और इकलौते बेटे के साथ गुज़र-बसर करता हैं। उसकी एक बेटी मानसिक तौर पर बीमार रहती है, जबकि दूसरी बेटी की शादी हो चुकी है। दो बेटियों के बीच 22 वर्षीय इकलौता पुत्र अनुज था, जिसकी भी शादी नहीं हुई थी। अनुज बुज़ुर्ग हो चुके अपने मां-बाप के बुढ़ापे का इकलौता सहारा था। अनुज भी इधर-उधर मेहनत-मज़दूरी कर अपना खर्च चलाता था। बुधवार की शाम उसकी मां अनुज और बीमार बेटी को छोड़ कर खेत पर फसल काटने गई हुई थी।

कर्तव्य के प्रति वफादारी सफलता का मंत्रः एडीजे

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा के स्थानांतरण के पश्चात एडीआर सेंटर पयागीपुर पर आयोजित विदाई समारोह में मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पैरालीगल वालिंटियर प्राधिकरण की रीड है। यह हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं, इसलिए वह बधाई के पात्र हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि सेवा काल में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है जिसे हम सभी को सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। यद्यपि की हम जहां कार्य करते हैं और अच्छे लोगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलता है तो वह यादगार रहता है। उस यादगार को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम सभी अपने कर्तव्य के प्रति वफादार रहे तो निश्चित ही सफलता मिलती रहेगी और संबंध बना रहेगा। विदाई समारोह को पैनल अधिवक्ता अमित पांडेय, सुभाष त्रिपाठी, मध्यस्थ अरुण सिंह, हरीराम सरोज सहित आधा दर्जन से अधिक मध्यस्थता तथा पैरालीगल वालिंटियर ने विदाई समारोह ने संबोधित किया।

नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे 45 हजार रुपये

सुलतानपुर, अमृत विचार : युवक को नौकरी दिलाने की बात बता 45 हजार रुपए ले लिए। युवक जब नौकरी करने गया तो निराशा हाथ लगी। घर लौट आरोपी से जब पैसे की मांग की तो टाल मटोल करने लगा। पुलिस से शिकायत पर जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव निवासी रेहाना बेगम ने सीजेएम कोर्ट में याचिका दायर किया। उसने बताया कि कूरेभार थाना क्षेत्र के मो शोएब व रिजवान ने उनके बेटे को नौकरी दिलाने की बात कर 45 हजार रुपए ले लिए। जब नौकरी के लिए उनका बेटा निहाल गया तो वहा सब फर्जी था। कोई भी कंपनी नहीं थी। वापस लौट कर जब पैसा मांगा गया तो गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

विशेष ट्रेनों के बढ़ेंगे फेरे

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05531/05532 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल वाया गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन रक्सौल से 14 अप्रैल एवं 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 15 अप्रैल एवं 29 अप्रैल से 1 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। इसके अलावा 08795/08796 दुर्ग-छपरा-दुर्ग साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दुर्ग से 15, 22 एवं 24 अप्रैल तक प्रत्येक सोमवार को तथा छपरा से 16, 23 एवं 30 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। इसके अलावा 05565/05566 सहरसा-सरहिन्द-सहरसा वाया गोरखपुर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 18 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को तथा सरहिन्द से 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को 11 फेरों के लिये किया जायेगा। गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने इस बारे यह निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में सहूलियत होगी।

फरियादों की सुनवाई न होने पर डीजी नाराज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीजी (महानिदेशक) स्कूल शिक्षा ने विद्यालय से लेकर मंडलीय शिक्षा निदेशक कार्यालयों द्वारा शिकायतों व समस्याओं के निराकरण में रुचि न लेने को गंभीरता से लेते हुए मातहतों को पत्र जारी कर शिक्षकों व कर्मचारियों सहित आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे स्थानीय स्तर पर निस्तारित होने वाले मामलों को लेकर लोगों को डीजी कार्यालय न पहुंचना पड़े।

पत्र में कहा है कि शिक्षकों, अधीनस्थ कर्मचारियों व अन्य लोगों की ओर से बड़ी संख्या में शिकायती पत्र मिल रहे हैं। जिससे यह साबित होता है कि विद्यालय, बीईओ, बीएसए व मंडलीय शिक्षा निदेशक स्तर पर शिकायतों व समस्याओं का प्रभावी निस्तारण नहीं हो रहा है। इसीलिए लोगों को परेशन होकर उनके पास आकर फरियाद लगानी पड़ती है।

उन्होंने प्रधानाध्यापक का प्रभार देने, वरिष्ठता तय करने, शिक्षक-शिक्षिकाओं के समय पर विद्यालय न पहुंचने या विद्यालय न खुलने और लंबित देयों के भुगतान को लेकर आने वाली शिकायतों को स्थानीय स्तर पर शीघ्रता से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक | जयपुर में 10 से 12 अप्रैल तक अन्तर रेलवे समय सारिणी समन्वय सम्मेलन आयोजित

यात्री ट्रेनों के संचालन समय में कमी लाने के निर्देश

नई दिल्ली, अमृत विचार : ट्रेन संचालन में जोनल रेलवे के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने और यात्री गाड़ियों के यात्रा समय को कम करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। परिचालन एवं व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड की सदस्य सीमा कुमार ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित अन्तर रेलवे समय सारिणी समन्वय सम्मेलन (आईआरटीटीसी) में भाग लिया तथा चर्चा के दौरान ट्रेन संचालन में जोनल रेलवे के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने और यात्री गाड़ियों के संचालन समय में कमी करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए।

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं रेलवे बोर्ड की सदस्य सीमा कुमार। अमृत विचार

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार जयपुर में 10 से 12 अप्रैल तक अन्तर रेलवे समय सारिणी समन्वय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य है कि ट्रेन संचालन में जोनल रेलवे के मध्य आपसी समन्वय से यात्री ट्रेनों के संचालन को और अधिक बेहतर किस तरह से बनाया जा सके साथ ही नई ट्रेनों का संचालन, विस्तार और फेरों में बढ़ोतरी पर चर्चा की जाए और 1 जुलाई से जारी होने वाली समय-सारिणी में इसको सम्मिलित किया जा सके।

सम्मेलन के अन्तिम दिन सीमा कुमार ने कहा कि विगत समय में रेलवे ने इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जोनल रेलवे को बेहतर समन्वय के साथ यात्री ट्रेनों के संचालन पर ध्यान देना चाहिए। सीमा कुमार ने खातीपुरा स्टेशन का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को अधिकाधिक यात्री सुविधाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। प्रधान कार्यालय में अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे, अशोक माहेश्वरी, अपर महाप्रबंधक और विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्णः सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

शांतिपूर्ण संबंध महत्वपूर्ण

देश में लोकसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और चीन-भारत सीमा विवाद को लेकर विपक्ष सरकार के फैसलों को लेकर आक्रामक है। ऐसे समय में चीन को लेकर दिया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान काफी महत्व रखता है। प्रधानमंत्री ने अमेरिका की एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा था कि भारत के लिए चीन के साथ संबंध महत्वपूर्ण हैं और सीमाओं पर लंबे समय से चली आ रही स्थिति का तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने आशा जताई थी कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से दोनों देश अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। इस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया विस्तार से आई है। शुक्रवार को चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने में सकारात्मक प्रगति हुई है। खास बात है कि पिछले कुछ दिनों में यह दूसरा मौका है जब चीन ने मोदी के साक्षात्कार पर प्रतिक्रिया दी है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने हिरोशिमा में ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) शिखर सम्मेलन में भाग लेने के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि चीन के साथ भारत की सीमा पर शांति सामान्य संबंधों के लिए आवश्यक है और भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

गौरतलब है कि भारत के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा होने के कारण भारत और चीन के बीच आए दिन विवाद होता रहता है। हाल ही में उसने अरुणाचल प्रदेश को लेकर अपना अड़ियल रवैया दिखाया था। पैंगोंग त्सो झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार संबंधों को छोड़कर भारत और चीन के बीच संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाने की जरूरत बताई है, जो कि उनकी परिपक्वता को दर्शाता है। दोनों देश पड़ोसी होने के साथ ही दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। इसलिए किसी भी तरह के टकराव से दोनों का ही नुकसान है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना सही है कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए भारत-चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध अहम हैं। स्थिर एवं शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों, बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं। चीन यदि भारत की इस पहल को स्वीकार कर ले और दोनों के बीच शांतिपूर्ण संबंध बनते हैं तो दोनों देशों की तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

संक्रामक रोगों की पूर्व सूचना और प्रबंधन का भारतीय तंत्र

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है, जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है।

भारत में विषाणु और जीवाणु जनित टायफायड, निमोनिया, हेपेटाइटिस और रोगवाहक कीटों द्वारा फैलाए जाने वाले डेंगू, चिकगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसे संक्रामक रोग का प्रकोप किस हिस्से में और कितने भू-भाग में कब फैल सकता है, इसे जानने के लिए इंटीग्रेटेड डिजीज स्वाय्लेंस प्रोग्राम (आईडीएसपी) नाम से एक निगरानी तंत्र सन 2004 में राष्ट्रीय स्तर पर वर्ल्ड बैंक की मदद से स्थापित किया गया था। यह कार्यक्रम सक्रिय और प्रभावशाली रहा है, खासतौर से कोविड-19 के दौरान। निगरानी को सशक्त रखने के लिए पब्लिक हेल्थ सेंटर्स और कम्युनिटी हेल्थ सेंटर्स का नेटवर्क इसके लिए काम करता है। इस नेटवर्क में मौजूद स्वास्थ्य सेवा तंत्र के अंतर्गत पीएचसी/सीएचसी, सिविल अस्पताल, मेडिकल स्कूल्स, शोध संस्थानों से जुड़े हुए इंडोर अस्पताल, पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट्स ऑफ़ मेडिकल साइंसेज और 'कैशलेस' इलाज देने वाले अस्पताल शामिल हैं।

देश में 34 किस्म के संक्रामक रोगों के बारे में 'पी' और 'एल' फॉर्म में डेटा लिया जाता है। 'पी' फॉर्म डॉक्टर्स द्वारा और 'एल' फॉर्म लैबोरेट्रीज द्वारा भरा जाता है जो अंत में दिल्ली में प्रोग्राम मुख्यालय में पहुंचकर जमा होता है। यहां इसकी स्टेटिस्टिकल एनालिसिस की जाती है जिससे संक्रामक रोगों के प्रकोप और प्रसार क्षेत्र का अध्ययन करते समय इसकी 'प्रिडिक्टिव वैल्यू' भी देखी जा सके। देश के सभी जिलों के पिछले 15 साल के डेटा के इस्तेमाल से यह मालूम होता है कि कब, कहां, कितनी तीव्रता का कौन से संक्रामक रोग का प्रकोप हुआ और कितने जन इससे प्रभावित हुए। इसकी मैपिंग और ग्राफ़िक्स अनेक विधियों से तैयार करके नीति निर्धारकों को उपलब्ध करवाई जाती है। उक्त फार्मों में मृत्यु का डेटा नहीं भरा जाता क्योंकि यह किसी और प्रोग्राम के अंतर्गत संकलित किया जाता है। संक्रमण और इसके रोगकारकों की सूची में निगरानी के लिए शामिल की गयी 34 बीमारियों की परिभाषा दर्ज है। फिर भी संक्रामकों में कायात्मक और संरचनात्मक रूप से अनदेखे या अनजाने परिवर्तन, जैसे कि विषाणु एवं जीवाणु की आनुवांशिक संरचना के किस एक अंश या रोगवाहक के स्वभाव में परिवर्तन होना, होते हैं

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है, लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कंट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है।

जिनकी वजह से संक्रामकता और प्रकोप में फर्क पड़ता है। शोध-संधान से जब यह मालूम होता है तब डिजीज स्वायलेंस प्रोग्राम में इसे शामिल करके 'इंटेलिजेंस अपडेट' लिया जाता है। वर्ल्ड बैंक के साथ समझौते की अवधि सातवीं पंचवर्षीय योजना अर्थात सन 2017 तक थी। इसके बाद यह भारत के स्वास्थ्य तंत्र का स्थायी हिस्सा है जो कि नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के भीतर ही काम करता है।

भारत में 'डिजीज आउटब्रेक फोरकास्टिंग सिस्टम' आईडीएसपी का ही हिस्सा है। लेकिन इस बात का ध्यान रखा जाता है कि पूर्व सूचना या चेतावनी पेंडेमिक, एपिडेमिक, एंडेमिक प्रकृति की है या आउट-ब्रेक, क्योंकि मोनिटरिंग और कण्ट्रोल के संसाधनों की मोबिलिटी इसी घोषणा पर आधारित होती है। संक्रामक रोगों में एक वायरल हैं जो विषाणुओं से फैलते हैं और दूसरा, बैक्टीरियल हैं जिन्हें जीवाणुओं द्वारा फैलाया जाता है। इन दोनों में भी संक्रमण के कारकों, प्रसार की गति, संक्रमण की अवधि और इलाज की पद्धतियां अलग हैं। एंटी-वायरल या एंटीबायोटिक्स से तभी इलाज किया जाता है जब जीवन बचाने के लिए और इन्फेक्शन को क्लियर करने के लिए ऐसा करना जरूरी समझा जाए। ऐसा करने के क्लिनिकल प्रोटोकॉल बिलकुल स्पष्ट हैं। कुछेक के लिए संक्रमण की प्राथमिक स्थिति के लिए औषधि देने की सिफारिश नहीं है जैसे कि हैज़ा और कोविड-सार्स-2 या कोविड-19 जैसे प्राणलेवा संक्रमण के लिए भी। कॉलरा या हैजा और डायरियल डिजीजेज़ (अतिसार/पेचिश) की ईटियलजि भी अलग है और कारक या एजेंट भी। इस तरफ मेरा ध्यान इसलिए गया कि दक्षिण भारत में इस समय वातावरण में तापमान 39-44 डिग्री सेल्सियस है अर्थात गर्मी का प्रभाव खूब है और बरसात होने के आसार अभी नहीं हैं। एनडीएमए और भारत मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि दक्षिण भारत में औसत से अधिक गर्मी का अचानक प्रकोप होने से सभी लोग अपने साथ ऑरल री-हाइड्रेशन सलूशन (ओआरएस) का पैकेट रखें ताकि निर्जलीकरण अथवा हैज़ा आदि के संक्रमण से बचा जा सके। हैज़ा से किसी व्यक्ति के प्रभावित होने के चांस गर्मी की ऋतु में, मई और जून के महीनों में ही अकसर होते हैं, जैसाकि आईडीएसपी द्वारा तैयार डिजीज मैप्स से मालूम पड़ता है। अकसर ही असावधानीवश प्यासा होने पर संक्रमित पानी पी लिया जाता है। इसमें हैज़ा का जीवाणु -विब्रियो कॉलरी अगर मौजूद है तो 6 से 48 घंटा के भीतर इससे शरीर में क्लिनिकल लक्षण दिखाने शुरू हो जाएंगे।

व्यक्ति, गंभीर रूप अस्वस्थ होकर उल्टी-दस्त करेगा और शरीर की तेज़ी से निर्जलीकरण होगा। संक्रमण जीवाणु के किस विभेद (स्ट्रेन) से हुआ यह मालूम करना बाद का काम है क्योंकि गंभीर रूप से बीमार होने की स्थिति में एंटीबायोटिक्स देने का विचार भी किया जाता है। पानी की अत्यधिक कमी होने और शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस को डांवाडोल स्थिति से निकालने के लिए ओआरएस का घोल पीना पड़ता है। निर्जलीकरण दूर करने लिए ओआरएस जीवन रक्षक समाधान है, खासकर बीमारी या अत्यधिक गर्मी के मौसम में। उचित मार्गदर्शन और उपयोग के लिए एक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से हमेशा परामर्श करें। मार्किट में ओआरएस की 71 ब्रांड उपलब्ध हैं। प्रयोगकर्ता भ्रमित न हों, ऐसे में मार्गदर्शन के लिए सैशे पर प्रिंट की गई जरूरी सूचना को पढ़ लेना चाहिए।

डिजीज आउटब्रेक फोरकास्काटिंग का चुनावगर्मी, मनुष्यों की गहमा-गहमी और ऋतुजनित गर्मी से घनिष्ठ सह-संबंध बनता है। ऐसे में सरकारी तंत्र संक्रामक रोगों के पैदा होने की संभावना के बारे में समयानुसार चेतावनी देने और सक्रिय होने का पर्याप्त अवसर देता है। शायद यह मौक़ा है जब आम चुनाव के मौके पर गर्म ऋतु में चेतावनी जारी की गई है। डिजीज आउटब्रेक के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर ऐसा करेंगे तो 'पैनिक' फ़ैल सकता है। इंतजार रहता है उस प्रथम सूचना रिपोर्ट का जो त्वरित गति से मीडिया माध्यमों में पहले प्रकट होती है।

भारत के डिजीज स्वायलेंस सिस्टम के अंतर्गत इंडियन कौंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एपिडेमियोलॉजी, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलरा एंड एंटैरिक डिजीजेज़, नेशनल सेंटर फॉर वेक्टरबोर्न डिजीजेज़ कण्ट्रोल, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ वायरोलॉजी, और आईसीएमआर के गोरखपुर और भुवनेश्वर स्थित रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर्स आदि सहयोगी संस्थान हैं जिनके वैज्ञानिक देश में संक्रामक बीमारियों -पुरानी, नईं और उभरती हुईं, पर निगाह रखते हैं। इसके लिए ज्योग्राफिकल निगरानी तंत्र भी काम करता है जो उपग्रह प्रणाली से जुड़ा रहता है।

मौसम की शार्ट और लॉंग-टर्म भविष्यवाणी करने के लिए जिस तरह ख़ास पैरामीटर्स का अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार से डिजीज सर्वायलैंस सिस्टम अपने लिए अलग पैरामीटर्स इस्तेमाल करता है। ऐतिहासिक डेटा की 'माइनिंग' और ताज़ा आंकड़ों के दृष्टिगत किये गए विश्लेषण से प्राप्त हुए संकेतों के आधार पर डिजीज फोरकास्टिंग की जा सकती है। मकसद, जनता को भयभीत करना नहीं होता बल्कि खुद तैयारी किए जाने के अलावा चौकस रहकर देश में रहने वालों की सेहत और जान के प्रति संवेदनशील रहना है। प्रशंसनीय है कि इस बार गर्मी के मौसम में निर्धारित किए गए चुनावों के लिए प्रचार और जनसभाओं के दौरान निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस का प्रबंध करने और इसे सभी को अपने पास रखे जाने की सिफारिश सरकार की ओर से हुई है। उपरोक्त परिदृश्य के संबंध में नीति आयोग द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित किया गया दस्तावेज़ 'विज़न 2035: पब्लिक हेल्थ स्वाय्लेंस इन इंडिया' देखने लायक है। इसके अलावा महत्वपूर्ण जानकारी आईडीएसपी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे देखकर यह संतोष होता है कि स्वास्थ्य के पहरुए मोर्चे पर तैनात हैं और जागरूक भी।

प्रसंगवश

विविधताओं से भरा देश

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

जैसे हमारा अपना धर्म होता है, उसी तरह देश का भी धर्म होता है। जैसे हमें खुद को समझना चाहिए, अपना गहराई से निरीक्षण करना चाहिए, खुद से मिलना चाहिए, वैसे ही हमें अपने देश को समझना चाहिए, उसके धर्म को समझना चाहिए। जरूरत पर उसकी खोज करनी चाहिए। हमारी श्रेष्ठता की सोच (जाति/धर्म/ लिंग की श्रेष्ठता) ने देश को काफी नुकसान पहुंचाया है।

हमारा देश विविधताओं से भरा है, जाति की, धर्म की, भाषा की, बोली की। हर विविधता को फलने-फूलना का पूरा मौका ही देश को सशक्त बनाता है। सामाजिक समरसता हमारे जैसे देश के आर्थिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। विदेशी निवेश कम हो रहा है? इसके पीछे कहीं सामाजिक समरसता का अभाव तो नहीं है, यह शोध किया और समझा जाना चाहिए। इसी विविधता में पले बढ़े होने के कारण तो गालिब ने कहा- हम को मालूम है जन्नत की हकीकत, लेकिन दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है मुंशी नबी बख़्श हकीर के नाम गालिब ने लिखा था-'रोजा रखता हूं मगर रोजे को बहलाए रहता हूं। कभी पानी पी लिया, कभी हुक्का पी लिया, कभी कोई टुकड़ा रोटी का खा लिया। यहां के लोग अजब फहम और तुरफा रविश (अमीरों की चाल-ढाल) रखते हैं। मैं तो रोजे को बहलाए रहता हूं और ये साहब फरमाते हैं कि तू रोजा नहीं रखता। ये नहीं समझते कि रोजा न रखना और चीज है और रोजा बहलाना और बात है।'

गालिब मानवतावादी थे। उन्होंने लिखा है -'मुझमे मुसलमान के कोई लक्षण नहीं हैं। फिर भी पता नहीं क्यों जब भी मैं दुनिया के किसी कोने में मुसलमानों के अपमान, अपयश की बात सुनता हूं तो मेरे दिल पर अफसोस और मलाल छा जाता है'। हाली का कहना था कि उनका मिजाज इतना 'शोख' (शरारती) था कि कोई 'गर्म' ख़याल आने पर वे उसे बेसाख्ता बोल पड़ते थे, बिना परवाह किए कि ऐसा कहने पर लोग उन्हें काफिर या रिंद या धर्मभ्रष्ट समझ बैठेंगे।

बस्ते के बोझ से बेहाल बचपन

बीना नयाल
नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

विद्यालयों में नया सत्र के आरंभ होने के साथ ही बच्चों की नियमित कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। सवेरे-सवेरे स्कूल जाते बच्चों को भागते-दौड़ते हुए नाजुक कंधों पर वजनदार बस्तों का बोझ ढोते आसानी से देख सकते हैं और अगर उनकी तुलना आप अपने बचपन से करेंगे तो पाएंगे कि पूंजीवाद आधारित विद्यालयों की व्यवस्था में पढ़ाई के बोझ तले बच्चा कुम्हलाता जा रहा है।

आम जनता की तिरछी निगाहें एक और सरकारी स्कूलों की ओर प्रश्नवाचक दृष्टि की होती है तो प्राइवेट स्कूलों में अभिभावक अपनी आय का एक बड़ा प्रतिशत स्कूलों की फीस से लेकर बच्चों की प्राइवेट कोचिंग तक में खर्च कर इनकी मनमानी झेलने को त्रस्त हैं। जहां सरकारी विद्यालयों में बस्ते के बोझ को हल्का करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाता है, वहीं प्राइवेट स्कूलों द्वारा आय में वृद्धि करने हेतु अपने प्रकाशकों द्वारा छापी जाने वाली एक ही विषय की तीन-तीन पुस्तकें और अनियोजित टाइम टेबल के कारण बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्देशों के मानकों का दो गुना वजन वहन करने को बाध्य किया जाता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में स्पष्ट कहा गया है कि कक्षा पहली से 12 वीं तक बस्ते का वजन बच्चों के वजन का औसतन 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। मेरा स्वयं का बच्चा आठवीं कक्षा में पढ़ता है और उसके बस्ते का वजन उसके औसत वजन के अनुसार चार किलो से अधिक नहीं होना चाहिए, जबकि पाठ्य पुस्तकों, लंच बॉक्स और पानी की बोतल के साथ यह वजन कई बार 10 किलो का हो जाता है, जो मुझे ही बस स्टॉप तक पहुंचाने में बेहाल कर देता है। ऐसे में बच्चा पहली या दूसरी मंजिल चढ़कर जब अपनी कक्षा में पहुंचता है तो उसकी मांसपेशियों कितना आवश्यक दबाव डाल रहा है, उसे स्वयं भी नहीं पता। उसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव का स्कूल आकलन भी नहीं कर सकता। अपने साथियों से जब मैंने इस विषय पर बात की जिनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं तो उन्होंने मुझसे कहा यह आप ही के बच्चों के स्कूल की बात नहीं है, अमूमन यह हर स्कूल की समस्या है।

परीक्षा का परिणाम प्रतिशत बढ़ाने की इतनी होड़ है कि बच्चों को मशीन मान लिया गया है जिससे बच्चों का व्यवहारगत अधिगम और सर्वांगीण विकास कहीं खो गया है। होटल, रेस्टोरेंट और ऑनलाइन माध्यम से प्लास्टिक के डब्बे में खुलेआम खाने की पैकेजिंग चल रही है, जो कि पर्यावरण और सेहत दोनों के लिए हानिकारक है। इसलिए स्कूलों में बच्चों को स्टील के लंच बॉक्स और बोतल लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उचित भी है, लेकिन बाजारवाद के इस दौर में इन स्टील के लंच बॉक्स और बोतलों के ऊपर प्लास्टिक की लुभावनी पैकेजिंग से कई बार बस्ते का वजन मानक वजन से दोगुना तक बढ़ जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि बच्चों को स्कूल में लाकर उपलब्ध कराया जाए और उनके बस्ते का वजन नियमित रूप से मशीनों द्वारा जांचा जाए। साथ ही अभिभावकों का भी कर्तव्य है कि बस्ते का बोझ अधिक होने पर इस संदर्भ में स्कूल प्रशासन से विचार विमर्श करें, लेकिन अधिकतर अभिभावकों को तो छोड़िए, अध्यापक भी दिशा-निर्देशों से अवगत नहीं होते हैं और स्कूल प्रशासन खुले आम नियमों की अनदेखी करता है।

शायद हम भूल जाते हैं कि बच्चों पर बस्ते के बोझ से स्वास्थ्य पर जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, वह भविष्य में उस ऊर्जा से वंचित रह जाता है, जो उसे कैरियर निर्माण के अति महत्वपूर्ण समय पर आवश्यक होती है। स्कूली शिक्षा पर गठित विभिन्न कालों में अलग-अलग समितियों ने शिक्षा को बिना बोझ और सर्वांगीण विकास का माध्यम बनाने के लिए बस्ते का बोझ कम करने के लिए हमेशा से ही संस्तुतियां की हैं। इसमें से 1993 की यशपाल समिति और 2005 राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अतः स्कूलों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए न केवल स्कूल प्रशासन को वरन अध्यापकों को भी इस दिशा में सजग रहना होगा और स्कूल प्रशासन से नियमित रूप से विचार विमर्श करना होगा जिससे शिक्षा बच्चों की सहज प्रवृत्ति के अनुसार अनुरूप सीखने का माध्यम बन सके न कि बोझ बनकर रह जाए।

सोशल फोरम

हंसो मत, हिन्दी है

अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

स्टेशन पर गाड़ी के इंतजार में खड़े-खड़े एनाउंसमेंट सुन पड़ता है। गाड़ी क्रमांक...प्लेटफॉर्म क्रमांक पर लगाई जा रही है। हैरानी हुई कि अच्छा भला प्रचलित शब्द है गाड़ी संख्या, प्लेटफॉर्म संख्या, लेकिन 'हिंदीकरण' की झक में बेचारा 'संख्या' बलि चढ़ गया और उसकी जगह आ बैठा क्रमांक।

अगर प्लेटफॉर्म चल सकता है तो नंबर क्यों नहीं चल सकता? बोलचाल की भाषा से परहेज को ही शुद्ध भाषा का उदाहरण मानने वाले इसी तरह तत्समीकरण करते हैं। हिंदी तो इतनी जबरदस्त है कि शायद सबसे ज्यादा विभिन्नताओं को जज्ब कर लेती है। जब मैं अध्यापक हो गया था तब बहुत से बिहारी लड़के संपर्क में आए। मगही क्षेत्र के लड़के अक्सर एक दिलचस्प प्रयोग करते थेः अमुक जी डेथ कर गए। फलां जी ने पैदा लिया, लेकिन इस पर कभी हंसी नहीं आई।

हालांकि ये प्रयोग विचित्र थे। हिंदी के स्थानीय रंगत लिए हुए जितने रूप प्रचलन में हैं, वह अपने में शोध का विषय है, जहां तक मुझे मालूम है, इस पर भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कोई काम नहीं हुआ है। जबकि होना चाहिए ताकि यह दर्ज हो सके कि कलकतिया हिंदी, बंबइया हिंदी, छत्तीसगढ़ी रंगत वाली हिंदी, भोजपुरी असर वाली हिंदी वगैरह कितने रंग हैं इस भाषा के।

यह भाषा की समृद्धि का परिचायक भी है और बोलने वालों को संस्कारित करने का माध्यम भी। क्षेत्रीय रंगों से हिंदी के जो रूप निकलते हैं, उन्हें सुनकर कभी हंसी नहीं आती, लेकिन यह जो 'संख्या' को हटाकर 'क्रमांक' को प्रतिष्ठित करने वाली सरकारी हिंदी है, उसे सुनकर जितनी हंसी आती है, उससे ज्यादा क्रोध आता है। यह बात फिर-फिर याद दिलाने की है कि जनता अपने टकसाल में जिंदा भाषा गढ़ती है, कृत्रिम भाषा नहीं। अंग्रेजी के 'रेल' में हिंदी की 'गाड़ी' जोड़कर रेलगाड़ी शब्द जनता ने बनाया है, सरकारी विद्वानों या अफसरों ने नहीं।

जनता की भाषा निर्माण शक्ति का सबसे अच्छा उदाहरण है 'गिरमिटिया'। एंडेन्चर्ड लेबर के लिए 'अग्रीमेंट' का अपभ्रंश है 'गिरमिटिया', लेकिन जो नई व्यंजना शक्ति गिरमिटिया में आ गई है, वह उसके किसी अंग्रेजी प्रतिरूप या हिंदी अनुवाद में नहीं हो सकती।

-फेसबुक वॉल से

आजादी की कीमत याद दिलाता है जलियांवाला बाग

जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी

राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

भीड़ के स्वर अचानक थम जाते हैं। उस तारीख की यादें लोगों को आज भी विचलित करती लगती हैं। कतार में दाखिल लोगों की गति अनायास ही मंद पड़ती है और मन बोझिल होता जाता है।

वह भी बैसाखी का ही दिन था। बीच में एक सदी से ज्यादा का फासला तो क्या? घाव के गहरे निशान अभी मौजूद हैं। पुरखों को मिली यातना और दर्द की टीसें आज की पीढ़ियों को बेचैन करती हैं। 13 अप्रैल 1919, जलियांवाला बाग के नरसंहार की मनहूस और दिल दहलाने वाली तारीख। वह गुलामी का दौर था। अंग्रेजों की मनमानी और जुल्म ज्यादती का अंधियारा बढ़ता ही जा रहा था, लेकिन उस अंधेरे का सीना चीरने के लिए आजादी के मतवाले जूझ रहे थे। नतीजों और अपने प्राणों की परवाह उन्हें नहीं थी। उजाले की उन्हें तलाश थी।

अपने राज का सूरज न डूबने के गुरुर में अंग्रेज दमन की किसी हद तक जाने की तैयारी में थे। बिना मुकदमा चलाए बंदी बनाए रखने का अधिकार रॉलेट ऐक्ट के जरिए उन्होंने हासिल कर लिया था। इस काले कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए जलियांवाला बाग में नाराज, लेकिन अनुशासित और शांत भीड़ जुटी थी। हंसराज इस भीड़ को संबोधित कर रहे थे। तब तक जनरल डायर की अगुआई में बाग के इकलौते प्रवेश-निकास द्वार को सैनिकों ने घेर लिया। फिर गोलियों की निर्मम बरसात हुई थी। न गोलियों की गिनती थी और न मरने वालों की। जान बचाने की नाकाम कोशिश में तमाम लोग मैदान के एक किनारे स्थित कुएं में कूद गए थे। बहुतों की देह दीवार फांदने की कोशिश में छलनी होकर तड़पते हुए निस्तेज हो गई। उस दिन अनाथालय की ओर से लोगों को पानी पिलाने की ड्यूटी पर लगे अमर शहीद ऊधम सिंह ने निर्दोष देशवासियों के लहू से तर मिट्टी को लेकर प्रतिशोध की कसम खाई थी। अगले इक्कीस साल जागते-सोते और अंग्रेजों से जूझते वे इस कसम को कभी नहीं भूले। उसे पूरा करके ही वे फांसी के फंदे पर झूले और इसी मैदान की मिट्टी सिर्फ 12 साल की उम्र में शहीदे आजम भगत सिंह ने संजो के घर के पूजा स्थल पर रखी थी।

बेशक जुल्मी सत्ता जलियांवाला बाग में निर्दोषों पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस नरसंहार ने देशवासियों और खासतौर पर नौजवानों में अंग्रेजी राज को उखाड़ फेंकने का संकल्प भर दिया था। बचपन से ही जलियांवाला बाग कांड के विषय में पढ़ा, जाना और सुना। देश के लिए मर मिटने वालों के विषय में लिखते हुए भी बार-बार जलियांवाला बाग प्रसंग ने बेचैन किया। पहली बार अमृतसर आने का अवसर मिला तो कुर्बान हो जाने वालों को अपने अंदाज में नमन किया। भोर में पवित्र स्वर्ण मंदिर के दर्शन और गुरुग्रंथ साहब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उसके बाद जलियांवाला बाग में एक बार फिर प्रवेश किया। पंजाब सरकार ने आजादी के संघर्ष के इस महान स्मारक को करीने से संजोया-संवारा है। तीन पुरानी दीवारें संरक्षित हैं, जिन पर दर्जनों गोलियों के निशान अभी मौजूद हैं। वह चौड़ा-गहरा कुंआ भी जिसमें कूदकर जान बचाने की कोशिश में सैकड़ों की जानें गईं।

इस कांड की पृष्ठभूमि और पूरे घटनाक्रम को शब्दों, चित्रों और अखबारी कतरनों के जरिए बखूबी परिचित कराया गया है। उस समय जीवित बचे कुछ चश्मदीदों के विचलित करने वाले बयान भी प्रदर्शित हैं। उस अभागी रतन कुमारी का दिल दहलाने वाला बयान भी है, जो इस निर्मम कांड के बाद देर शाम अपने पति की तलाश में वहां पहुंची थी। चारों ओर लाशें बिखरी हुई थीं। किसी की छाती तो किसी की पीठ छलनी थी। उस खौफनाक सन्नाटे बीच रतन कुमारी को सिर्फ जानवरों की रोती आवाजें सुनाई पड़ी थीं। भारत-पाकिस्तान सीमा के अटारी-बाघा बार्डर पर बीच का भारी भरकम लोहे का गेट और पार खड़े पाकिस्तानी रेंजर्स उस हिस्से की याद दिलाते हैं, जो कभी इस महान देश का अंग था और जिसने अलग होने के बाद भी भारत को सिर्फ घाव ही घाव दिए।

लड़की होने का अफसोस नहीं

अनूप शुक्ल
कानपुर

कल बरामदे में कुछ बच्चियां दिखीं। इधर से उधर। उधर से इधर आते-जाते। हमने सोचा कोई परिवार आया होगा कुछ दिन के लिए रहने। शाम को पता चला कि ये बच्चियां शहडोल मंडल से यहां राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने आई हैं। रहने का कहीं और इंतजाम न होने के चलते मेस में व्यवस्था की गई। बच्चियों से बात करने पर पता चला कि कुछ बच्चियां हॉकी की खिलाड़ी हैं। कबड्डी की प्रतियोगिता हुई तो कबड्डी खेलने आ गईं। अलग-अलग जगहों से आई हैं। खेली हैं। थकी हैं। कुछ चोट भी लगी है। घुटने, पैर में छिल गया है। दवा लगाई है। दर्द है, लेकिन चलता है। रहने का ठिकाना खाने के ठिकाने से दूर है। रात 9 बजे सब खाने के लिए पैदल जाती हैं। मैं कहता हूं, यहीं खा लो, लेकिन वे वहीं जाती हैं। बोलती हैं वहीं इंतजाम है।

सुबह बताती हैं कि रात 11 बजे लौटी। पैदल। रात में किसी से लिफ्ट भी तो नहीं ले सकते। बच्चियां आपस में पटर-पटर बतियाती हैं। उनकी बातें एक-दूसरे पर गिरती-पड़ती सुनाई देती हैं। बस इतना पता चलता है कि खूब सारा बतिया रहीं हैं। आते-जाते हम भी कुछ-कुछ बतियाते हैं बच्चियों से। उनके स्कूल, घर, समाज के बारे में बातें होती हैं। स्कूल 'कोएड' है, लेकिन लड़कों से डर नहीं लगता। लड़के कम हैं। उनको 'चमका' देते हैं, जो लड़के अच्छे से बात, व्यवहार करते हैं वे ठीक लगते हैं। घर में लोग पढ़ने के लिए मना नहीं करते। घर से बाहर निकलना अच्छा लगता है। साइकिल, बाइक चला लेते हैं। लड़की होने का कोई अफसोस नहीं, जो काम लड़के कर सकते हैं वो सब लड़कियां कर सकती हैं, लेकिन जो काम लड़कियां कर सकती हैं वो सब लड़के नहीं कर सकते। लड़कियां ज्यादा समझदार होती हैं। खाना सब बना लेती हैं।

बच्चियां अलग-अलग पृष्ठभूमि से आई हैं। अधिकतर के पास साधारण मोबाइल है। कुछ के पास स्मार्ट फोन। बात करते हुए मोबाइल में झुकी बच्चियां। जबलपुर में किसी के रिश्तेदार हैं। वो पता पूछते हैं। बच्चियां मुझे फोन पकड़ाकर पता बताने को कहती हैं। उनके मौसा जी, चाचा जी मिलने आएंगे। सब एक-दूसरे को जल्दी तैयार होने की हिदायत देती हैं। सुबह की चाय पीते हुए दिखीं बच्चियां। मैंने पूछा-चाय पियोगी। बोलीं चाय-नाश्ता ग्राउंड पर ही करेंगे। फिर कुछ देर बाद-बोलीं अच्छा मंगा दीजिए। सबने 'चक दे इंडिया' कई बार देखी है और मैच भी देखती रहती हैं। बच्चियों को देखकर हमको एक बार फिर से मुकेश तिवारी की यह कविता याद आ जाती हैः लड़कियां, अपने आप में एक मुकम्मल जहां होती हैं।

देश की सीमाओं में घुसने से डरते हैं आतंकवादी: शाह

प्रदेश में सरकार से खुद की जान की दुहाई मांग रहे अपराधी

राम मंदिर बनवाने से डरने वाले विपक्षी नेता प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं आए

केंद्रीय गृह मंत्री ने मुरादाबाद में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा के शासन में आतंकवाद व अपराधीकरण का सफाया हो गया है। आतंकवादी देश की सीमाओं में घुसने से अब डरते हैं तो प्रदेश में अपराधी सरकार से खुद की जान की दुहाई मांग रहे हैं। उन्होंने अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश की सभी 80 सीटें जिताने का आह्वान किया। राम मंदिर को लेकर विपक्षी नेताओं पर हमला करते हुए कहा कि इन दलों के नेता रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भी नहीं आए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को मुरादाबाद के बुद्धि विहार के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। जय श्री राम, जय जय श्री राम बोलकर संबोधन को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने मुरादाबाद से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह व संभल के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी की जीत के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने लालबाग स्थित काली माता को नमन कर कहा कि 2014, 2019 में केंद्र में मोदी सरकार बनने का सबसे बड़ा कारण उत्तर प्रदेश है। इस बार न 73 चलेगी, न 65 चलेगी, यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल कराना होगा। इसमें सबसे पहली जिम्मेदारी पश्चिम उत्तर प्रदेश वालों पर है। कहा कि आप कमल के निशान पर बटन दबाकर वोट देंगे वह सीधा नरेंद्र मोदी को मिलेगा।


मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।। अमृत विचार

गृहमंत्री ने केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था को दस साल में 11वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया। अबकी बार सरकार बनी तो भारत विश्व में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने विपक्ष पर राममंदिर निर्माण को लेकर निशाना साधा। कहा कि वह कहते थे मंदिर बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। मोदी सरकार ने मंदिर बना भी दिया और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी करा दी। परंतु विपक्ष के नेताओं में इतना नैतिक बल भी नहीं कि प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के बाद भी नहीं आए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने 5 अगस्त को कश्मीर से धारा 370 हटाकर दिखा दिया। फिर भी कांग्रेस बेचैन है। भाजपा ने देश से आतंकवाद खत्म कर दिया। आज आतंकवादी भारत की सीमा में घुसने से पहले सौ बार सोचते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान को खामोश कर दिया । 12 करोड़ लोगों को शौचालय का लाभ दिया है। दस करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन दिया है। आगे भी योजनाओं का लाभ ऐसे ही मिलता रहे तो तीसरी बार मोदी सरकार को लाना होगा।

उत्तर प्रदेश में सपा सरकार के कार्याकाल पर तंज कसते हुए कहा कि पहले लोगों को पलायन करना पड़ता था अब अपराधी अपनी जान की दुहाई मांग रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि इस चुनावी समर में भाजपा की जीत तय है। पिछड़े दस वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने योजनाओं के माध्यम से विकास की गंगा बहाई है। जो कमियां रह गई हैं उन्हें इस बार फिर केंद्र में मोदी सरकार बनवाकर पूरा कराना है। जनसभा को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, प्रदेश सरकार में मंत्री बलदेव सिंह औलख, भाजपा के प्रदेश मंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंश आदि ने भी संबोधित किया

कुत्तों ने बच्ची को नोचकर मार डाला

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- गांव बहलोलपुर में ईंट भट्ठे के पास हुई घटना
- घायल बच्ची ने जिला अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : गांव बहलोलपुर स्थित ईंट भट्ठे के मजदूर की चार साल की बेटी को कुत्तों ने नोचकर घायल कर दिया। बच्ची को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया वहां उसकी मौत हो गई।

परिजनों ने बताया कि हसनपुर क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी के टिंकू बहलोलपुर के ईंट भट्ठे पर काम करता है और वहीं परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार सुबह टिंकू की पत्नी कमलेश चार वर्षीय बेटी दिव्यांशी को खेत ले गई। वह उसे खेत में बैठाकर पानी लेने के लिए भट्ठे पर आ गई।

इस बीच भट्ठा ठेकेदार टीटू ईंट बनाने वाले स्थान की ओर गया तो वहां सात-आठ कुत्ते बच्ची को नोच रहे थे। कुत्तों ने उसके सारे शरीर पर जख्म कर दिए। खून से लथपथ बच्ची को परिजन सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सक ने उसको जिला अस्पताल भेज दिया। देर शाम बच्ची की मौत हो गई।

बच्ची के गाल का मांस नोच ले गया गीदड़ हालत गंभीर

चन्दौसी। बिलारी क्षेत्र के गांव जरगांव में अवधेश की तीन वर्षीय बच्ची आरूषी पर गीदड़ ने हमला कर गाल का मांस नोच लिया। हमले के वक्त परिजन गेहूं की कटाई कर रहे थे, बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। घायल बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टरों ने हायर सेंटर भेज दिया। बच्ची की दादी वीरवती ने बताया कि शुक्रवार सुबह घरवाले गेहूं की कटाई कर रहे थे। बच्ची पेड़ के नीचे बैठी थी। गीदड़ वहां आया और आरूषी पर हमला कर दिया।

सांसद के 10 वर्षों में किए गए विकास कार्यों ने बदली लखनऊ की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने कहा कि सांसद राजनाथ सिंह ने 10 वर्षों में जो विकास कार्य किए हैं, उससे लखनऊ की तस्वीर बदल गई है।

विधायक सिंह ने शुक्रवार को वरिष्ठ विधि सलाहकारों, अधिवक्ताओं, व्यवसायियों और अध्यापकों से जनसंपर्क कर संवाद किया। उन्होंने सांसद राजनाथ सिंह को रिकॉर्ड मतों से जिताने का आह्वान किया। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। उन्होंने पायनियर मांटेसरी स्कूल विकासनगर में अध्यापकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज कई अंडरपास, फ्लाईओवर, एलिवेटेड रोड, वेंडर जोन, पार्कों में ओपन जिम बनने से लखनऊ की तस्वीर बदल चुकी है। जाम से मुक्ति मिलने के साथ ही लोगों को सुगम यातायात की सुविधा मिली है। उन्होंने कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया (लखनऊ चैप्टर) के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वीके जौहरी, अरविंद शर्मा आदि थे। बैठक में संदीप अग्रवाल, डॉ. आरके माथुर, वाईडी माथुर, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बनाएं रखें संपर्क

अमृत विचार,लखनऊ : चुनाव को लेकर भाजपा 14 अप्रैल को सीएमएस गोमती नगर में महानगर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित करेगी। सम्मेलन में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बूथ सम्मेलन को लेकर हुई बैठक में भाजपा नेता नीरज सिंह ने हमें मतदाता से तब तक संपर्क बनाए रखना है जब तक कि मतदाता अपना मत पार्टी के पक्ष में न कर दें। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि 20 मई तक बगैर रुके और थके काम करते रहना है। 14 को सभी 1893 बूथ अध्यक्षों को सम्मेलन में मौजूद रहकर भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को चुनाव में भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लेना है। अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित कर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करना है।

खड़े ट्रक में पीछे से घुसी बस बच्ची सहित दो की मौत

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

अमृत विचारः गोरखपुर से नई दिल्ली जा रही पडरौना डिपो की रोड़वेज की बस हाईवे पर शुक्रवार तड़के तिलहर क्षेत्र में एक खड़े ट्रक में घुस गई। बस के एक तरफ का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बस में सवार कुशीनगर की महिला शिक्षक और बच्ची की मौत हो गई, जबकि परिचालक सहित 21 लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर बताई गई है। उसे मेडिकल कॉलेज से बरेली रेफर दिया गया। बचे घायलों का तिलहर सीएचसी पर इलाज चल रहा है। मामूली घायलों को दूसरे वाहन से गंतव्य को रवाना कर दिया गया।

पडरौना डिपो की रोडवेज बस लगभग 25 यात्रियों को गोरखपुर वाया कुशीनगर से होकर दिल्ली जा रही थी। शुक्रवार तड़के करीब 4:15 बजे बस तिलहर में डायमंड होटल के पास सड़क के किनारे खड़े मक्का से भरे ट्रक में पीछे से टकरा गई। बस में आगे की ओर बैठी कुशीनगर के एक प्राथमिक विद्यालय की महिला शिक्षक अंजूरानी(40) की मौत हो गई।

वहीं कुशीनगर के थाना रामपोल के गांव सिदमे निवासी परिचालक रवि कुमार शर्मा(38), बदायूं के थाना बिसौली के गांव सुजानपुर निवासी शालू(22) पत्नी ओमपाल और शालू की गोद में उसकी तीन माह की बच्ची पायल आदि घायल हो गए।

पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के आयाम तय करेगा उत्तराखंड

संवाददाता, अल्मोड़ा

- चुनावी जनसभा में द्वाराहाट और दन्या पहुंचे सीएम धामी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखंड से गहरा लगाव है। पीएम का देवभूमि के प्रति यह लगाव उन्हें बार बार यहां खींच लाता है। मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के साथ ही पूरे देश के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हुए हैं। हमें फिर से तीसरी बार देश की कमान पीएम मोदी के हाथों में देनी है। ताकि उत्तराखंड विकास के नित नए आयाम स्थापित कर श्रेष्ठ राज्यों की सूची में अग्रणी हो सके।

यह बात सीएम धामी ने शुक्रवार को जिले की द्वाराहाट विधानसभा में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने कहा कि मां दूनागिरि की पावन स्थली द्वाराहाट में जनता के समर्थन से वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही उत्तराखंड का सर्वांगीण विकास संभव हो पाया है। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों को नई पहचान देने और प्रदेश के आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में डबल इंजन सरकार की योगदान काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटें जिताकर पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है और पीएम मोदी के चार सौ के पार के सपने को पूरा करना है।

द्वाराहाट के बाद सीएम धामी ने जागेश्वर के दन्या में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। दन्या में सभा को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद देश के अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। जिन्हें करने में तब से पहले की सरकारें कतराती थी। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370, राम मंदिर निर्माण, समान नागरिक कानून समेत अनेक ऐतिहासिक कार्य कर देश को एक नई दिशा दी है। धामी ने आज कि भारत की गिनती विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में हो रही है और आने वाले पांच सालों में भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

आज से 18 मई तक चलेगी हुबली -गोमतीनगर समर स्पेशल ट्रेन

लखनऊ : ग्रीष्मकाल में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। हुबली-गोमतीनगर समर स्पेशल 07305/07306 नंबर ट्रेन 13 अप्रैल से 21 मई तक 6 फेरों के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन नंबर 07305 हुबली-गोमतीनगर समर स्पेशल 13 अप्रैल से 18 मई तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। हुबली से सुबह 8:30 बजे प्रस्थान कर हावेरि, राणिबेन्नूर, हरिहर, दावणगेरे, चिक्कजाजूरू, कदुर, अरसीकेरे, तुमकूर, येलहंका, हिन्दुपुर, धर्मवरम, अनन्तपुर, गुंतकल, आदोनी, मंत्रालयम रोड, रायचूर, दूसरे दिन बेगमपेट, सिकन्दराबाद, काजीपेट, जमीकुंटा, रामगुंडम, मंचेरियाल, बेल्लमपल्ली, बल्लारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, आमला, बैतुल, घोड़डोंगरी, इटारसी, भोपाल, तीसरे दिन ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ऊरई, पोखराया, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग सुबह 9:50 बजे और बादशाहनगर 10:13 बजे छूटकर गोमतीनगर 10:30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 07306 गोमतीनगर-हुबली समर स्पेशल 16 अप्रैल से 21 मई तक प्रत्येक मंगलवार को गोमतीनगर से सुबह 10:45 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर 11 बजे, ऐशबाग 11:30 बजे, तीसरे दिन हुबली दोपहर 12:50 बजे पहुंचेगी। इस समर स्पेशल ट्रेन में एसएलआरडी का 02, जनरल के 03, स्लीपर के 13 एवं थर्ड एसी के 02 कोचों सहित 20 कोच लगाए जाएंगे।

गर्मी की छुट्टियों में चलेंगी 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें

25 से शुरू किया जाएगा संचालन, कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों में नियमित ट्रेनों में अभी से लंबी बुकिंग को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन की तैयारी की है। रेलवे 10 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें 25 अप्रैल से दो जुलाई तक चलाएगा। इन ट्रेनों में बुकिंग भी खोल दी गई है। यात्री इनमें बुकिंग करा कर अपना सफर आसान कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने छह ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय लिया है।

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि 13 से 19 अप्रैल तक ट्रेन नंबर 14207 प्रतापगढ़-दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 14208 दिल्ली प्रतापगढ़ पद्मावत एक्सप्रेस में 16 से 22 अप्रैल तक स्लीपर के अतिरिक्त कोच लगाए जायेंगे। ट्रेन नंबर 14205 अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस में 15 से 21 अप्रैल तक और ट्रेन नंबर 14206 दिल्ली अयोध्या एक्सप्रेस में 14 से 20 अप्रैल तक एक-एक

स्लीपर कोच लगाया जाएगा। ट्रेन नंबर 12204 अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में 13 से 17 अप्रैल तक और ट्रेन नंबर 12203 सहरसा-अमृतसर गरीब रथ एक्सप्रेस में 14 से 18 अप्रैल तक एसी का एक-एक कोच लगेगा।

21 को चलेगी श्री गंगानगर-गुवाहाटी वाया लखनऊ स्पेशल ट्रेन : ट्रेन नंबर 04717 श्री गंगानगर-गुवाहाटी वाया लखनऊ स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल को श्री गंगानगर से दोपहर 1:55 बजे चलकर दूसरे दिन दोपहर में लखनऊ 1:50 बजे पहुंचकर तीसरे दिन कामाख्या से छूटकर गुवाहाटी तड़के 4:50 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01 तथा जीएसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाए जायेंगे।

इन समर स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को मिलेगी राहत

- ट्रेन नंबर 04518 चंडीगढ़ गोरखपुर 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार
- ट्रेन नंबर 04068 दिल्ली-दरभंगा 26 अप्रैल 28 जून तक, प्रत्येक मंगल-शुक्र
- ट्रेन नंबर 04312 25 अप्रैल से 27 जून तक, प्रत्येक गुरुवार
- ट्रेन नंबर 04517 गोरखपुर चंडीगढ़ 26 अप्रैल से 28 जून तक, प्रत्येक शुक्रवार
- ट्रेन नंबर 04060 आनंद विहार-जयनगर 26 अप्रैल से 28 जून तक, प्रत्येक मंगल-शुक्र
- ट्रेन नंबर 04067 दरभंगा-दिल्ली 27 अप्रैल से 27 जून तक, प्रत्येक बुध-शनि
- ट्रेन नंबर 04059 जयनगर-आनंद विहार 27 अप्रैल से 29 जून तक, प्रत्येक बुध शनि
- ट्रेन नंबर 04028 आनंद 29 अप्रैल से 06 जून तक, प्रत्येक सोमवार
- ट्रेन नंबर 04027 सहरसा-आनंद विहार 01 मई से 26 जून तक, प्रत्येक बुधवार
- ट्रेन नंबर 04058 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर 29 अप्रैल से 27 जून तक, प्रत्येक सोम-गुरू
- ट्रेन नंबर 04057 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार 30 अप्रैल से 28 जून तक, प्रत्येक मंगल-शुक्र
- ट्रेन नंबर 04312 हावड़ा-देहरादून 26 अप्रैल से 28 जून तक, प्रत्येक शुक्रवार
- ट्रेन नंबर जम्मूतवी-कोलकाता 23 अप्रैल से 25 जून तक, प्रत्येक मंगलवार
- ट्रेन नंबर 04681 कोलकाता-जम्मूतवी 26 अप्रैल से 28 जून तक, प्रत्येक गुरुवार
- ट्रेन नंबर 04080 दिल्ली-वाराणसी 27 अप्रैल से 29 जून तक, प्रत्येक सोम, गुरू, शनि
- ट्रेन नंबर 04079 वाराणसी-दिल्ली 28 अप्रैल से 30 जून तक, प्रत्येक मंगल, शुक्र, रवि
- ट्रेन नंबर 04624 कटरा-वाराणसी 21 अप्रैल से 30 जून तक, प्रत्येक रविवार
- ट्रेन नंबर 04623 वाराणसी-कटरा 23 अप्रैल से 02 जुलाई तक, प्रत्येक मंगलवार
- ट्रेन नंबर 04529 वाराणसी भटिंडा 27 अप्रैल जून तक, प्रत्येक मंगल, शनि

वर्ग पहेली-38

बाएं से दाएं

1.1. निकालने की क्रिया या भाव 2. निकाले या बेदख़ल किए जाने का दंड, निष्कासन।

3.1. रुई धुनने का औज़ार, फटका, कठेल, धनुआ, पीजन 2. बच्चों के खेलने का छोटा धनुष।

4.1. भौचक्का होना, चकित या स्तंभित होना 2. व्यर्थ बोलना, बकना 3. रटना।

7.1. वायुपरिवहन तथा उसका अभ्यास 2. वायुयान चलाने का विज्ञान, विमानशास्त्र, (एयरनॉटिक्स)।

8. दे. बेशर्मी।

ऊपर से नीचे

1.1. पलक का झपकना 2. पलक झपकने भर का समय या क्षण, पल।

2.1. गिनती करने की क्रिया, किसी क्रम विशेष में अंकों का उच्चारण, संख्या जानना 2. हिसाब लगाना, गणना करना 3. किसी को महत्व देना या महत्वपूर्ण समझना।

3.1. पेट और छाती के मध्य का गहरा भाग 2. हृदय 3. भय या संकोच के कारण हृदय की तेज़ धड़कन, धकधक 4. आशंका, व्याकुलता 5. डर, भय 6. गले में पहना जाने वाला एक आभूषण।

5.1. जिसका उपचार किया गया हो 2. सेवित, पूजित।

6.1. प्रदर्शनी, दिखावा, दिखावट, (एग्ज़िविशन) 2. ठाठ-बाट, तड़क-भड़क 3. अद्भुत वस्तुओं का प्रदर्शन 4. वह स्थान जहां उक्त प्रकार की वस्तुएं लोगों को दिखाने के लिए रखी जाती हैं।



वर्ग पहेली -37 का हल

	1 त	क	2 दी	र		3 टो
			वा			ली
	4 प		ने			
	दा		5 आ	ब	6 पा	शी
7 अ	नु	का	म		इ	
	रा			8 ब	रे	ठा
9 अँ	ग	ड़ा	ई		सी	

सुडोकू-117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	8		2	6		4		
9						5		
			4				1	7
	3				8			4
		6				7		
1			7				9	
	4				3			8
		2			4			6
		5		7			4	

सुडोकू -116 का हल

3	1	4	7	6	9	5	2	8
5	2	9	8	4	1	3	7	6
7	8	6	5	2	3	9	1	4
4	5	1	3	7	2	6	8	9
9	3	8	1	5	6	2	4	7
2	6	7	4	9	8	1	3	5
6	7	2	9	3	4	8	5	1
1	4	3	6	8	5	7	9	2
8	9	5	2	1	7	4	6	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अप्रैल शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.04 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 14 अप्रैल 12.49 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। दोपहर के बाद व्यवसाय से अच्छा धन लाभ हो सकता है। अविवाहित लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक रूप से हलकापन महसूस करेंगे।

वृष — आज जरूरी काम लंबित हो सकते हैं। दूसरों के काम में कमियां न निकालें। निर्णय लेने में थोड़ी बहुत चूक हो सकती है। कुछ असंतोष की स्थितियां बन सकती हैं। पति-पत्नी के बीच संबंधों में कुछ दबाव सा महसूस करेंगे।

मिथुन — आज समाज में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। कम समय में उच्चतम गुणवत्ता का काम करने से आपको यश मिलेगा। कारोबारियों के लिए दिन बहुत शुभ है। नौकरीपेशा लोगों को आधिकारिक यात्रा करनी पड़ सकती है।

कर्क — आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निर्णय न लें। मित्रों के स्वभाव में आया अचानक बदलाव आपको दुखी कर सकता है। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। अत्यधिक काम के कारण आपको आराम नहीं मिलेगा जिसके कारण थकान महसूस हो सकती है।

सिंह — आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यवसाय में कुछ धीमेपन के बाद अच्छी गति रहेगी। रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप परोपकार के कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं।

कन्या — आज राजनीति से जुड़े लोग अपनी कूटनीतिक क्षमता का परिचय देंगे। पैतृक व्यवसाय में तेजी आएगी। पुरानी यादें दोबारा ताजा हो सकती हैं। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। अवसरों का लाभ उठाने में चूक न करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

तुला — आज युवा प्रेम संबंधों को लेकर सावधान रहें। बनते कार्यों में रुकावटें आने की आशंका है। माता-पिता या गुरुजनों की सलाह अवश्य लें। मन में नकारात्मक विचार जन्म ले सकते हैं। छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा करने से बचें।

वृश्चिक — आज आपका मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। अपनी दिनचर्या को संतुलित रखें। गैरकानूनी कार्यों की तरफ रुचि लेना उचित नहीं है। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें।

धनु — आज अपनी रुचि के अनुसार काम करने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यापारिक गतिविधियां उत्तम रहेंगी। घर के सभी सदस्य आपके ऊपर काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। उच्च अधिकारी आपकी काफी प्रशंसा करेंगे।

मकर — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा धन लाभ होगा। घर में निकट संबंधी और रिश्तेदार आ सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। परिवार में आपसी प्रेम और स्नेह बढ़ेगा।

कुंभ — आज नए व्यवसाय की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता के कारण परेशानी हो सकती है। व्यर्थ की गतिविधियों में धन बर्बाद न करें। पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। नसों में खिंचाव और दर्द की शिकायत हो सकती है।

मीन — आज व्यवसाय में बड़ी डील को लेकर परेशानी हो सकती है। आपका मन नहीं लगेगा। निजी मामलों को लेकर बाहरी लोगों से सलाह न लें। परिवार में कुछ समस्या हो सकती है। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मेला — दोपहर : 02.44
- जान से प्यारा — रात : 07.00
- अल्लुडु एडर्स — सुबह : 08.43
- शिवम — शाम : 04.40

SONY PIX
- जॉम्बीलैंड — सुबह : 11.21
- लाइफ — रात : 07.16

&pictures
- हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.10
- यमला पगला दीवाना — रात : 07.15

ZEE CINEMA
- वेल डन अब्बा — सुबह : 09.15
- हम दो हमारे दो — रात : 09.00

StarGold SELECT

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक हैंडसम लड़का क्लास में आया तो सारी लड़कियां देखते ही दीवानी हो गई, लेकिन आते ही लड़के ने एक ऐसी बात कही की सब लड़कियां बेहोश हो गई।
सोचो लड़के ने क्या कहा होगा सोचो सोचो ...
लड़के ने कहा थोड़ी जगह देना बहन जी झाड़ू लगाना है।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया।
लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

चुनावी गतिविधियां

- **बसपा उम्मीदवारों पर सबसे ज्यादा आपराधिक मामले :** अपराध मुक्त समाज बनाने का दंभ भरने वाले राजनैतिक दल चुनाव के दौरान टिकट देने के दौरान प्रत्याशी पर दर्ज मुकदमों से परहेज नहीं करते हैं। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में आठ सीटों के प्रत्याशियों की बात करें तो सबसे ज्यादा पांच बसपा के उम्मीदवारो पर अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं, इतना ही नहीं, मुकदमें गंभीर धारा में दर्ज हैं। वहीं सपा और भाजपा भी बहुत पीछे नहीं हैं, दोनों में ही तीन-तीन प्रत्याशियों ने दर्ज मुकदमें घोषित किये।उप्र इलेक्शन वाच और एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार जय समता पार्टी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), रालोद, कांग्रेस के सभी उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। वहीं बसपा के 50 फीसदी, सपा के 29 फीसदी और बीजेपी के 14 फीसदी उम्मीदवारों ने अपराधिक मामले घोषित किए हैं। सबसे ज्यादा मामले आसपा के नगीना से उम्मीदवार चंद्रशेखर पर सबसे अधिक 36 दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर सहारनपुर में कांग्रेस के इमरान मसूद पर आठ और तीसरे नंबर पर रामपुर से एडीपी के उम्मीदवार अरशद वारसी पर आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

आंबेडकरमय होने की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल

सिर चढ़कर बोल रहा लोकसभा चुनाव का असर, मतदाता भी समझ रहे

डॉ. आंबेडकर जयंती पर भाजपा में मची है सबसे आगे निकलने की होड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा गठबंधन, इंडी गठबंधन और बसपा समेत कई दलों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अनुसूचित वर्ग के मतों को साधने की तैयारी की है। इसमें भाजपा का देशव्यापी समरसता दिवस तो तय है ही, इस दिन अनुसूचित जाति-जनजाति बस्तियों में जाकर सपंर्क, गोष्ठी, भोजन आदि के जरिए हर बूथ पर 370 वोट के लिए पूरी भागीदारी पर फोकस है। हालांकि मतदाता नेताओं की मंशा बखूबी समझ रहे हैं, और खामोश रहकर तमाशा देख रहे हैं।

प्रदेश में 21 से 22 फीसदी अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक है, जिसपर बीते चुनावों से बहुजन समाज पार्टी की पकड़ धीरे-धीरे कुछ कमजोर होती देख भाजपा, कांग्रेस, सपा में इसे अपने पाले में लाने की होड़ चल रही है। पिछले लोकसभा चुनावों में लगभग 75 प्रतिशत जाटवों ने सपा-बसपा और रालोद गठबंधन को वोट दिया, लेकिन गैर-जाटव दलितों में से लगभग 42 प्रतिशत ने ही उन्हें वोट दिया। 48 फीसदी गैर जाटव दलित भाजपा के साथ थे। यही समीकरण राजनीतिक दलों को अपनी ओर खींच रहा है। इसबार इंडी गठबंधन खुद को बसपा के मुकाबले ताकतवर मान रहा है, ऐसे में भाजपा को हराने के लिए अनुसूचित वर्ग के वोटों पर पकड़ बनाने के लिए डॉ आंबेडकर जंयती से बेहतर उसके पास मौका नहीं है। हालांकि बीते विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बकायदा बाबा साहेब वाहिनी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन भाजपा के मुकाबले असरदार नहीं रहा।

बसपा में अनुसूचित जाति वर्ग की अन्य जातियों जैसे पासी, कोरी, धोबी, खटिक, बाल्मिकि वगैरह अपनी अहमियत कम मानते हैं, यहीं वजह है कि इन नेताओं का नया ठिकाना भाजपा और कांग्रेस बनी। जैसे कौशल किशोर, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी निर्मल, जुगल किशोर डॉ. उदित राज, पीएल पुनिया, आरके चौधरी, अशोक दोहरे, राकेश सचान आदि। सपा का इस पॉलिटिक्स में एक तरफ चंद्रशेखर की एंट्री भी है, जो बसपा के कैडर वोट बैंक पर अपना हक जता रहे हैं। वे भी आंबेडकर के बहाने सहेजने की कोशिश मे जुट गए हैं।

बसपा प्रमुख मायावती व उत्तराधिकारी आकाश आनंद का भी मेगा प्लान

डॉ आंबेडकर जयंती और रामनवमी भाजपा के लिए बेहद खास

भाजपा ने 5 अप्रैल को निषाद राज जयंती से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव के जरिए देशभर में वोटरों को साध रही है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को पार्टी समरसता दिवस के रूप में मनाएगी। साथ ही अनुसूचित जाति मोर्चा हर मंडल पर 50 अनुसूचित जाति के परिवारों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। 17 अप्रैल को रामनवमी पर कार्यकर्ता पताका लहरायेंगे, हर मंदिर पांच दीपक जगायेंगे और मंदिर को सजाएंगे। 21 अप्रैल को महावीर जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता जैन सम्प्रदाय की शोभायात्रा का विशेष अभिनंदन करेंगे। 23 अप्रैल को श्री हनुमान जयंती पर सारी दिल्ली में भाजपा कार्यकर्ता हर बूथ पर संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। इस विशेष सांस्कृतिक पर्व उत्सव से हम लोगों को भाजपा से जोड़ेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री के विकसित भारत कार्यक्रम की भी चर्चा घर घर ले जाएंगे।

आप 'संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस' मनाएगी

आम आदमी पार्टी ने डॉ आंबेडकर जयंती पर ''संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ दिवस'' मनाने की घोषणा की है। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से शराब नीति घोटाले के सिलसिले में हुई दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से आप की यह रणनीति मोदी सरकार को घेरने के लिए है। कई राज्यों में आप का अनुसूचित वर्ग के मतों पर खासा प्रभाव भी माना जाता है।

सात मई को होगा मतदान

तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए नामांकन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ। तीसरे चरण की दस सीटों पर चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन बदायूं में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य ने नामांकन किया। इन सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के मतदान के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत तृतीय चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस चरण में सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, ऑवला व बरेली सीटों के लिए चुनाव होना है। इस चरण की कुल सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली समेत 12 जिलों के अंतर्गत तृतीय चरण के 10 लोकसभा क्षेत्र आते हैं।

सोशल मीडिया पर भी लोकसभा चुनाव को लेकर तेज चल रहा है द्वंद्व

एक दूसरे के खिलाफ बना रहे वीडियो तैयार की जा रही सुनियोजित पोस्ट

भाजपा के मीडिया आईटी सेल से डटकर मुकाबला कर रही कांग्रेस, बसपा व सपा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार: नौ अप्रैल मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, इसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप डोनाल्ड ने पत्नी के साथ साल के पहले सूर्य ग्रहण के अवीस्मरणीय नजारे को देख रहे थे, यह वीडियो भारत में बहुत ट्रेंड किया।

वास्तव में यह वीडियो अमेरिका में नहीं, भाजपा के आईटी सेल द्वारा तैयार किया हुआ है, जिसके आखिरी में सूर्य में लिखा था कि आयेगा मोदी ही। यह एक वीडियो उदाहरण है, इस तरह के तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं, जो व्यापारिक व निष्पक्ष कंटेंट पर आधारित होते हैं, अंत में एक लाइन में पार्टी प्रमुख या पार्टी विशेष का संदेश देते हैं। आमजन में आसानी से पहुंचने का माध्यम बने सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा किया जा रहा है।

चुनाव प्रचार के इस माध्यम को भाजपा, कांग्रेस,सपा और बसपा आदि सभी राजनैतिक दल भुनाने में लगे हैं। यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और वाट्सअप आदि कई सोशल मीडिया के प्लेटफार्म हैं जिन पर ज्यादा से ज्यादा फालोवर्स पकड़ने और उनमें अपनी पोस्ट के व्यूज बढ़ाने की होड़ लगी है। अपनी-अपनी वीडियो, पोस्ट, रील्स आदि को देश में टॉप 10 में शामिल करने के लिए प्रमुख नेताओं के वैरिफाइड एकाउंट्स हैश टैगिंग किये जा रहे हैं, फेसबुक पेज के फालोवर्स मिलने से व्यूज बढ़ाये जा रहे हैं।

डिजीटल प्लेटफार्म पर भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कांग्रेस दौड़ रही है। इसके लिए कांग्रेस ने बूथ स्तर पर, ब्लॉक, मंडल व जिले स्तर पर सोशल मीडिया प्लेट फार्म स्थापित किये हैं। विधानसभा स्तर पर रूमवार बनाए गए हैं, प्रदेश में करीब दो लाख सभी बूथों पर सोशल मीडिया के प्रतिनिधि के साथ टीम तैनात है, जो कि पार्टी के हर संदेश को जनता तक पहुंचा रहें हैं। इसी प्रकार, समाजवादी पार्टी भी खुद को डिजिटल प्लेटफार्म पर स्थापित किये हुए हैं। अखिलेश यादव समेत पार्टी के वैरिफाइड एकाउंट्स है, जिस पर विभिन्न विषयों पर वीडियो पोस्ट किये जा रहे हैं, कई वीडियो टॉप 10 में भी पहुंचते हैं।

बसपा मायावती के फालोवर्स बहुत हैं, नेशनल कॉडिनेटर आकाश आनन्द ने भी अपना फेसबुक पेज व एक्स पर वैरिफाइड एकाउंट तैयार कर, पार्टी के संदेश को वायरल कर रहे हैं, मगर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में खुद को अपडेट न करने की वजह से सोशल मीडिया में पुराने ढ़र्रे पर चल रही है।

क्या है सोशल मीडिया का सच

एक क्लिक में हर मोबाइल तक पहुंचने का माध्यम है सोशल मीडिया। कुछ ही क्षणों में देश-दुनिया तक पहुंचने का माध्यम है। राजनैतिक दलों ने अपने संदेश पहुंचाने और विरोधियों को पटकनी देने का माध्यम बना रखा है। इसके लिए पार्टियां, कंटेंट क्रिएटर, कंटेंट राइटर, रोचक बयान राइटर, विडियो कार्टून फिल्में और चित्रों के साथ कैरिकेचर आदि तैयार किये जा रहे हैं। विभिन्न विषयो पर 10 से 15 सेकेंड की रोचक रील्स पोस्ट की जा रही हैं। यही नहीं, प्रोफेशनल्स में प्री एप्रोच और पोस्ट एप्रोच के क्रिएटर रखे गये हैं। जो कि प्रतिद्वंदी पार्टी के प्रस्तावित रैली, सभा आदि आयोजन से पहले ही विरोध का माहौल तैयार किया जाता है, साथ ही आयोजन संपन्न होने पर चुटीले कंटेंट पोस्ट क्रिएटर तैयार करते हैं।

सोशल मीडिया पर भाजपा सबसे मजबूत

'पीलीभीत मांगे बीजीपी' स्लोगन बीते मंगलवार को ट्रेंड हुआ, पीलीभीत में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी की रैली, कई मिलियन व्यूवर्स के साथ टॉप फाइव में ट्रेंड की। भाजपा में सोशल मीडिया संचालन की बड़ी टीम सक्रिय है। इसमें भाजपा की कॉडर आधारित आई सेल है, इसके अलावा राज्य की आईटी टीम है, जिसमें विभिन्न जिलों के एक्सपर्ट शामिल हैं। एक संयोजन टीम के अंतर्गत चार सह संयोजक की टीम कार्य करती है। इसके बाद प्रदेश के छह प्रांतों में अलग-अलग कार्य करने वाली क्षेत्रीय टीमें हैं। अंततः जिले स्तर व लोकसभा स्तर पर भी आईटी टीमें कार्य कर रहीं हैं। कैडर बेस्ड आई वर्कर डिजिटल प्लेटफार्म के लिए प्रशिक्षित हैं। चुनाव पूर्व भाजपा द्वारा राजधानी में प्रशिक्षण कार्यक्रम में संपन्न हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री योगी समेत विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया था। भाजपा में सोशल मीडिया की बागडोर संभालने वाले स्टेट हेड अंकित सिंह चंदेल का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाने का कार्य सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें हम पूर्णतया सफल है यही वजह से पार्टी के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है।

आईना : प्रतापगढ़ लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
संगम लाल गुप्ता	4,36,291
अशोक कुमार त्रिपाठी	3,18,539
राजकुमारी रत्ना सिंह	77,096

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
अपना दल	कुँवर हरिवंश सिंह	3,75,789
बसपा	आसिफ़ निज़ामुद्दीन	2,07,567
कांग्रेस	राजकुमारी रत्ना सिंह	1,38,620
सपा	प्रमोद कुमार सिंह पटेल	1,20,107

प्रतापगढ़ के क्षेत्र

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	मुनीश्वर दत्त उपाध्याय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय जनसंघ
1967	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	रूप नाथ सिंह यादव	जनता पार्टी
1980	अजीत प्रताप सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	दिनेश सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1991	अभय प्रताप सिंह	जनता दल
1996	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1998	राम विलास वेदांती	भारतीय जनता पार्टी
1999	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2004	अक्षय प्रताप सिंह	समाजवादी पार्टी
2009	राजकुमारी रत्ना सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	हरिवंश सिंह	अपना दल
2019	संगम लाल गुप्ता	भारतीय जनता पार्टी

2009 चुनाव के आंकड़े

2019 नोटा 12,159

2014 नोटा 9,098



तीन जिलों के मतदाता चुनते हैं कन्नौज का सांसद

औरैया व कानपुर देहात की एक-एक विधानसभा सीट भी है लोकसभा क्षेत्र में

सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ समेत कुल पांच विस क्षेत्र आते हैं

अजय मिश्र, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा क्षेत्र 42-कन्नौज (इत्रनगरी) का सांसद चुनने के लिए तीन जनपदों के मतदाता वोट करते हैं। इस संसदीय सीट का गठन पांच विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर किया गया है। इसमें कन्नौज जनपद के तीन विधानसभा तो औरैया व कानपुर देहात की एक-एक सीट भी शामिल है।

ऐतिहासिक कन्नौज लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा सीटों में दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इसमें कानपुर देहात की रसूलाबाद व कन्नौज सदर सीट शामिल है। अन्य तीन सीटों से कोई भी व्यक्ति विधानसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ सकता है। हालांकि कन्नौज संसदीय सीट अनारक्षित ही है। जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्र 1049 व मतदेय स्थल (बूथ) 1519 हैं। लोकसभा क्षेत्र की बात की जाए तो मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1596 हो जाती है। बूथ 2307 हैं। जनपद के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 12,87,081 मतदाता हैं। बिधूना व रसूलाबाद को मिलाकर कुल मतदाता 19,82,589 हैं।

जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या 6,85,968 हैं, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 10,61,205 वोटर हैं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या 6,01,056 है, जिसमें बिधूना एवं रसूलाबाद को मिलाकर कुल 9,21,288 हैं।

तीन स्थानों पर होती है वोटों की गिनती

लोकसभा क्षेत्र से जब कोई सांसद जीतता है तो उसका परिणाम घोषित करने के लिए तीन जिलों से आंकड़े एकत्र करने पड़ते हैं। कारण, कन्नौज मंडी समिति में जिले की ही तीन विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती होती है। इसके अलावा रसूलाबाद की कानपुर देहात व बिधूना की औरैया में वोट गिने जाते हैं। जानकारों की मानें तो जीत का प्रमाण पत्र देने से पहले निर्वाचन आयोग से भी अनुमति ली जाती है। इन सब वजहों से कन्नौज संसदीय सीट का परिणाम देरी से घोषित होता है। हालांकि प्रमाण पत्र कन्नौज में ही दिया जाता है।

कभी भरथना हुआ करता था हिस्सा

- कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा इलाके तो कई सालों से जुड़े हैं, हालांकि पूर्व में इटावा जिले की भरथना विधानसभा सीट कन्नौज में जुड़ी रहती थी। भरथना को हटाने के बाद ही कानपुर देहात की विधानसभा रसूलाबाद सीट जोड़ दी गई।

विधानसभावार मतदात लोकसभा क्षेत्र 52, कन्नौज



विधानसभावार मतदाता

विधानसभा	मतदान केंद्र	बूथ
छिबरामऊ	346	547
तिर्वा	398	487
कन्नौज	305	485
बिधूना	287	404
रसूलाबाद	260	384

वर्ष 1967 में एक साथ हुआ था विधानसभा और लोकसभा का चुनाव

जनता के पल्ले नहीं पड़ा अंग्रेजी भाषण

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

अमृत विचार : वर्ष 1967 में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ ही हुए थे। सियासी सरगर्मी परवान पर थी। उस समय अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा थे। कश्मीर के रहने वाले डोगरा चुनावी दौरे मे उत्तर भारत आए। प्रतापगढ़ में उनके अंग्रेजी में दिए गए भाषण को साथ रहे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लोगों को सरल करके समझाया था।

इलाहाबाद (प्रयागराज) में सभा के बाद उन्हें प्रतापगढ़ आना था। शहर के गोपाल मंदिर में शाम चार बजे सभा आयोजित थी। वहां स्थित पुराने पीपल के वृक्ष के नीचे मंच सजा था। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यकर्ता भी उत्साहित थे। उपस्थित सभी लोग डोगरा जी और अटल जी को सुनने के लिए उत्सुक थे। कार से दोपहर करीब तीन बजे डोगरा जी और अटल जी प्रतापगढ़ पहुंचे। वह पहले लखन लाल के घर गए, फिर वहां से शाम करीब चार बजे गोपाल मंदिर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता रामसेवक त्रिपाठी सभा के संचालक थे। अमृत विचार से बातचीत में वह बताते हैं कि स्वागत भाषण के बाद अटल जी ने डोगरा जी को मंच पर बुलाने का इशारा किया।

देर न करते हुए डोगरा जी को बुलाया गया, लेकिन उनके माइक संभालते ही सभा में सन्नाटा पसर गया। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का भाषण सभा में आए लोगों के पल्ले नहीं पड़ रही थी। सभी एक-दूसरे की ओर ताकने लगे।

दूरदर्शी अटल ने इसे भांप लिया,इसके बाद दूसरा माइक उन्हें थामना पड़ा। उन्होंने अनुवादक की भूमिका निभाई।

उनके एक-एक वाक्य का हिंदी में अनुवाद कर डोगरा जी के चुनावी संदेश को जनता और कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया। सभा समाप्त होने के बाद फिर डोगरा जी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ कटरा मार्ग पर स्थित पूर्व विधायक बाबूलाल श्रीवास्तव के घर गए। दूसरे दिन सुबह यहां से प्रस्थान किया।

गोपाल मंदिर में आये थे अखिल भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. प्रेमनाथ डोगरा व अटल बिहारी वाजपेयी

आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़...

गोपाल मंदिर में आयोजित सभा के संचालक रामसेवक त्रिपाठी बताते हैं कि दरअसल डोंगरा जी हिंदी टूटी-फूटी ही बोल पाते थे। उन्हें क्षेत्रीय भाषा डोगरी आती थी, लेकिन उसे लोग और भी न समझ पाते। उनके भाषण का इतना अंश याद है..डियर सिटीजन आफ प्रतापगढ़ आइ एम वेरी ग्लैड टू विजिट प्रतापगढ़... **काज आफ नेशन**...।

1967 के उम्मीदवार

- राजा दिनेश सिंह : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- ओंकार नाथ द्विवेदी : जनसंघ
- प्रो. वासुदेव सिंह : संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी

ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे ने शुरू किया प्रचार

शिवपुरी। गुना संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी चुनावी समर में उतर गए हैं। पिता की जीत सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रचार कर रहे हैं। युवाओं के बीच संवाद के साथ ही घर- घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे हैं और पिता के लिए वोट मांग रहे हैं। वे जनसंपर्क के दौरान अपने दादा माधव राव सिंधिया और दादी राजमाता विजय राजे सिंधिया का नाम लेना नहीं भूलते। खास बात यह है कि महाआर्यमन सिंधिया हर किसी को पीएम मोदी की गारंटी को अच्छी तरीके से समझा रहे हैं और वे अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव के बारे में भी बताने से नहीं चूकते। पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया से अलग वे पूरी तरह युवाओं के साथ प्रचार में रात दिन लगे हुए हैं। कॉलेजों के बाहर छात्र- छात्राओं से मिल रहे हैं और मोदी सरकार की उपलब्धियां बता कर पिता के लिए वोट मांग रहे हैं।

भोजपुरी स्टार पवन सिंह पर टिकी निगाहें

पटना : बिहार की काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह के चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल के नेता सकते में हैं। काराकाट सीट से राजग नेता उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। भाजपा को उम्मीद है कि पवन सिंह मान जाएंगे और चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर पवन सिंह चुनाव लड़ते हैं तो इसका नुकसान उपेंद्र कुशवाहा को हो सकता है। भाजपा ने पहले पवन को पश्चिम बंगाल की आसानसोल लोकसभा सीट से टिकट दिया था। हालांकि पवन ने वहां से लड़ने से इन्कार कर दिया और काराकाट से समर में उतरने की घोषणा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की जीत सुनिश्चित करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री नितिश कुमार वहां सभा करेंगे बल्कि राजग के अन्य बड़े चेहरे भी यहां प्रचार करेंगे। पवन सिंह को अंदरखाने मनाने की तैयारी चल रही है। भाजपा के बिहार से जुड़े कई नेताओं ने बात की है और चुनाव न लड़ने का आग्रह किया है। यह बात भाजपा को भी पता है कि पवन के चुनाव लड़ने का सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को होगा।



कंगना के सामने विक्रमादित्य हो सकते कांग्रेस का चेहरा

मंडी। हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा नेता कंगना रनौत के विरुद्ध कांग्रेस से हिमाचल सरकार में विक्रमादित्य सिंह के मैदान में आने की उम्मीद है। भाजपा नेताओं की निगाह कांग्रेस आलाकमान के निर्णय पर टिकी हुई है, क्योंकि अभी तक उनकी उम्मीदवारी का एलान अभी तक कांग्रेस ने नहीं किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह यदि मैदान में आते हैं तो यहां मुकाबला रोचक होगा ऐसा माना जा रहा है।

लब खामोश हैं, पर आंखों ने लगा रखा है

मंजिल पर निशाना

मुस्लिम वोट बैंक

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली।

अमृत विचारः इस बार यह पहला मौका रहा जब देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और रमजान का महीना निकल गया, ईद भी हो गई। लेकिन शाही इमाम से लेकर मौलवियों तक की मुस्लिम वोट बैंक पर चुप्पी नहीं टूटी। इस खामोशी के पीछे सोची समझी रणनीति बताई जा रही है।

देश में लगभग 100 संसदीय क्षेत्र हैं, जिनमें मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में है। इनमें भी 65 सीटें ऐसी हैं, जिसमें मुस्लिम मत संख्या 35 फीसद से ज्यादा है। मुस्लिम बाहुल्य सर्वाधिक 14 सीटें उत्तर प्रदेश में हैं। पश्चिम बंगाल में 13, केरल में 8, असम में 7, जम्मू कश्मीर में 5, बिहार में 4 और मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र व तेलंगाना सहित कुछ राज्यों में दो-दो सीटें मुस्लिम बाहुल्य गिनी जाती हैं। जनगणना के हिसाब से देश की कुल आबादी में 14.2 फीसद हिस्सा मुसलमानों का है। इसके बावजूद मुस्लिम वोट बैंक को लेकर जामा मस्जिद के शाही इमाम से लेकर आम मौलवी तक और विभिन्न मुस्लिम संगठनों के नेता अभी पूरी तरह खामोश हैं।

100
लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक स्थिति में

35%
तक 65 सीटों पर तो मुस्लिम मतदाता

मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि इस बार मुस्लिम वोट बैंक काफी संजीदा स्थिति में है, यदि इसको लेकर कोई भी फतवा, हिदायत आदि जारी की जाती है, तो वोटों का ध्रुवीकरण हो सकता है जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा।

मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी पसंद नहीं बन पायी भाजपा

- जम्मू कश्मीर में धारा 370 समाप्त करने या उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद से लेकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु के बाद यह किसी से छिपा नहीं है कि आम मुसलमान भाजपा से नाराज हैं। कोई फतवा दिया जाए या न दिया जाए, यह वोट बैंक उसी दल में गिरेगा जिसका उम्मीदवार बीजेपी को पराजित करने की स्थिति में होगा। यदि चुनाव पूर्व शाही इमाम या मुस्लिम संगठनों द्वारा बीजेपी के खिलाफ फतवा जारी किया गया तो गैर मुस्लिम वोटो का ध्रुवीकरण होगा और बीजेपी को उसका लाभ मिलेगा। उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसद मुसलमान है वहां की 42 में 13 सीटों पर उनकी मजबूत पकड़ है। यह जानने के बावजूद यदि मुस्लिम वोटों के लिए उनके संगठनों द्वारा कोई दिशा निर्देश दिए गए तो गैर मुस्लिम वोट बैंक एकजुट हो सकता है। यही स्थिति उत्तर प्रदेश में है जहां पर करीब 20 फीसद मुसलमान है, इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आधा दर्जन सीटों पर उनकी संख्या 40 फीसद से ज्यादा है।

शाही इमाम ने नहीं जारी किया कोई फतवा

- गुरुवार को ईद के मौके पर नमाज के लिए दिल्ली की जामा मस्जिद एवं फतेहपुरी मस्जिद में एकत्र हुए हजारों मुसलमान को उम्मीद थी कि शायद लोकसभा चुनाव को लेकर शाही इमाम कोई ऐलान, फतवा, हिदायत या राय देंगे, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसी तरह जमीयत उलमा ए हिंद या ऑल इंडिया मजलिस ए मुशावरत जैसे कई संगठनों के पदाधिकारी भी कुछ नहीं बोल रहे हैं। जबकि पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है।

गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर इस बार दो डॉक्टरों की लड़ाई में बसपा ने ठाकुर बिरादरी का प्रत्याशी उतारकर मुकाबला रोचक और दिलचस्प बना दिया है। भाजपा से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते हैं। वह ब्राह्मण हैं और खासतौर पर नोएडा में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनके मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पेशे से डॉक्टर महेंद्र नागर को उतारा है। डॉ. नागर गुर्जर समाज से हैं। बसपा ने ठाकुर बिरादरी के राजेंद्र सोलंकी पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर वोट ही सर्वाधिक माने जाते हैं। ईद के मौके पर तीनों प्रत्याशी परंपरागत जातीय आधार सहेजने के साथ मुस्लिम समाज को साधने में जोर लगाते नजर आए।

दो डॉक्टरों की लड़ाई में क्या बसपा मार पाएगी मैदान ?

- गौतम बुद्ध नगर में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा को जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन ने ढाई दशक से राजनीति में सक्रिय डॉक्टर को उतारा मैदान में
- बसपा ने लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की बड़ी संख्या देखते हुए सिंकदराबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाकर मुकाबल बनाया रोचक और दिलचस्प

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा पर फिर एक बार भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। उनके मुकाबले सपा और कांग्रेस गठबंधन से उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नागर हैं, जबकि बसपा ने सिकंदराबाद के पूर्व विधायक ठाकुर राजेंद्र सिंह सोलंकी को मौका दिया है। यह सीट कांग्रेस के साथ गठबंधन में सपा के खाते में गई थी। सपा ने पहले डॉ. महेंद्र नागर को टिकट दिया तो नेताओं और कार्यकर्ताओं में असंतोष फैल गया, इसका कारण यह था कि डॉ. महेंद्र नागर दो साल पहले ही कांग्रेस छोड़कर सपा में आए थे। इस पर सपा ने प्रत्याशी बदलकर युवा नेता राहुल अवाना पर दांव लगाया, लेकिन उनका भी विरोध हो गया, ऐसे में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिर से डॉ. महेंद्र नागर को उम्मीदवार बना दिया। पिछले चुनाव में सपा और बसपा के संयुक्त प्रत्याशी को 4,93,890 वोट मिले थे, तब भाजपा के डॉ. महेश शर्मा ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत हासिल की थी। इस बार सपा का कांग्रेस से गठबंधन है और बसपा अलग लड़ रही है। ऐसे में मुस्लिम और दलित मतदाताओं पर सभी की नजर है। पूरा जोर इन्हीं के वोट प्राप्त करने के गुणा-भाग पर लगाया जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को मिले फायदे और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ गिनाकर दोनों समुदायों के बीच जा रहे हैं। भाजपा संगठन के रणनीतिकार उनके लिए अलग से काम कर रहे हैं। इसके मुकाबले सपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र नागर मुस्लिम मतों को गठबंधन का परंपरागत वोट बैंक मानकर दलित और पिछड़े वर्ग को रिझाने की कोशिश में जुटे हैं। उनका पूरा फोकस सबसे पहले गुर्जर बिरादरी में अपने नागर गोत्र के मतदाताओं को साधने में है, जबकि बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी दलित मतदाताओं में मजबूत पैठ मानकर मुस्लिम मतों को अपनी तरफ मोड़ने में लगे हैं, तो मुस्लिम मतों को बसपा की तरफ जाने से रोकने के लिए सपा-कांग्रेस नेता पूरा जोर लगा रहे हैं।

1
डॉ महेश शर्मा।
भाजपा

2
ठा. राजेन्द्र सिंह सोलंकी
बसपा

3
डॉ. महेंद्र नागर
सपा-कांग्रेस गठबंधन



प्रमुख मुद्दे

- विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ किसानों की समस्या, बहन-बेटियों की सुरक्षा, सोसायटी क्षेत्र में बिल्डरों की मनमानी और भूमि अधिग्रहण मुआवजा।

2009 चुनाव परिणाम



दल	उम्मीदवार	वोट
बसपा	सुरेंद्र सिंह नागर	2,45,613
भाजपा	डॉ. महेश शर्मा	2,29,709
सपा	नरेंद्र सिंह भाटी	1,18,584
कांग्रेस	रमेश चंद्र तोमर	1,16,230

सोसायटी निवासी बाहरी मतदाताओं का झुकाव भाजपा की तरफ नजर आता

- नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 250 से अधिक सोसायटी हैं। इनमें अधिकतर बाहरी लोग रहते हैं। इनकी संख्या करीब पांच लाख तक हैं। इनके अपने मुद्दे हैं, जिनमें विकास सर्वोपरि हैं। लेकिन इन मतदाताओं पर जातीय समीकरण का कोई प्रभाव नहीं दिखता है। इन मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर ज्यादा नजर आता है। हालांकि कई सोसायटी में रजिस्ट्री का मुद्दा गर्म है। लोगों का कहना है कि पूरा पैसा जमा करने के बाद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस मुद्दे पर नेताओं के प्रति गुस्सा जताने के लिए रजिस्ट्री नहीं तो वोट नहीं, के बैनर भी टांगे गए हैं।

2024
में डॉ.महेश शर्मा हैट्रिक लगाने को कर रहे मेहनत

2019
में दूसरे नंबर पर थे बसपा के उम्मीदवार

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	बसपा	कांग्रेस
59.80%	35.70 %	03.40 %
828164 मत	493421 मत	41960 मत
डॉ. महेश शर्मा	सतवीर	डॉ. अरविंद सिंह

26 लाख से ज्यादा मतदाताओं में लगभग आधी संख्या ठाकुर, ब्राह्मण व गुर्जर की

इस सीट का गठन 2009 में किया गया था। सामान्य घोषित इस सीट में परिसीमन के बाद खुर्जा विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। गौतम बुद्ध नगर में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। इस लोकसभा सीट पर 26,75,148 मतदाता अगले सांसद का चुनाव करेंगे। इनमें 14 लाख से अधिक पुरुष और 12 लाख से ज्यादा महिला वोटर हैं। सबसे ज्यादा मतदाता नोएडा यानी गौतम बुद्ध नगर विधानसभा क्षेत्र में है। यहां 7,82,872 मतदाता हैं। दादरी विधानसभा में 7,29,481 मतदाता हैं। तीसरे नंबर पर जेवर में 3,69,824 मतदाता हैं। सिकंदराबाद विधानसभा में 3,99,091 मतदाता हैं। खुर्जा में 3,93,880 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में ठाकुर मतदाताओं की संख्या 4 .30 लाख है। ब्राह्मण और गुर्जर मतदाता करीब 4-4 लाख हैं। मुस्लिम मतदाता 3 .6 लाख तक हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या 3 .80 लाख है।

विकास के साथ जातीय समीकरणों का घालमेल प्रचार को बना रहा दिलचस्प

लोकसभा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, लाजिस्टिक हब, पं. दीन दयाल उपाध्याय पुरातन संस्थान एवं संस्कृति संग्रहालय, ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिक्रेटेड फ्रेट कॉरिडोर, आईटी और बीपीओ कंपनियां, मास्टर प्लान-2041 और दो लाख करोड़ का औद्योगिक पूंजी निवेश जहां विकास की नई इबारत और इमारत जैसा नजर आता है, वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और जेवर के मुकाबले सिकंदराबाद और खुर्जा में उतना विकास नहीं नजर आता है। ऐसे में भाजपा को घेरने के लिए गठबंधन और बसपा प्रत्याशियों की ओर से विकास के मुद्दे पर नए सिरे से रणनीति बनाई जा रही है। इसी तरह चुनाव प्रचार और जनसंपर्क में जातीय समीकरणों का असर साफ नजर आता है। खास तौर पर सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा के प्रत्याशी जातीय बहुलता के हिसाब से रणनीति बनाकर प्रचार कर रहे हैं। बड़े नेताओं की जनसभाएं भी जातीय समीकरणों के हिसाब से कराने की तैयारी की जा रही है।

प्रचार में पीछे दिख रहे गठबंधन और बसपा प्रत्याशी, अभी कोई बड़ा नेता तक नहीं आया

भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर महेश शर्मा के समर्थन में भाजपा के दिग्गज नेता मैदान में उतर आए हैं। कुछ दिन पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर गए हैं। 13 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह डॉ शर्मा के लिए बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एक बार फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नोएडा आकर जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। दूसरी तरफ सपा, कांग्रेस और आम आदमी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर अपना चुनाव प्रचार अकेले ही करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थन में अभी तक गठबंधन का कोई बड़ा नेता नोएडा नहीं आया है। बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी पार्टी सुप्रीमो मायावती की सभा कराना चाहते हैं पर कार्यक्रम नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर में भाजपा के सामने सभी दल नंबर दो पर आने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यहां ज्यादातर लोग अन्य जिलों और राज्यों से आकर बसे हैं। गौतमबुद्ध नगर में वीआईपी मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है, जिनमें पूर्व गवर्नर, सांसद, विधायक, सिविल सर्वेंट शामिल हैं।

जीत के लिए जोश
राजस्थान के बाड़मेर में पीएम मोदी की रैली के दौरान पार्टी के युवा कार्यकर्ता जोश में नजर आए। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवाद से जुड़े पोस्टर लहराए।

तैयारी पुख्ता | पहले चरण में 102 सीटों पर होगा मतदान, अरुणाचल एवं सिक्किम विधानसभा का चुनाव भी उसी दिन

19 अप्रैल को मतदान के लिए निर्वाचन आयोग तैयार

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचारः पहले चरण के अंतर्गत लोकसभा की 102 सीटों के लिए निर्वाचन आयोग ने मतदान पूर्व समीक्षा बैठक की और 367 पर्यवेक्षकों एवं 21 राज्यों के मुख्य सचिवों को दिशा निर्देश दिए। आयोग ने जम्मू कश्मीर के प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान प्रक्रिया को सरल बनाने का भी निर्देश दिया है।

बैठक की अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने की जिसमें निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे। उक्त सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। उसी दिन अरुणाचल प्रदेश एवं सिक्किम विधानसभा का भी मतदान होगा।

- जम्मू कश्मीर के प्रवासियों की मतदान प्रक्रिया सरल

केंद्रीय पर्यवेक्षकों का विवरण

1272	67
सामान्य पर्यवेक्षक	पुलिस पर्यवेक्षक

167 व्यय पर्यवेक्षक

बैठक में तय किया गया है कि मतदान के दौरान उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं से किसी भी तरह के धनबल या प्रलोभन के बरताव पर विशेष नजर रखी जाएं। कानून व्यवस्था के लिए समीक्षा की गई और संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए कहा गया है। निष्पक्ष और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए आयोग ने पर्यवेक्षको को तीन स्तर पर विभाजित किया है। कानून व्यवस्था और संवेदनशील मतदान केंटो की पहचान करने के लिए पुलिस केंद्र द्वारा तैनात पुलिस पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि अतिरिक्त पुलिस बल की मांग राज्य के पुलिस महानिदेशक को चेक करें और यदि राज्य पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं है तो आयोग को तत्काल सूचित करें ताकि केंद्रीय पुलिस बल को भेजा जा सके।

मतदान के दौरान किसी भी तरह के धन बल, शराब वितरण या प्रलोभन पर निगरानी रखने के लिए 167 व्यय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

मतदाताओं को मत पर्चियां उनके घरों में स्थानीय प्रशासन द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी गई है या नहीं यह भी सामान्य पर्यवेक्षक नहीं करेंगे और इसकी सूचना राज्य एवं दिल्ली में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम को देंगे। मतदाताओं को गर्मी से राहत देने के लिए सभी मतदान केदो पर टेंट एवं शीतल पेयजल का इंतजाम किया जाएगा और बुजुर्ग मतदाताओं को घर में ही मतदान की सुविधा दी जाएगी।

जम्मू कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 9 अप्रैल को प्राप्त रिपोर्ट पर आयोग की बैठक में विचार विमर्श किया गया और देशभर में रहने वाले प्रवासी नागरिकों के लिए मतदान की प्रक्रिया को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। ऐसे नागरिकों को फार्म एम के साथ मांगी जाने वाली तमाम जानकारी को सरल बना दिया गया है। अब उन्हें अपने फॉर्म को किसी भी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन नहीं करना पड़ेगा। बल्कि स्व सत्यापन के तहत उन्हें मतदाता माना जाएगा और उन्हें मतदान की सुविधा दी जाएगी। जम्मू कश्मीर में इस तरह के मतदाताओं की संख्या करीब सवा लाख है।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (प्रति 15)	1475-1900
तेल अलसी	2600-2700
तेल तिल्ली	2600-2700
तेल मूँगफली रिफाइन्ड	3400-3500
तेल नारियल	2700-2800
तेल सोयाबीन	1650-1700
बावर्ची	1900
रथ	1950
चीनी (एम 30)	4250
चीनी (एस 30)	4100

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 900

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	86700
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75150
सोना गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	75,650
सोना रवा	75,500
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	81,600
चांदी (999)	81,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73700
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	73200
सिल्वर (पक्की)	812 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	74,300
चांदी आभूषण	80,800

मुनाफा वसूली से रिकॉर्ड स्तर से फिसला बाजार

सेंसेक्स 793 अंक गिरा, निफ्टी के 45 शेयरों में दर्ज की गई गिरावट

मुंबई, एजेंसी

एशियाई बाजारों में कमजोर रुख और घरेलू स्तर पर मुनाफावसूली का जोर रहने से शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 793 अंक से अधिक का गोता लगाया। निफ्टी भी रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 793.25 अंक यानी 1.06 प्रतिशत फिसलकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 848.84 अंक यानी 1.13 प्रतिशत तक लुढ़ककर 74,189.31 अंक पर खिसक गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 234.40 अंक यानी 1.03 प्रतिशत गिरकर 22,519.40 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी के 50 में से कुल 45 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से सन फार्मा, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट देखी गई। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार बंद होने के बाद टीसीएस ने मार्च तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी ने बीती तिमाही में शुद्ध लाभ 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 12,434 करोड़ रुपये होने की जानकारी दी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में ब्याज दर में कटौती में देरी और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से तेल की कीमतों में आई तेजी और चौथी तिमाही के कमजोर आय अनुमानों की चिंताओं के बीच भारतीय बाजारों में गिरावट का रुख रहा।

मॉरीशस से आने वाले निवेश के नियम सख्त होने से हाहाकर

मुंबई। मॉरीशस के जरिए भारत में होने वाले निवेश की फिर से जांच किए जाने के संशोधित नियम से घबराए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकर मच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का दबाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मॉरीशस रूट से भारत में होने वाले निवेश के नियम को संशोधित किया गया है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2017 से पहले हुए निवेश की फिर से जांच की जा सकती है यानी 2017 से पहले के फंडों को प्रमाण देना होगा कि उनका गठन केवल कर में लाभ लेने के लिए नहीं किया गया था। इससे विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार से जमकर पैसे निकाल लिए। इससे बीएसई के सभी 20 समूह दबाव में आ गए।



डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स पर ट्राई ने सौंपी सिफारिशें

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 'डिजिटल संचार क्षेत्र में नियामक सैंडबॉक्स के माध्यम से नवीन प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल को प्रोत्साहित करने पर सिफारिशें सरकार को सौंप दी है जिसमें कहा है कि केंद्र सरकार, दूरसंचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने एवं सुविधाजनक बनाने और ऐसी अवधि के लिए एक या अधिक नियामक सैंडबॉक्स बना सकती है।

सरकार ने 5जी/6जी, मशीन टू मशीन कम्युनिकेशंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, वर्चुअल रियलिटी को देखते हुए, एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की आवश्यकता है जिसमें नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, उपयोग के मामलों और व्यापार मॉडल का लाइव नेटवर्क में परीक्षण किया जा सके, या मौजूदा कार्यों व प्रक्रियाओं को परिष्कृत किया जा सके। इसको पूरा करने के लिए, दूरसंचार विभाग ने 10 मार्च, 2023 को डिजिटल संचार उद्योग में नई सेवाओं, प्रौद्योगिकियों और व्यापार मॉडल के लिए नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के संबंध में ट्राई की सिफारिशों का अनुरोध किया था।

भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए नेपाल का आमंत्रण

नई दिल्ली। नेपाल ने भारतीय उद्यमों को वहां निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। काठमांडू में 28-29 को होने वाले नेपाल निवेशक सम्मेलन से पहले भारतीय उद्योगों को उद्यम लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है।

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने कहा कि नेपाल भारतीय कंपनियों के लिए स्वाभाविक रूप से पसंदीदा निवेश स्थल है और नेपाल निवेश शिखर सम्मेलन-2024 एक ऐसा अवसर है जहां निवेश और पुनर्निवेश योजनाओं पर चर्चा की जाएगी और बड़े व्यावसायिक विचारों को जमीनी स्तर पर उतारा जाएगा।



मालदीव रूफिया में भुगतान पर भारत से चर्चा कर रहा : मंत्री

माले। मालदीव अपनी मुद्रा रूफिया में आयात के भुगतान को लेकर भारत के साथ चर्चा कर रहा हैं। एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा है। आर्थिक विकास मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा कि चीन से माल आयात को लेकर भी यही चर्चा जारी है। मालदीव सालाना भारत और चीन से क्रमशः 78 करोड़ तथा 72 करोड़ अमरीकी डॉलर का सामान आयात करता है।

समाचार पोर्टल एडिशनडॉटएमवी के अनुसार, 21 अप्रैल को संसदीय चुनाव से पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की लामू एटोल की यात्रा के दौरान मावा द्वीप पर आयोजित एक कार्यक्रम में सईद ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्तारूढ़ दल संसद में बहुमत हासिल करता है तो वे करीब दो वर्ष के भीतर डॉलर की दर को आधिकारिक बाजार मूल्यों पर वापस लाने में सक्षम होंगे। सईद ने कहा कि लक्ष्य यह है कि भारत से आयातित माल का भुगतान मालदीव के रूफिया में किया जा सके।

15.4 करोड़ तक जा सकता है घरेलू हवाई यात्री यातायात

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू हवाई यात्री यातायात वित्त वर्ष 2023-24 में 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ लगभग 15.4 करोड़ तक पहुंच सकता है। विमानन उद्योग की एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि इस दौरान घरेलू एयरलाइंस का शुद्ध घाटा कम होकर 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

साख तय करने वाली एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को यह भी कहा कि एयरलाइंस की लागत में वृद्धि के मुकाबले राजस्व वृद्धि की क्षमता महत्वपूर्ण है, क्योंकि उससे ही उन्हें मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन खराब होने से जुड़े मुद्दे निकट भविष्य में प्रतिकूल स्थिति पैदा कर सकते हैं। इक्रा ने कहा कि 2023-24 में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 15.4 करोड़ रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग 13 प्रतिशत अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

गठबंधन उम्मीदवारों के समर्थन में 16 को त्रिपुरा में रोड शो करेंगी प्रियंका

अगरतला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को यहां एक रोड शो में हिस्सा लेंगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने शुक्रवार बताया कि त्रिपुरा में दो संसदीय क्षेत्रों त्रिपुरा पश्चिम और त्रिपुरा पूर्व से विपक्षी 'इंडी' गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सुदीप रॉय बर्मन ने कहा कि प्रियंका गांधी वाद्रा 16 अप्रैल को अगरतला आने वाली हैं। वह दोनों संसदीय क्षेत्रों में और विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देने की लोगों से अपील करने के लिए रोड शो में हिस्सा लेंगी। बर्मन ने कहा कि कोई रैली नहीं होगी, लेकिन रोड शो के दौरान वह सूर्य चौमुहानी के पास भाषण देंगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार हैं, जबकि माकपा के पूर्व विधायक राजेंद्र रियांग पूर्व त्रिपुरा लोकसभा सीट से विपक्षी गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

21 अप्रैल को रांची में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान महारैली

रांची। झारखंड के रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित न्याय उलगुलान महारैली राज्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरे देश में अराजकता का माहौल पैदा करके रख दिया है। देश की जनता एक अघोषित इमरजेंसी के हालात से गुजर रही है। मोदी- शाह की जोड़ी ने पूरे विपक्ष के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए जिस प्रकार मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का कार्य किया है, उसे झारखंडी जनमानस नहीं भूल पा रहा है और केंद्र सरकार के इसी अन्याय के विरोध में उलगुलान का नया अध्याय न्याय उलगुलान महारैली के द्वारा लिखा जाएगा।

कुपवाड़ा के जंगलों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि कुपवाड़ा के गैंगबग वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। बीएसएफ ने एक्स पर पोस्ट किया, तलाश अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। बीएसएफ की विशिष्ट सूचना के आधार पर कुपवाड़ा के गैंगबग बन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बीएसएफ, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा की 94 सीटों के लिए जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराए जाएंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा।

सीआईसी के आदेश में हस्तक्षेप करने से उच्च न्यायालय ने किया इनकार

आरटीआई के तहत तीसरे पक्ष को नहीं दी जा सकती यात्रा संबंधी जानकारी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यात्रा से संबंधित जानकारी व्यक्तिगत प्रकृति की होती है और सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत ऐसे विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं दिये जा सकते, जब तक कि यह व्यापक जनहित में न हो। अदालत ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 2006 के मुंबई ट्रेन विस्फोट मामले में मौत की सजा पाए दोषी एहतेशाम कुतुबुद्दीन सिद्दीकी की याचिका खारिज कर दी गई थी।

सिद्दीकी ने एक जनवरी, 2006 से 30 जून, 2006 के बीच मुंबई हवाई अड्डे से हांगकांग या चीन तक मोहम्मद आलम गुलाम

साबिर कुरैशी की 'विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय' (एफआरआरओ) या आव्रजन कार्यालय में दर्ज यात्रा प्रविष्टियों (प्रस्थान और आगमन) के संबंध में आरटीआई अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। उन्होंने सीआईसी के जनवरी 2022 के उस आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की यात्रा की जानकारी व्यक्तिगत जानकारी है और इस तरह के विवरण किसी तीसरे पक्ष को तब तक नहीं बताए जा सकते जब तक कि यह व्यापक सार्वजनिक हित में न हो। इस अदालत की राय है कि सीआईसी का यह दृष्टिकोण इतना विकृत नहीं है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के तहत हस्तक्षेप की जरूरत पड़े। याचिकाकर्ता ने आव्रजन ब्यूरो के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी के समक्ष एक आरटीआई आवेदन दायर किया था, जिसने इस आधार पर याचिका खारिज कर दी थी कि विभाग को आरटीआई अधिनियम की धारा 24(1) और दूसरी अनुसूची के तहत कोई भी जानकारी प्रदान करने से छूट दी गई थी। याचिकाकर्ता ने सीआईसी के समक्ष अपील दायर की लेकिन उसने भी इसे इस आधार पर खारिज कर दिया कि सिद्दीकी तीसरे पक्ष की जानकारी मांग रहा था, जो अधिनियम की धारा 8(1)(जे) के तहत छूट की श्रेणी में है।

महिला विरोधी है कांग्रेस की दुष्ट मानसिकता : कंगना रनौत

कुल्लू/मनाली, एजेंसी

हिमाचल में मनाली मॉल रोड़ पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ओर से मंडी से पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का स्वागत किया। मनाली मॉल रोड से मनुरंगशाला तक आते हुए माता दुर्गा के मंदिर में माथा टेका।

मनु रंगशाला के मंच से कांग्रेस को ललकारते हुए कंगना ने कहा कि जहां एक ओर नवरात्रों में छोटी छोटी कन्याओं का पूजन किया जा रहा है नारी शक्ति को पूजा जा रहा है वहीं कांग्रेस की दुष्ट सोच मेरे ऊपर कीचड़ उछालने में लगी है। कंगना ने कहा कि एक 'पप्पू' दिल्ली में बैठा है जबकि दूसरा 'पप्पू' हिमाचल में है जो कहता है कि कंगना गऊ मांस का सेवन करती है उसका प्रमाण दिखाए वो। कंगना ने बिना नाम लिए ही कहा कि कांग्रेस का छोटा पप्पू एक नंबर का पलटू है। हिमाचल किसी की जागीर नहीं है जो मुझे यहां से बाहर फेंक दोगे। मैंने बिना अपने मां बाप के नाम का सहारा लिए अपनी जमीन खुद बनाई है।

उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब घर की बेटी हूं मैं चुनाव बार बार लड़ूंगी और बार बार जीतूंगी। कांग्रेस की रुढ़ीवादी सोच से हम बहुत आगे निकल आए हैं अब हमें आगे का सोचना है। आने वाले समय में हमारी बेटियां एक नए समाज का निर्माण करेंगी। उन्होंने फिल्मी जगत का उदाहरण देते हुए कहा कि जो लोग कहते हैं कि मुझे राजनीति का तजुर्बा नहीं है वो मुझे बताएं कि उनके पास राजनीति की कौन सी डिग्री है। जिस तरह एक्टिंग एक कला है उसी तरह राजनीति एक समाजसेवा का जज्बा है।

मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे ठाकुर भारत ही छोड़ दूंगी

मनाली। मंडी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) सुंदर ठाकुर को खुली 'चुनौती' दे डाली है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कंगना ने भरी सभा में मंच से कहा कि वह ठाकुर मेरी फिल्म का एक डायलॉग बोल दे तो 'मैं राजनीति क्या भारत छोड़ दूंगी।' असल में हुआ यूं कि श्री सुंदर ठाकुर ने एक बयान में कहा कि कंगना मुंबई से यहां आती है धीन चक ढीन चक कर के चली जाती है वह राजनीति क्या जानें। इस पर कंगना ने सीधा हमला कर खुला 'चैलेंज' दे डाला है। कंगना रनौत ने कांग्रेस पर जमकर तंज कसे और कहा कि मुझे भाजपा का टिकट मिलने के बाद कांग्रेस बार-बार मेरा अपमान कर रही है और मुझे अपमानित करने की कोशिश की जा रही है।

कश्मीर में लोस चुनाव लड़ ले भाजपा, जमानत जब्त न हो जाए तो राजनीति छोड़ दूंगा : उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को भाजपा को कश्मीर घाटी में लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा कि अगर केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त नहीं हो गई तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

अब्दुल्ला ने कहा कि अगर भाजपा को यहां विकास और सामान्य स्थिति होने के उसके दावों पर भरोसा है तो पार्टी को कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। अगर प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसमें इतना असर है तो वे भाजपा के उम्मीदवार खड़े करें और पार्टी के नाम पर वोट मांगें। अगर हमने कुछ नहीं किया तो लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे। अगर लोग हमें स्वीकार नहीं करेंगे तो आप अपने भाषणों में लगातार हमारे नाम क्यों ले रहे हैं? इस स्थिति में आप हमारे खिलाफ आपकी एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों कर रहे हैं?

यह आपातकाल 1975 से अधिक खतरनाक

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है और यह 1975 के आपातकाल से भी अधिक खतरे में है। आपातकाल के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की हालिया टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा कि सामान्य शिकायत है कि इस समय हम जिस दौर से गुजर रहे हैं वो आपातकाल से भी खराब है।

तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, हेरोइन और हथियार के साथ एक गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

- जयपाल भुल्लर गिरोह के सदस्य से बरामद की तीन किलोग्राम हेरोइन
- जबरन वसूली और हत्या का प्रयास जैसे अपराधों में लिप्त है अभियुक्त

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतर्राष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किए हैं।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि शहर में कुछ गिरोहों की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई। वाहन की तलाशी में 200 ग्राम हेरोइन मिली। आरोपी सारज से पूछताछ दौरान हुए खुलासे के बाद की जांच में दो .32 बोर पिस्तौल और चार कारतूस के साथ 2.8 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी हुई। साथ ही यह भी पता चला कि सारज पर जबरन वसूली, हत्या का प्रयास, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी सहित कई मामले लंबित थे। पुलिस आयुक्त ने कहा कि सारज ने गिरोह के एक अन्य प्रमुख सदस्य चंदू फिरोजपुरिया के साथ संबंध स्थापित किए थे और इस तरह उत्तर भारत में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नार्को-आतंकवाद में शामिल हो गया।

फर्जी खबरों पर रोक लगाएं पर्यवेक्षक : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए तैनात अपने पर्यवेक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि फर्जी खबरों और झूठी सूचना पर समय रहते रोक लगाई जाए तथा 'सकारात्मक विमर्श' को आगे बढ़ाने के लिए मतदाताओं को तत्परता से तथ्यों से अवगत कराया जाए।

आयोग ने एक बैठक में अपने 127 सामान्य, 67 पुलिस और 167 व्यय पर्यवेक्षकों को निर्वाचन क्षेत्रों में नकदी, शराब, चुनावी तोहफे और मादक पदार्थ एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने एवं उनके वितरण को रोकने के लिए चौबीसों घंटे प्रयास सुनिश्चित करने को कहा। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत, 21

पोक्सो मामले में सीआईडी के समक्ष हुए पेश येदियुरप्पा

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा शुक्रवार को अपने खिलाफ पोक्सो अधिनियम मामले में आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के समक्ष पेश हुए। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर कर्नाटक क प्रमुख भाजपा नेता येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

यह घटना कथित तौर रूप से दो फरवरी को हुई, जब लड़की और उसकी मां येदियुरप्पा के घर गई थी। शुरू में सदाशिवनगर पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया और बाद में जांच के लिए सीआईडी को सौंप दिया गया। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया, हालांकि, सीआईडी ने जांच में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें येदियुरप्पा को पूछताछ के लिए तलब करना और फोरेंसिक जांच के लिए उनकी आवाज के नमूने एकत्रित करना शामिल है। आवाज के नमूने कथित रूप से महत्वपूर्ण सबूत हैं, विशेषकर तब जब शिकायतकर्ता ने कथित घटना के बाद येदियुरप्पा से मिलने का एक मोबाइल रिकॉर्ड वीडियो प्रदान किया है।

लालू ने वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा दिया : नीतीश

नवादा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने और दूसरों की कोई चिंता नहीं करने का आरोप लगाया।

कुमार ने नवादा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा मैं 18 साल से शासन में हूं, लेकिन अपने परिवार से कितने लोगों को आगे बढ़ाया। लालू परिवार जब भी सत्ता में आता है, अपने परिवार बेटा-बेटी को आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं। आज एक ही परिवार से कितने लोग चुनाव लड़ रहे हैं।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	319
रियान पराग (राजस्थान)	05	261
शुभमन गिल (गुजरात)	06	255

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

राजस्थान को पंजाब के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले मैच में जीत की दहलीज पर पहुंचकर हारी राजस्थान रॉयल्स को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ रणनीति पर बेहतर अमल करना होगा क्योंकि मेजबान टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद बेहद सक्षम है। रॉयल्स के पास लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने का सुनहरा मौका था लेकिन राशिद खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने बुधवार को आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की।

रॉयल्स के लिये अपने गढ जयपुर में हारना किसी झटके से कम नहीं था। वे इसे भुलाकर अब जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेंगे। संजू सैमसन की कप्तानी वाली रॉयल्स के गेंदबाज कुलदीप सेन (19वां ओवर) और आवेश खान (20वां ओवर) ने 12 गेंदों के भीतर 35 रन दे डाले। सैमसन ने ट्रेंट बोल्ट से चार ओवर का कोटा पूरा नहीं कराके बड़ी चूक की जबकि बोल्ट ने दो ओवर में सिर्फ आठ रन दिये थे। दबाव के क्षणों में उनका अनुभव काफी काम आता। दूसरी ओर शिखर धवन की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। उसके धाकड़ बल्लेबाज चल नहीं पा रहे और शशांक सिंह तथा अभिषेक शर्मा जैसे गुमनाम बल्लेबाजों पर रन बनाने की सारी जिम्मेदारी आ गई है।

सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (पांच मैचों में 81 रन) और मध्यक्रम के बल्लेबाज जितेश शर्मा (पांच मैचों में 77 रन) अपेक्षा के अनुरूप नहीं खेल पाये हैं जिससे टीम को अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी। सैम कुरेन गेंदबाजी में औसत रहे हैं और बल्ले से भी अपनी क्षमता के साथ न्याय नहीं कर पाये हैं। मध्यक्रम में टीम को चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की कमी खल रही है। पंजाब के गेंदबाजों का प्रदर्शन बेहतर रहा है लेकिन पहले गेंदबाजी करने पर उन्होंने काफी रन लुटाये हैं। पिछले तीन मैचों में पंजाब के खिलाफ विरोधी टीम ने 199, 199 और 182 रन बनाये हैं जबकि कैगिसो रबाडा और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाज टीम में हैं। रॉयल्स के सामने चुनौती अच्छी लय बनाये रखने की भी है क्योंकि टूर्नामेंट में आम तौर पर अच्छी शुरूआत के बाद वे लड़खड़ा जाते हैं। यही वजह है कि पिछले छह सत्र में सिर्फ दो बार प्लेआफ में पहुंच सके।

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा

साथियान और मनिका को नहीं मिला ओलंपिक कोटा

चेकिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान गणानाशेखरन और मनिका बत्रा को विश्व मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में मलेशियाई जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा और वह ओलंपिक का कोटा हासिल करने में विफल रहे। मुकाबले में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान और मनिका की जोड़ी को मलेशिया के जेवेन चूंग और केरेन लिन के खिलाफ 4-1 (11-9, 11-9, 11-9, 7-11,11-8) से हार मिली।

खेल डायरी

भारतीय हॉकी टीम टेस्ट श्रृंखला में चौथी बार हारी

पर्थ। ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम का निराशाजनक प्रदर्शन जारी है जहां पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे टेस्ट मैच में उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही श्रृंखला में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। मैच का परिणाम भारतीयों के पक्ष में नहीं रहा लेकिन टीम के प्रदर्शन के स्तर में काफी सुधार दिखा। मेजबान टीम हालांकि हर मामले में भारत से बेहतर साबित हुई। आकाशीय बिजली के कारण 40 मिनट देर से शुरू हुए मैच में सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए।

आकांक्षा अमेरिका में स्क्वाश टूर्नामेंट में हारीं

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके अमेरिका के सेंट लुईस में चल रहे आरसी प्रो सीरिज स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में मिस्र की जाना साफी से 2-3 से हार गईं। राष्ट्रीय खेलों की स्वर्ण पदक विजेता आकांक्षा को 11-8, 3-11, 11-9, 5-11, 3-11 से पराजय झेलनी पड़ी। एक घंटे से अधिक चला मुकाबला पीएसए चैलेंजर टूर का हिस्सा था और ईनामी राशि 15000 डॉलर है।

भारत ने बिली जीन किंग कप में द. कोरिया को हराया

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने शुक्रवार को बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हरा दिया है। शुक्रवार को चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में रुतुजा भोसले ने एकल मुकाबला जीता। वहीं अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की जोड़ी ने युगल मुकाबले में जीत हासिल की। भोसले ने एक घंटे और पांच मिनट में 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। भोसले ने पहले सेट में लगातार पांच गेम जीतकर शुरुआत में ही मैच में अपना दबदबा कायम रखा। अंकिता रैना ने प्रार्थना थोम्बारे के साथ मिलकर डेबिन किम और सोह्युन पार्क के खिलाफ युगल मैच एक घंटे और 33 मिनट में 6-4, 6-4 से जीत लिया। दक्षिण कोरिया पर 2-1 की जीत एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में भारत की तीसरी जीत है।

कैंडिडेट्स शतरंज: गुकेश हारे, प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश फ्रांस के फिरोजा अलीरजा के हाथों पहली हार के बाद कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर के बाद शीर्ष स्थान से खिसक गए लेकिन आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला। इस हार के बाद 17 वर्ष के गुकेश अब कारूआना और प्रज्ञानानंदा के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के 4.5 अंक हैं और उन्होंने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से ड्रॉ खेलकर आधा अंक से बढ़त बना ली है। निजात अबासोव के साथ ड्रॉ के बाद विदित गुजराती संयुक्त पांचवें स्थान पर नकामूरा के साथ है जबकि अलीरजा सातवें स्थान पर हैं।

आकाश दहिया कांस्य पदक दौर में पहुंचे

बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय पहलवान आकाश दहिया और अनिरुद्ध कुमार ने एशियाई चैंपियनशिप में खुद को कांस्य पदक की दौड़ में बनाए रखा है, लेकिन उनके तीन अन्य साथी शुक्रवार को यहां अपने-अपने भार वर्गों के अलग-अलग चरणों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। गैर-ओलंपिक 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे आकाश ने उज्बेकिस्तान के सरदार रुजिमोव पर 10-8 की करीबी जीत के साथ शुरुआत की और इसके बाद क्वार्टर फाइनल में कोरिया के सांघयोन सोन को 7-3 से आसानी से हराया। वह सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के असिल एतकिन की चुनौती से पार नहीं पा सके और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर अपना मुकाबला हार गए।

मोंटे कार्लो मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचे सिटसिपास

मोनाको। दो बार के चैंपियन स्टेफानोस सिटसिपास ने रूस के कारेन खाचानोव को 6-4, 6-2 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना यानिक सिनेर या होल्गर रूने से होगा। वहीं दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की भिड़ंत एलेक्स डि मिनौर से होगी जबकि उगो हुम्बर्ट का सामना कैस्पर रूड से होगा। जोकोविच ने लोरेंजो मुसेत्ती से मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए उन्हें हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के चैंपियन जोकोविच को पिछले साल तीसरे दौर में मुसेत्ती ने हराया था। उन्होंने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट तब्दील करके 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने यहां 2013 और 2015 में खिताब जीता है लेकिन उसके बाद से क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके। दूसरी रैंकिंग वाले यानिक सिनेर ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

घर में हुए ढेर लखनऊ सुपर जायंट्स के शेर

दिल्ली कैपिटल्स ने चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर दी मात, जैक फ्रेजर ने 55 और कप्तान ऋषभ पंत ने 41 रनों की पारी खेली

कुलदीप यादव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की फिरकी के बाद आईपीएल में डेब्यू करने वाले जैक फ्रेजर (55 रन) और कप्तान ऋषभ पंत (41) की धमाकेदार पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को घर पर जीत की हैट्रिक बनाने के सपने को चकनाचूर कर दिया। दोनों बल्लेबाजों ने 46 गेंदों पर 77 रन जोड़े। दिल्ली ने 18.1 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला। लखनऊ की ओर से आयुष बडोनी ने 55 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली।

168 रन का पीछा करने उतरी दिल्ली का पहला विकेट 24 रन पर गिरा। अनुभवी वार्नर मात्र आठ रन बनाकर यश ठाकुर की गेंद पर बोल्ड हो गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ 32 रन बनाकर बिश्नोई की गेंद पर पूरन को कैच दे बैठे। डेब्यू करने वाले जैक फ्रेजर ने दो चौके और पांच छक्के पर 55 रन बनाए। बल्लेबाज ऋषभ पंत चार चौके और दो छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर बिश्नोई की गेंद पर केएल राहुल द्वारा स्टंप आउट हुए। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 15) और शाई होप (नाबाद 11) ने बिना विकेट गंवाए दिल्ली को जीत दिलाई। लखनऊ से रवि बिश्नोई ने 25 रन देकर दो विकेट लिए।

जैक फ्रेजर मैकगुर्क

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	5	4	1	8	+0.871
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	5	2	3	4	-0.196
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

लखनऊ के ओपनर डिकॉक (19 रन) खलील की गेंद पर पगबाधा हो गए। खराब फार्म से जूझ रहे पडिक्कल मात्र तीन रन पर खलील अहमद का दूसरा शिकार बने। स्टोइनिस (8 रन) भी जल्द ही पवेलियन लौट गए। कुलदीप की गेंद को हिट करने के प्रयास में वह ईशांत को कैच दे बैठे। अगली ही गेंद पर कुलदीप ने अपनी गुगली पर निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। 77 रन के योग पर कप्तान राहुल (39 रन) कुलदीप की गेंद पर विकेटकीपर ऋषभ पंत द्वारा कैच आउट हुए। इम्पैक्ट प्लेयर दीपक हुड्डा (10) और क्रुणाल पंड्या (3) भी जल्द ही पवेलियन लौट गए। 94 रन पर सात विकेट के बाद अरशद खान ने आयुष बडोनी के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 167 रन तक ले गए। बडोनी चार चौके और एक छक्के की सहायता से 55 रन बनाकर नाबाद रहे। दूसरे छोर पर अरशद खान ने 20 रन बनाए।

लखनऊ 167/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक पगबाधा खलील	19	13	4/0
लोकेश राहुल का पंत बो कुलदीप	39	22	5/1
देवदत्त पडिक्कल पगबाधा खलील	03	06	0/0
मार्कस स्टोइनिस का इशांत बो कुलदीप	08	10	1/0
निकोल्स पूरन बो कुलदीप	00	01	0/0
दीपक हुड्डा का वार्नर बो ईशांत	10	13	0/0
आयुष बडोनी नाबाद	55	35	5/1
कृणाल पंड्या का पंत बो मुकेश	03	04	0/0
अरशद खान नाबाद	20	16	2/0

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-41-2, ईशांत शर्मा 4-0-36-1, मुकेश कुमार 4-0-41-1, अक्षर पटेल 4-0-26-0, कुलदीप यादव 4-0-20-3

दिल्ली 170/4

18.1 ओवर, अतिरिक्त : 8

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
पृथ्वी शॉ का पूरन बो बिश्नोई	32	22	6/0
डेविड वार्नर बो यश	08	09	1/0
जैक का अरशद बो नवीन-उल-हक	55	35	2/5
ऋषभ पंत स्टंप राहुल बो बिश्नोई	41	24	4/2
स्टब्स नाबाद	15	09	0/1
होप नाबाद	11	10	1/0

गेंदबाजी : अरशद 3.1-0-34-0, नवीन उल हक 3-0-24-1, यश 4-0-31-1, क्रुणाल 3-0-45-0, बिश्नोई 4-0-25-2, स्टोइनिस 1-0-10-0

निजी कारणों से पेरिस ओलंपिक में अभियान प्रमुख पद से हटीं मैरीकॉम

नयी दिल्ली, एजेंसी

- आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा को पत्र लिखकर बताया

छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम शुक्रवार को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिये भारत के अभियान प्रमुख के पद से हट गई हैं। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से उनके पास अब कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरीकॉम ने पत्र लिखकर जिम्मेदारी से फारिग करने के लिये कहा है।

मैरीकॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा ,''देश की किसी भी रूप में सेवा करना फख्र की बात है और मैं इसके लिये मानसिक रूप से तैयार थी। लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी। मैं निजी कारणों से पीछे हट रही हूं।'' उन्होंने कहा,''इस तरह से पीछे हटने से शर्मिंदा हूं क्योंकि मैं ऐसा करती नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है। मैं ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे अपने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये हमेशा रहूंगी।'' आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का ऐलान किया था। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों में भारतीय दल की अभियान प्रमुख होतीं। उषा ने एक बयान में कहा ,'' हमें दुख है कि ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज और आईओए एथलीट आयोग की प्रमुख मैरीकॉम निजी कारणों से पद से हट गई हैं। हम उनके फैसले और निजता का सम्मान करते हैं। उनके विकल्प के बारे में घोषणा जल्दी ही की जायेगी।'' उन्होंने कहा ,'' मैं उनके अनुरोध को समझती हूं और उनके फैसले का सम्मान करती हूं। मैंने उनसे कहा है कि आईओए और मेरा सहयोग हमेशा उनके साथ है। मैं सभी से उनकी निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं।''

चोटिल फिन और एडम पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

वेलिंग्टन। चोटिल फिन एलन और एडम मिल्ने को न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है। एलन को पीठ में चोट लगी तथा मिल्ने को प्रशिक्षण के दौरान टखने में चोट लगी है। चयनकर्ताओं ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में टॉम ब्लंडेल और अनकैप्ड ऑलराउंडर जैक फॉल्क्स को टीम में बुलाया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा, एलन और फिन की चोटों के कारण रावलपिंडी में अगले सप्ताह शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग नहीं ले पाएंगे।

लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन प्रतिबंधित

नयी दिल्ली, एजेंसी

- स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई कार्रवाई

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन पर 12 महीने की अवधि में तीन बार स्थान संबंधी नियमों के उल्लंघन के साथ एक बार जांच के लिए उपलब्ध नहीं होने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया है। लक्ष्मणन ने 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में तीसरी (जुलाई से सितंबर) और चौथी (अक्टूबर से दिसंबर) तिमाही के दौरान अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देने में विफल रहे और 26 मार्च 2023 को जांच करने के लिए उपलब्ध नहीं हुए। लक्ष्मणन को 2022 में नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया था। नाडा की 19 मार्च, 2024 को पारित एक आदेश के मुताबिक नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीआरवी) ने उन्हें 10 अगस्त, 2023 से दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। नाडा के आरटीपी में शामिल एथलीटों को हर तीन महीने में अपने मौजूदा स्थान की जानकारी देनी होती है।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे में काम करेंगे अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत फिल्म 'सास ससुर बिना अंगना ना सोहे' में काम करते नजर आयेंगे। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे" का भव्य मुहूर्त आज बाराबंकी में संपन्न हुआ। इसके साथ ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई। यह फिल्म पारिवारिक कहानी पर आधारित है, जिसमें विक्रांत सिंह राजपूत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ इस फिल्म में रिचा दिक्षित फीमेल लीड में नजर आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन कन्हैया एस विश्वकर्मा कर रहे हैं। फिल्म सास ससुर बिना अंगना ना सोहे को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह उनकी शानदार फिल्मों की श्रेणी में एक और नई फिल्म है जो यकीनन रिलीज के बाद दर्शकों को पसंद आएगी। उन्होंने कहा कि एक बेहतरीन टीम के साथ मजेदार फिल्म करना किसे पसंद नहीं है। मेरी भूमिका बेहद खास है और इस फिल्म के संवाद गाने भी दर्शकों को दिलों को छू लेने वाले हैं तो मुझे लगता है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, बवाल करेगी। बड़े पर्दे के साथ-साथ टीवी पर भी इस फिल्म को लोग पसंद करेंगे। फिलहाल इस फिल्म की कहानी के बारे में डिस्कस नहीं कर सकता लेकिन मेरी गारंटी है कि यह फिल्म जब भी रिलीज होगी, दर्शकों को बेशुमार मनोरंजन देगी। फिल्म "सास ससुर बिना अंगना ना सोहे के निर्माता विजय सिंह अनंत सिंघल और मोनिका सिंह है, जबकि कॉन्सेप्ट और प्रोजेक्ट डिजाइनर देव पांडे हैं। फिल्म की कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। डी ओ पी आर आर प्रिंस हैं। म्यूजिक साजन मिश्रा का है। क्रिएटिव डायरेक्टर मुकेश तिवारी हैं।इस फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ रिचा दिक्षित, विनोद मिश्रा, रीना रानी, प्रीति मौर्या, प्रेम सिंह, रितु पांडे और समर्थ चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग मुम्बई में जारी है। पिछले एक महीने तक फ़िल्म डंस की शूटिंग उत्तरप्रदेश के चंदौली और आसपास में हो रही थी जहां के जंगलों और गांव देहात में फ़िल्म का एक बड़ा भाग शूट किया गया है। अब फ़िल्म के बचे हुए शेष भाग की शूटिंग मुम्बई में हो रही है। फ़िल्म निर्माता सुधीर सिंह की स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म डंस के मुख्य कलाकार खेसारी लाल यादव, स्वेता, शाहवर अली, समर्थ चतुर्वेदी,पप्पू यादव, देव सिंह, महेश आचार्य, विजया लक्ष्मी, स्वेता नवल, जे नीलम, जे पी सिंह, गौरी शंकर, आर्यन बाबू, माही खान हैं। वहीं फ़िल्म डंस का निर्देशन धीरज ठाकुर कर रहे हैं।

अक्षय कुमार और टाइगर की बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड कमाए 36 करोड़

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

दिव्यांग पति को गुजारा भत्ता देने के लिए बाध्य नहीं कर सकते : कोर्ट

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने निचली अदालत के एक फैसले को पलट दिया है। अदालत ने कहा- 75 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति को अलग रह रही पत्नी को भरण-पोषण देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। दरअसल, वैवाहिक कलह के कारण पति ने तालाक के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में पति ने कहा था कि उसकी पत्नी ने स्वेच्छा से उसे छोड़ दिया है। इस पर पत्नी ने भरण-पोषण की मांग की। शुरुआत में तो पति ने महिला को हर माह 15 हजार रुपये दिए लेकिन बाद में युवक दिव्यांग हो गया, जिस वजह से वह उसे गुजारा भत्ता नहीं दे पा रहा था। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना की पीठ ने निचली अदालत के गिरफ्तारी और जुर्माने के फैसले को खारिज दिया और कहा- दिव्यांग व्यक्ति से भरण-पोषण देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

हिंदू महिलाओं की सुरक्षा पर यूएन में पाकिस्तान को फटकार

जिनेवा, एजेंसी

- विशेषज्ञों ने जताई नाराजगी, कहा- धर्मांतरण, अपहरण, बाल विवाह यौन हिंसा से पीड़ित हैं महिलाएं

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की युवतियों और लड़कियों की सुरक्षा में लगातार कमी पर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के विशेषज्ञों ने नाराजगी जाहिर की। विशेषज्ञों ने कहा कि देश को अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के तहत अपने दायित्वों का पालन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ईसाई और हिंदू समुदाय की लड़कियां खासतौर पर जबरन धर्मांतरण, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जल्दी और जबरन शादी, घरेलू दासता और यौन हिंसा से पीड़ित हैं।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार के उच्चायुक्त के कार्यालय ने विशेषज्ञों के हवाले से एक बयान जारी कर कहा है कि, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं और लड़कियों के साथ इस तरह के जघन्य मानवाधाकार उल्लंघनों और ऐसे अपराधों को अब बर्दाश्त नहीं किया किया जा सकता है। इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

विशेषज्ञों ने इस बात भी चिंता जताई कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के जबरन विवाह और धर्मांतरण को अदालतों द्वारा मान्य किया जाता है। अक्सर पीड़ितो को उनके माता-पिता को वापस करने की अनुमति देने के बजाय उन्हें अपहरणकर्ताओं के साथ रहने को उचित ठहराने के लिए धार्मिक कानून का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि अपराधी जवाबदेही से बच जाते हैं। पुलिस प्रेम विवाह (लव मैरिज) की आड़ में अपराधों को खारिज कर देती है।

अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिका के एनएसए सुलिवन

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले हफ्ते भारत आएंगे। इस दौरान वह भारत-अमेरिका के रिश्तों को अगले स्तर पर ले जाने के लिए अपने समकक्ष अजीत डोभाल और अन्य से मुलाकात करेंगे। वहीं, हिंद प्रशांत और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के सहयोग पर भी चर्चा होगी।

इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच हुए क्रिटिकल एंड इमर्जिंग तकनीक संबंधी समझौते पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बता दें, विदेश सचिव विनय क्वात्रा अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकों और रक्षा एवं प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों के साथ बातचीत के लिए अमेरिका गए हुए हैं।

टीडीएस से बचने का कौन सा तरीका सही... जानें नियम

स्रोत पर टैक्स कटने (टीडीएस) से बचने के तीन विकल्प हैं। फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करके आप टीडीएस कटने से रोक सकते हैं। धारा 197 के तहत कम टीडीएस का विकल्प भी चुन सकते हैं। जानें कि आपके लिए क्या सही है...



- फॉर्म 15एच सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन ये फॉर्म जमा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की मूल सीमा 5 लाख रुपये है। 60 वर्ष या इससे ज्यादा उम्र का रेसिडेंट सीनियर सिटीजन टीडीएस नहीं काटने के लिए डिक्लेरेशन दे सकता है, बशर्ते धारा 87ए के तहत छूट पर विचार करने के बाद अनुमानित आय पर टैक्स जीरो हो। धारा 87ए के तहत अधिकतम छूट एक वित्त वर्ष में 12,500 रुपये तक 100% होगी। सीनियर सिटीजन को बैंक डिपॉजिट पर ब्याज से आय 50,000 रुपये से ज्यादा हो तो 10% टीडीएस कटेगा।

40 हजार से ज्यादा आय पर कटता है टीडीएस

फॉर्म 15जी यह फॉर्म 60 वर्ष से कम उम्र के करदाताओं के लिए है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) भी ये फॉर्म इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें घोषणा करनी होती है कि कुल आय कर योग्य सीमा से कम है। कुल आय (ब्याज सहित) सलाना 2.5 लाख रुपये की मूल छूट सीमा से कम होनी चाहिए। सीनियर सिटीजन को छोड़कर यदि व्यक्ति की बैंक डिपॉजिट पर व्याज से आय 40 हजार रुपये से ज्यादा है तो इस पर 10 फीसदी टीडीएस काटा जाता है।

क्या कहते हैं कानून के नियम

धारा 197 फॉर्म 15जी या 15 एच जमा करने के बजाय आप आयकर कानून की धारा 197 के तहत आवेदन करके स्रोत पर कम टैक्स कटौती का विकल्प भी चुन सकते हैं। बशर्ते आपकी टैक्सेबल इनकम पर वास्तविक देनदारी भुगतानकर्ता द्वारा काटे जाने वाली टीडीएस राशि से कम हो। इसके लिए आपको लोअर डिडक्शन सर्टिफिकेट (एलडीसी) पाने के लिए मूल्यांकन अधिकारी (एओ) के पास एक आवेदन करना होगा। इसमें कम कटौती का अनुरोध के कारणों का जिक्र जरूरी है।

ये भी जानें:- सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश यह सुनिश्चित करने का एक अच्छा तरीका है कि आपके वेतन से टीडीएस कटौती कम हो। इस संबंध में आप अधिकतम कर छूट का दावा 1.5 लाख रुपये प्रति वर्ष कर सकते हैं। यह आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के अंतर्गत आता है। धारा 80 ईई की बदौलत यदि आप अपने जीवन में पहली बार लोन पर घर खरीदते हैं तो आप वेतन पर टीडीएस बचा सकते हैं। इस मामले में आपको अधिकतम कर छूट एक वर्ष में दो लाख रुपये तक ले सकते हैं।

एक नजर

गोवा: वास्को में पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म फिर की हत्या

पणजी। दक्षिण गोवा के वास्को में शुक्रवार को पांच साल की मासूम के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने 20 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) सुनीता सावंत ने बताया कि बच्ची निर्माण स्थल पर बेहोश मिली है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि उसके साथ यौन उत्पीड़न किया गया और उसका गला घोंटा गया। पुलिस ने कहा- दुष्कर्म व हत्या का ममला दर्ज किया है। वहीं इस संबंध में 20 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अनूठी पहल

चेन्नई से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि स्कूबा डाइवर वोट देने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वीडियो में स्कूबा डाइवर चेन्नई में स्थित समुद्र में जाते हैं, यहां मॉक ईवीएम मशीन ले जाते है और वोट करते हैं। इसको लेकर चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वोट देने के लिए तैयार हैं? एक अनूठी मतदाता जागरूकता पहल में चेन्नई में स्कूबा डाइवर नीलांकरई में साठ फीट समुद्र के नीचे मतदान प्रक्रिया को अंजाम दे रहे हैं

गाजा में इजराइली हवाई हमले में 29 लोगों की मौत, 12 घायल

गाजा। इजराइली सैनिकों ने शुक्रवार को गाजा में एक आवासीय इमारत पर भीषण हवाई हमले किए हैं, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हवाई हमले में 29 से अधिक लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं जिनमें कई गंभीर हैं। इजराइल डिफेंस फोर्सेज ने कहा कि वायुसेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान गाजा पट्टी में 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। कई आवासीय इमारतों को निशाना बनाया गया है।

खुद बदलें अपनी किस्मत: अल्वी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाकिस्तान के आवाम को अपना भाग्य बदलने की सलाह दी है। यह भाग्य बदलने का काम रीसेट, अल्ट-डेल और रिस्टार्ट करने से होगा। मतलब यह है कि जो हो चुका उसको भूलकर भविष्य में आगे बढ़ने की बात कही गई है। पूर्व राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने जोर देकर कहा कि राजनीतिक मतभेदों के कारण इस देश की यह हालत हुई है।

अमेरिकी संसद में मंदिरों पर हमले व हिंदूफोबिया के विरोध में प्रस्ताव पेश

कांग्रेसी श्रीथानेदार ने रखा प्रस्ताव, अर्थव्यवस्था में हिंदुओं के योगदान की हुई सराहना

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदुओं और हिंदू धर्म के योगदान की सराहना करते हुए प्रमुख भारतीय-अमेरिकी सांसद ने प्रतिनिधि सभा में हिंदू-विरोधी कट्टरता, नफरत और मंदिरों पर हमले के विरोध में प्रस्ताव पेश किया।

यह प्रस्ताव कांग्रेसी श्रीथानेदार द्वारा बुधवार को पेश किया गया, जिसे निगरानी और जवाबदेही को लेकर बनी सदन समिति को भेजा गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका में सकारात्मक योगदान के बावजूद हिंदू अमेरिकियों को अपनी विरासत और प्रतीकों के बारे में दुष्प्रचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें स्कूलों और कॉलेज परिसरों में भेदभाव का सामना करना पड़ता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि एफबीआइ की घृणा अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और हिंदुओं को निशाना बनाने वाले घृणा अपराध सालाना बढ़ रहे हैं। प्रस्ताव में दावा किया गया है कि देश को हर तरह से चाहे अर्थव्यवस्था हो या अन्य क्षेत्र हिंदू अमेरिकियों के योगदान से बहुत लाभ हुआ है। लगभग एक पखवाड़े पहले भारतीय-अमेरिकी राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, अमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने न्याय विभाग को पत्र लिखकर घरों में तोड़फोड़ की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि के संबंध में जांच की स्थिति पर जानकारी देने का अनुरोध किया था।

बता दें, बीते दिनों 29 मार्च को भारतीय अमेरिकी मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, थानेदार, एमी बेरा और प्रमिला जयपाल ने भी न्याय विभाग को पत्र लिखकर हिंदू मंदिरों पर हुए हमलों की घटनाओं की जांच की जानकारी मांगी है। पत्र में कहा गया कि न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमले हुए हैं। जिससे अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय में डर और घबराहट का माहौल है। मंदिरों पर हमले के मामलों में जांच की प्रगति पर भी सांसदों ने नाराजगी जाहिर की और पूछा कि जांच एजेंसियों ऐसे मामलों से निपटने के लिए क्या कर रही हैं।

प्रस्ताव में क्या कहा गया

प्रस्ताव में कहा गया है कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) की घृणा अपराध सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार, मंदिरों और व्यक्तियों को निशाना बनाने वाले हिंदू विरोधी घृणा अपराध हर साल बढ़ रहे हैं जबकि इसके साथ ही अमेरिकी समाज में 'हिंदूफोबिया' (हिंदू विरोधी या हिंदुओं के प्रति घृणा की भावना) दुर्भाग्यपूर्ण रूप से बढ़ रहा है। इसके अनुसार, अमेरिका ने 1900 के बाद से दुनिया के सभी हिस्सों से 40 लाख से अधिक हिंदुओं का स्वागत किया है जिसमें विभिन्न नस्ल, भाषा और जातीय पृष्ठभूमि के हिंदू शामिल हैं। प्रस्ताव के अनुसार, अमेरिका की अर्थव्यवस्था के प्रत्येक आयाम और प्रत्येक उद्योग में हिंदू-अमेरिकियों के योगदान से देश को काफी फायदा हुआ है। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज' के नीति एवं रणनीति प्रमुख खांडेराव कांड ने कहा कि इस साल की पहली तिमाही में श्रद्धालुओं को डराने के लिए अमेरिका में मंदिरों में चोरी के साथ ही तोड़फोड़ की घटनाओं में अचानक वृद्धि हुई है।

एचआईवी ग्रसित पूर्व सैनिक को मिलेगा 1.54 करोड़ हर्जाना

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना के एक सेवानिवृत्त अफसर को वायुसेना की ओर से 1.54 करोड़ रुपये का हर्जाना देने का निर्देश देने संबंधी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। पूर्व सैनिक को वर्ष 2002 में जम्मू-कश्मीर के सांबा सेक्टर में तैनाती के दौरान सैन्य अस्पताल में संक्रमित खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी का संक्रमण हो गया था।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और पीबी वराले की खंडपीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि पिछले साल 26 सितंबर को इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले में कोई भी त्रुटि नजर नहीं आती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सके। खंडपीठ ने विगत तीन अप्रैल के अपने आदेश में कहा कि हमने समीक्षा याचिका का अवलोकन किया है। कमांडिंग अफसर की समीक्षा याचिका में विचार करने योग्य कोई नया आधार नहीं है। 'ऑपरेशन पराक्रम' के दौरान बीमार अधिकारी को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें एक यूनिट खून चढ़ाया गया। 2014 में पता चला कि वह एड्स से पीड़ित हैं। संक्रमित खून चढ़ाने से वो एचआईवी संक्रमित हुए।

चीन से सटी सीमा पर 10 वर्षों में चार गुना बढ़ा रक्षा बजट

पुणे में शुक्रवार को वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में युवाओं से बातचीत करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर।

पुणे, एजेंसी

- जयशंकर बोले- चीन हो या कोई अन्य पड़ोसी, सीमा समाधान एक तरह की चुनौती

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से चीन से सटी सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भारत का बजट काफी बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो चीन से सटी सीमा पर बुनियादी ढांचे का बजट 3,500 करोड़ रुपये था लेकिन आज यह 14 हजार करोड़ से अधिक है। उन्होंने दावा किया कि भारत को 1962 के युद्ध से सबक लेना चाहिए था लेकिन 2014 तक सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास में कोई प्रगति नहीं हुई। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर आयोजित एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत में कहा कि चीन के साथ भारत की 'यथार्थवादी, जमीनी और व्यावहारिक नीति' होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, चीन हमारा पड़ोसी है और चाहे वह चीन हो या कोई अन्य पड़ोसी, सीमा समाधान एक तरह की चुनौती है। मैं यहां इतिहास पर ध्यान देना चाहूंगा क्योंकि अगर हमने इतिहास से सबक नहीं सीखा, तो बार-बार गलतियां करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चीन से सटी सीमा पर नई सुरंगें, सड़कें, पुल बनाए गए हैं, जहां 1962 में चीनी पहुंच गए थे।

मणिपुर में दो पक्षों में गोलीबारी, बदमाशों ने मिल में लगाई आग

इंफाल। मणिपुर में एक बार फिर हिंसक घटनाएं देखने को मिली है। शुक्रवार को ग्रामीण स्वयंसेवक और अज्ञात समूह लोगों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस अज्ञात हमलावारों को खोज रही है। शुक्रवार थौबल जिले के हिरोक गांव के पास कुछ अज्ञात लोगों का समूह, जिनके पास बंदूक थीं, उन्होंने गोलीबारी करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में सशस्त्र ग्रामीण स्वयंसेवकों ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच गांव के एक स्वयंसेवक निंगथौंजम जेम्स सिंह को गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद ने बदमाशों ने मिल में लगाई आग लगा दी, जलकर राख हो गया। पुलिस आस-पास छानबीन कर रही है।

नीलकंठेश्वर का सूखा कंठ

नादिया : ये फोटो पश्चिम बंगला के नादिया जिले की है, जिसमें भगवान शिव के दो अलग-अलग स्वरूपों में एक ने पीले वस्त्र तो दूसरे ने नीलकंठेश्वर का रूप धारण किया है। इससे लग रहा है, भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। सूर्य की तपिश ने नीलकंठेश्वर के भी कंठ को सुखा दिया। ● एजेंसी

हिंद प्रशांत क्षेत्र में मिलकर काम करेंगी भारत-अमेरिकी सेनाएं

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय सेनाओं की क्षमता बढ़ाने पर अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दिया जोर

अमेरिका ने भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाने पर बात की। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय सेना की क्षमताओं को बढ़ाकर दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति का अधिक स्थिर संतुलन बनाए रखने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। वहीं अमेरिका और भारत की सेनाएं अभियान गतिविधियों को तेज कर रहीं हैं।

ऑस्टिन ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्यों को इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय के वार्षिक बजट पर सांसदों की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा- बजट के इस अनुरोध के साथ हम अपनी प्रमुख रक्षा साझेदारी के तहत अमेरिका-भारत संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। रक्षा

सचिव ने कहा, 'हमारी सेनाएं हिंद महासागर में समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त अभ्यास, सूचना-साझाकरण और अन्य परिचालन गतिविधियों में तेजी ला रही हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि अमेरिका-भारत की बढ़ती साझेदारी हमारे सहयोगियों विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता का समर्थन करे।

जबरन वसूली मामले में दाऊद का भतीजा समेत 3 बरी

मुंबई। विशेष अदालत ने शुक्रवार को भगौड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भतीजे और और दो अन्य को बरी कर दिया। इन पर 2019 में जबरन वसूली के मामले में कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

विशेष न्यायाधीश बीडी शेल्के ने गैंगस्टर के भतीजे मोहम्मद रिजवान शेख इब्राहिम (कासकर), अहमदराजा वधारिया और अशफाक टोवलवाला को बरी कर दिया। यह मामला 2019 में बिल्डर को धमकाने पर दर्ज किया गया था। बता दें, बिल्डर ने लगाया था कि जून 2019 में दाऊद के भतीजे रिजवान और अन्य आरोपियों ने पैसा मांगने के लिए बिल्डर को धमकाया था।

केंद्रीय सूचना आयोग ने ईवीएम पर आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- मुख्य सूचना आयुक्त ने आदेश की अनदेखी पर लगाई फटकार, 30 दिन के भीतर दें संतोषजनक जवाब

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने चुनाव आयोग के आरटीआई की एक याचिका का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आरटीआई के तहत चुनाव आयोग से पूछा गया था कि चुनाव के दौरान ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की विश्वसनीयता पर प्रख्यात लोगों की ओर से उठाए गए सवालों के प्रतिनिधित्व के लिए उठाए कदमों पर जवाब मांगा था।

इसे कानून का पूर्ण उल्लंघन बताते हुए सीआईसी ने चुनाव आयोग से 30 दिनों के अंदर लिखित स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया ने चुनाव आयोग के केंद्रीय जनसूचना अधिकारी के इस संबंध में संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर फटकार लगाते हुए कहा कि इस मामले में आदेश की अनदेखी करने वाले सभी अफसरों को सीआईसी के फैसले की प्रति सौंपी जाए और वह बिंदुवार अपना स्पष्टीकरण एक महीने में दें।

पूर्व आईएएस अफसर एमजी देवश्याम समेत एक प्रतिनिधिमंडल ने इलेकॉट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफाइएबिल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और मतगणना की विश्वसनीयता पर उठाए सवालों के प्रतिनिधित्व चुनाव आयोग को 2 मई, 2022 को भेजा था। अब उन्होंने आरटीआई के जरिए पूछा है कि चुनाव आयोग ने इस प्रतिनिधित्व को लेकर क्या कदम उठाए हैं। देवश्याम ने आरटीआई याचिका 22 नवंबर, 2022 को डाली थी।

उपलब्धि घायल जवान को चार घंटे में लद्दाख से पहुंचाया दिल्ली, सेना के रिसर्च रेफरल अस्पताल में की गई सर्जरी

सैनिक के कटे हाथ को वापस जोड़ने में मिली सफलता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना के एक जवान का हाथ मशीन चलाने के दौरान कट गया, जिसके बाद उन्हें रेस्क्यू कर रात में आईएएफ-सी 130 जे के जरिए लद्दाख से नई दिल्ली के अस्पलात में लाया गया। सेना के रिसर्च रेफरल (आर एंड आर) अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई और उनके कटे हुए हाथ को वापस जोड़ दिया गया।

घटना बुधवार की है, उन्हें पहले लेह हवाई अड्डा पहुंचाया गया और फिर वहां से सुपर हर्क्यूल्स ने उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। लेह से दिल्ली तक पहुंचाने में चार घंटे का समय लगा। भारतीय सेना और वायुसेना के बीच के समन्वय के कारण ही उनका ऑपरेशन सही समय पर हो गया। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना का जिक्र किया।

इसके साथ ही उन्होंने घटना से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी शेयर की। भारतीय वायुसेना ने पोस्ट में कहा, मशीन चलाने के दौरान भारतीय सेना के एक जवान का हाथ कट गया। उसे बचाने के लिए छह से आठ घंटे का समय दिया गया था। आईएएफ-सी 130 जे को एक घंटे के भीतर तैयार किया गया और जवान को सही समय पर दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में भेजा गया। भारतीय वायुसेना के एक अधिकारी ने बताया कि रात के समय सेना के जवान को एयरलिफ्ट किया गया। इस दौरान एनवीजी (नाईट विजन गोगल्स) का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल जवान को बचाना हमारे लिए बहुत ही कम समय था, लेकिन फिर वायुसेना की टीम ने होषला बनाए रखा और पर दिल्ली पहुंचने में सफलता पाई

दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में घायल जवान के साथ मौजूद चिकित्सकों की टीम।

चिकित्सकों ने की सर्जरी

वायुसेना ने कहा, रात में एनवीजी पर लद्दाख से अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल जवान को सही समय पर उचित चिकित्सा मिली। मेडिकल टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। वायुसेना के अधिकारी एक्स पर पोस्ट पर कहा है कि, नाईट विजन गोगल्स का इस्तेमाल किया गया था, इसलिए कम समय में दिल्ली पहुंचे।

अंधविश्वास में महिला ने की दुकानदार की हत्या, गिरफ्तार

अंबाला, एजेंसी

- पुलिस के सामने हत्या की बात कबूली, कहा- सपने में देवी मां मांग रहीं थी नरबलि

अंबाला में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। एक महिला ने अपने भाई और बहन के साथ मिलकर दुकानदार की हत्या कर दी। उसने पुलिस के सामने हत्या की बात कबूली और कहा कि उसके सपने में देवी मां आई थीं और वह नरबलि मांग रही थीं। 44 साल के महेश गुप्ता की लाश प्रिया नाम की महिला के घर से बरामद की गई, प्रिया गुप्ता पहले स्टोर पर काम किया करती थी।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि नरबलि के नाम पर उन्होंने दुकानदार की हत्या कर दी। प्रिया ने पुलिस को बताया कि बीते चार-पांच दिनों से उसके सपने में देवी मां आती थीं और नरबलि मांगती थीं। मृतक के भाई ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज करवाई और बताया कि गुप्ता प्रिया को बहन की तरह मानते थे और कभी-कभी सामान डिलीवर करने उसके घर जाया करते थे। बुधवार को भी वह सामान देने गए थे लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटे। काफी समय तक जब गुप्ता घर नहीं लौटे और फोन पर भी जवाब नहीं मिला तो परिवार के लोगों ने पुलिस को जानकारी दी।

बाद में गुप्ता का स्कूटर प्रिया के घर के पास से ही बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पाडव पुलिस स्टेशन के एसएचओ दिलीप कुमार ने कहा कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा और फिर जांच आगे बढ़ाई जाएगी।